सेंसेक्स 72,026.15 ▲ +178.58
डॉलर 83.136 ▼ -0.130

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 14.0 | 16.0 |
| धनबाद | 22.0 | 15.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 15.0 | 23.0 |
| पलामू | 22.0 | 14.0 | 18.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 07 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 330, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▶ परीक्षा पे चर्चा छात्रों को तनाव से मुक्ति का ...8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भारत को मानकों का अग्रणी होना ... 10 ◀ व्यापार

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 78,000

## एक नजर

### मुख्यमंत्री से मिलीं विदेश मंत्रालय की उप सचिव वीणा प्रभा



**रांची।** सीएम हेमंत से शनिवार को विदेश मंत्रालय की उप सचिव वीणा प्रभा तिर्की ने मुलाकात की। वीणा प्रभा झारखंड से हैं और 2014 से भारतीय विदेश सेवा में हैं। उन्होंने अपनी पिछली पोस्टिंग में मॉस्को में भारतीय दूतावास में काम किया है।

### बिरसा मुंडा कारागार के नए जेलर होंगे अंजय श्रीवास्तव



**रांची।** गढ़वा जेल के जेलर अंजय श्रीवास्तव को होटवार जेल का नए जेलर बनाया गया है। जेल से धमकी देने के मामले में होटवार जेल के वर्तमान जेलर प्रमोद कुमार समेत तीन लोगों को शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया गया था। इस संबंध में कारा निरीक्षणालय ने आदेश जारी किया है। अंजय श्रीवास्तव को गढ़वा जेल से शनिवार को विरमित कर दिया गया है।

### हटिया से चलने वाली 2 ट्रेनें दस को रहेंगी रद्द

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनें प्रभावित की गयी हैं। इस संबंध में रांची रेल मंडल की ओर से सूचना जारी की गयी है। इसमें ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा दस जनवरी को आद्रा-हटिया के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 8, 10, 12 और 13 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मूरी होकर चलेगी।

### 40 हजार का इनामी शार्प शूटर हरीश सिंह गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** पुलिस ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह के शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि गैंगस्टर अखिलेश सिंह के मुख्य शूटर हरीश सिंह को पुलिस ने बिहार के पटना से गिरफ्तार किया है। जमशेदपुर पुलिस रविवार को इस पूरे मामले का खुलासा करेगी। हरीश सिंह के खिलाफ झामुमो नेता सह ट्रांसपोर्टर उपेंद्र सिंह की कोर्ट परिसर में हुई हत्या समेत लूट, आर्म्स एक्ट के 12 मामले दर्ज हैं।

### चुनावी वर्ष में तेज दौड़ेगी सरकार की 'नियुक्ति एक्सप्रेस'

# 70 हजार से ज्यादा युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी

**47,000** हजार पदों पर जून महीने तक नियुक्तियां हो जाएगी

**3,120** प्लस टू शिक्षकों की नियुक्ति इसी महीने होने की संभावना

**2,025** पदों पर नियुक्ति के लिए स्नातक संयुक्त परीक्षा 21 और 28 को

**138 जूनियर सिविल जजों, 64 सीडीपीओ, 56 फूड सेफ्टी अफसर, 207 आयुर्वेदिक चिकित्सकों, 137 होम्योपैथिक चिकित्सकों, 43 दंत चिकित्सकों, 26 मेडिकल ऑफिसर्स के पदों पर नियुक्ति प्रकिया जारी**

**1,556 पदों के लिए डिप्लोमा प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया जारी**

**4,919 कांस्टेबल की नियुक्ति के लिए 15 से आवेदन मंगाए गए हैं**

**2,532 पारा मेडिकल स्टॉफ नियुक्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 से**

**863 रिक्तियों को भरने इंटर स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया शुरू**



**444 पदों पर महिला पर्यवेक्षिका नियुक्ति की परीक्षा फरवरी में संभव**

**923 पदों पर नगरपालिका सेवा संवर्ग की नियुक्ति परीक्षा संपन्न**

**930 पदों पर औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारियों के नियुक्ति जून से पहले**

**350 पदों पर नियुक्ति के लिए 11वीं सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चुनावी वर्ष 2024 में झारखंड में सरकारी विभागों में बंपर नियुक्तियों की तैयारी है। सब कुछ ठीक रहा तो राज्य में इस साल 70 हजार से भी ज्यादा युवाओं के हाथों में सरकारी नौकरी का अप्वाइंटमेंट लेटर होगा। फिलहाल जितनी वैकेंसियों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं और परीक्षाओं से लेकर इंटरव्यू तक के शेड्यूल तय किए गए हैं, उसके मुताबिक आगामी जून महीने तक लगभग 47 हजार पदों पर नियुक्तियां हो जाएगी। सबसे ज्यादा नियुक्तियां शिक्षा विभाग में होनी हैं। जेएसएससी ने 26,001 सहायक शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन करीब पांच महीने पहले निकाला था। आरक्षण विवाद को लेकर मामला कोर्ट में गया था। अब कोर्ट की हरी झंडी मिल चुकी है। इसकी परीक्षा इसी महीने में प्रस्तावित है।

राज्य के प्लस टू स्कूलों में 3,120 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया इसी महीने पूरी कर लिए जाने की संभावना है। इसकी परीक्षा हो चुकी है और अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की जांच की प्रक्रिया चल रही है। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2,025 पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड सामान्य स्नातक संयुक्त परीक्षा 21 और 28 जनवरी को होनी है। हालांकि, इस परीक्षा की प्रक्रिया पिछले कई सालों से चल रही है। इसके लिए चार बार आवेदन मंगाए गए और सात बार परीक्षाओं की तारीख तय हुई, लेकिन, अब तक परीक्षा नहीं ली जा सकी है।

इसके अलावा 1,556 पदों के लिए डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया चल रही है। कांस्टेबल के 4,919 पदों पर नियुक्ति के लिए 15 जनवरी से आवेदन मंगाए गए हैं, तो, पारा मेडिकल स्टाफ के 2,532 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन की प्रक्रिया 23 जनवरी से शुरू हो रही है।

झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने इंटरमीडिएट स्तर की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए 863 रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया भी शुरू की है। इसके लिए आवेदन जमा कराए जा चुके हैं।

इसी तरह महिला पर्यवेक्षिका के 444 पदों पर नियुक्ति की परीक्षा फरवरी में ली जा सकती है। झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग में 923 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा ली जा चुकी है और अगले दो महीने में इसका परिणाम घोषित कर दिए जाने की उम्मीद है। औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारियों के 930 पदों पर भी नियुक्ति की प्रक्रिया जून से पहले पूरी करने की तैयारी है।

इस साल 11वीं सिविल सेवा के जरिए 350 पदों पर नियुक्ति के लिए नई नियमावली भी मंजूरी की जा चुकी है। राज्य के विश्वविद्यालयों में वर्ष 2008 के बाद नियुक्तियां नहीं हुई हैं। इस वर्ष 2,404 असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

# अगले तीन दिनों तक कोहरे की चादर में लिपटा रहेगा झारखंड

**दो-तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट संभव**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के सभी जिले कोहरे की चादर में लिपटी हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में शनिवार को भी पूरे दिन बादल छाए रहे और ठंड बरकार रही। अगले तीन दिनों तक ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं मध्यम से घना कोहरा देखा जाएगा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा भी हुई। गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रांची और खूंटी में कहीं-कहीं कोहरा छाया रहा। सबसे अधिक वर्षा 45.4 एमएम सगमा (गढ़वा) में दर्ज किया गया।
सबसे उच्चतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा रिकॉर्ड हुआ जबकि सबसे कम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में ही दर्ज किया गया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले दो-तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद इसके अगले दो दिन में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। रांची में उच्चतम तापमान 20.2, न्यूनतम तापमान 13.6, जमशेदपुर में उच्चतम तापमान 26.5 न्यूनतम तापमान 14.2 और डालटनगंज में उच्चतम तापमान 24.3 और न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण आठ जनवरी को उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ने की आशंका जताई है। पिछले दो तीन दिनों से राज्य के मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।



### पश्चिमोत्तर भारत में अगले दो दिनों तक भीषण ठंड

**नई दिल्ली।** पूरा उत्तर भारत इन दिनों शीत लहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत पश्चिमोत्तर भारत में बहुत ठंड रहने का अनुमान जताया है। सुबह घना कोहरा रहने की संभावना के साथ न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहने की संभावना है। शनिवार को राजस्थान के सीकर में 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में 6-7 जनवरी को दिन में अत्यधिक ठंड रहने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में 6 जनवरी को दिन में अधिकतम ठंड रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 8 से पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजस्थान, एमपी व उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में हिमपात होने की संभावना है। 8-9 जनवरी को राजस्थान व एमपी में ओलावृष्टि होने की संभावना है। दक्षिण भारत के केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश होने की संभावना है। तमिलनाडु में अगले 5 दिनों तक और केरल में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना है।

# राहुल की न्याय यात्रा में शामिल होंगे सीएम हेमंत

**कांग्रेस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मणिपुर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से शुरू हो रही है। कई प्रदेशों से होते हुए यह यात्रा फरवरी के पहले सप्ताह में झारखंड में प्रवेश करेगी। झारखंड में यह यात्रा कोडरमा जिले से प्रवेश करेगी और आठ दिनों में 804 किमी की दूरी तय करेगी। प्रदेश कांग्रेस अभी से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य में ऐतिहासिक बनाने में जुट गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड की 'रेशमी' चमक वाली झांकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर होने वाले परेड में झारखंड की 'रेशमी' कहानी पर आधारित झांकी भी दिखेगी। झारखंड के दुमका में विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले सिल्क के उत्पादन की प्रक्रिया को प्रदर्शित करने वाली झांकी के प्रारूप को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले परेड के लिए झारखंड समेत 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है।



झारखंड सरकार के जनसंपर्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झांकी को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। आगामी 19 जनवरी तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल का कार्यक्रम निर्धारित है। दरअसल, रेशम उत्पादन में पूरे देश में झारखंड की बड़ी हिस्सेदारी रही है। खास तौर पर देश में कुल तसर सिल्क उत्पादन में 76.4 फीसदी हिस्सा झारखंड का है। दुमका में उत्पादित मयूराक्षी ब्रांड के तसर की चमक देश-विदेश में पहुंच रही है। इसे भारत के भविष्य का 'रेशम शहर' (सिल्क सिटी) माना जा रहा है। दुमका के सभी 10 ब्लॉकों में रेशम निर्माण के लिए कोकून का उत्पादन होता है। काठीकुंड, गोपीकांदर, शिकारीपाड़ा, रानीश्वर, मसलिया और सरैयाहाट प्रखंड में गांव-गांव में रेशम के लिए कोकून उत्पादन ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### मंत्री भोक्ता के डिस्चार्ज पीटिशन पर सुनवाई पूरी, फैसला 16 को




**रांची।** कृषि घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री और वर्तमान नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज पिटीशन पर एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया गया। अदालत 16 जनवरी को फैसला सुनाएगी।

# जेल में बंद नक्सली कमांडर भीखन गंझु के इशारे पर हुई कारोबारी अभिषेक की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची में गुरुवार को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव को दिनदहाड़े गोलियों से भून डालने की वारदात का प्लान जेल में रचा गया था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है।

बताया जा रहा है कि जेल में बंद नक्सली कमांडर भीखन गंझू के इशारे पर वारदात अंजाम दी गई। मारे गए कारोबारी के भाई विवेक श्रीवास्तव ने नक्सली संगठन के बलवंत और जयमंगले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।



प्रतिबंधित नक्सली-आपराधिक संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) ने हत्या की जिम्मेदारी ली है। संगठन की दक्षिणी सीमांत जोनल कमेटी की ओर से शनिवार को जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि अभिषेक श्रीवास्तव ने संगठन का पैसा दबा रखा था। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी वह पैसा नहीं लौटा रहा था, इसलिए उसकी हत्या कर दी गई। रिलीज में कहा गया है कि जितने भी लोग टीपीसी संगठन का पैसा दबाए बैठे हुए हैं, वह संगठन का पैसा वापस कर दें। इसके अलावा रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार क्षेत्र में संगठन की इजाजत के बिना ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# 3 साल से एक ही जगह तैनात अधिकारियों के तबादले के निर्देश

**14 के बाद सरकार ऐसे पदाधिकारियों को हटाने की कारवाई प्रंरभ करेगी**

**30 के बाद राज्य सरकार चुनाव आयोग को देगी एक्शन टेकेन रिपोर्ट**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में तीन साल से अधिक समय से जमे अधिकारी और कर्मियों को चुनाव आयोग ने दूसरे जगह पदस्थापित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग के निर्देश के तहत 30 जनवरी तक ऐसे सभी सरकारी सेवकों को हटाया जाएगा। चुनाव आयोग के निर्देश की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा दिए गए निर्देश की जानकारी राज्य सरकार को उपलब्ध करा दी गई है।

भारत निर्वाचन आयोग के इस निर्देश के बाद राज्य सरकार के द्वारा सभी विभागों में तीन वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फिर बदल किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक 14 जनवरी के बाद सरकार के द्वारा ऐसे पदाधिकारियों को हटाने की कारवाई की जायेगी। ऐसे भी चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार 30 जनवरी के बाद सरकार को एक्शन टेकेन रिपोर्ट आयोग को देनी है, इसे ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों के द्वारा ट्रांसफर पोस्टिंग की कवायद शुरू कर दी गई है।

आयोग ने सरकार से यह भी जानकारी मांगी है कि 30 जनवरी के बाद कितने ऐसे पदाधिकारी हैं जो तीन साल से अधिक समय से अभी तक पदस्थापित हैं ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया 12 साल जायदाद से रहे बेखबर तो हो सकते हैं बेदखल



सुनील बादल

***जमीन*** जायदाद से जुड़े कानूनों का अधिकतर लोगों को पता नहीं होता और इसी कारण वे अक्सर बड़ी समस्या में फंस जाते हैं ऐसे ही प्रॉपर्टी पर कब्जे से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताया गया है कि कब्जाधारी किस स्थिति में प्रोपर्टी पर अपने मालिकाना हक का दावा ठोक सकता है। सर्वोच्च अदालत ने आदेश में निजी और सरकारी दोनों प्रॉपर्टी का जिक्र किया है।घर का किराया एक स्थायी आय होती है और इसलिए लोग प्रॉपर्टी में पैसे लगाते हैं। घर, दुकान या जमीन खरीदते हैं। खरीदने के बाद किराए पर भी चढ़ा देते हैं। कई बार मालिक किराए पर दिए अपनी प्रॉपर्टी की सुध नहीं लेते, विदेश चले जाते हैं या देश में रहते हुए केवल अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। उन्हें केवल किराए से मतलब होता है जो हर महीने उनके बैंक खाते में पहुंच जाता है। लेकिन किराए पर देते समय और किराए पर चढ़ाने के बाद भी मालिक को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, नहीं तो प्रॉपर्टी से हाथ धोना पड़ सकता है! अग्रेजों का बनाया एक कानून है- प्रतिकूल कब्जा इसके अनुसार लगातार 12 साल तक रहने के बाद किराएदार उस प्रॉपर्टी पर कब्जे का दावा कर सकता है। लेकिन इसकी कुछ शर्तें भी हैं जैसे- मकान मालिक ने लगातार 12 साल की अवधि में कभी उस कब्जे को लेकर कोई रोक-टोक न की हो। यानी प्रॉपर्टी पर किराएदार का कब्जा लगातार रहा हो। कोई रुकावट नहीं को किराएदार प्रॉपर्टी की डीड, पानी बिल, बिजली बिल जैसी चीजें सबूत के तौर पर पेश कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने जमीन से जुड़े विवाद में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि 12 साल तक जमीन पर जिसका कब्जा होगा, वही अब जमीन का मालिक माना जाएगा।



सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा है कि अगर 12 साल तक उस जमीन पर कोई मालिकाना हक नहीं जताता तो जिसने उस जमीन पर कब्जा किया है, उसे ही उसका मालिक माना जाएगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला निजी जमीन से जुड़ा है सरकारी जमीन पर ये फैसला लागू नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने जमीन को लेकर साल 2014 में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया है। जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने 2014 के फैसले को पलटते हुए कहा कि अगर कोई किसी जमीन पर दावा नहीं करता है और किराएदार 12 साल से लगातार उस जमीन पर रह रहा है तो वो उस जमीन का मालिक बन जाएगा। 2014 में कोर्ट ने कहा था कि प्रतिकूल कब्जे वाला व्यक्ति जमीन पर कब्जे का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट ने ये भी कहा था कि अगर जमीन का मालिक कब्जाधारी से जमीन वापस लेना चाहता है तो कब्जाधारी को वो जमीन वापस करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भारतीय कानून किसी व्यक्ति को 12 साल तक किसी जमीन पर अपना हक जताने का अधिकार देता है। अगर कोई जमीन विवादित है तो व्यक्ति उस पर अपना अधिकार जताते हुए 12 साल के भीतर मुकदमा दायर कर सकता है और अदालत से उसे वापस पा सकता है।

लिमिटेशन एक्ट, 1963 के तहत निजी संपत्ति पर मालिकाना हक का दावा करने का समय 12 साल है, जबकि ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम 13 को चंपारण की धरती से करेंगे लोस चुनाव का शंखनाद



**पटना।** पीएम मोदी 13 जनवरी को एक दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे। वे बिहार के चंपारण की धरती से लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद करेंगे। पीएम मोदी बेतिया में जनसभा को संबोधन करेंगे। पीएम मोदी बेतिया में कई विकास कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पीएम करीब 6 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत से बनी सुगौली में इंडियन ऑयल का शुभारंभ करेंगे। यहां पीएम एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनका यह दौरा लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में एक बड़े चुनावी आगाज के रूप में माना जा रहा है।

**अवैध खनन मामला**

# ईडी ने सीएम के प्रेस सलाहकार सहित तीन को भेजा समन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लगातार जांच कर रही है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार जांच के क्रम में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू सहित तीन लोगों को समन किया है। इनमें 16 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है जबकि 11 जनवरी को साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और 15 जनवरी को विनोद सिंह को पूछताछ के लिए समन किया गया है। इससे पूर्व ईडी की टीम ने तीन जनवरी को साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले को लेकर 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर



## एक नजर

### पूर्व विधायक ने बेड़ो में 16 लोगों के बीच गैस कनेक्शन का किया वितरण



बेड़ो। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने शनिवार को बेड़ो प्रखंड के खुखरा पंचायत के रतन टोली चौक के पास प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के तहत 16 लोगों के बीच गैस कनेक्शन का वितरण किया। मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, भाजपा ग्रामीण जिला रांची एस टी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री राजेश साहू, बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष प्रकाश साहू, खुखरा पंचायत मुखिया जतरू उरांव, उपमुखिया ज्ञानधर सिंह,भाजपा नेता सुखदेव उरांव, रामचंदर साहु, आदित्य ताम्रकार, रामजीत मुंडा व संजय लाल समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच शनिवार भोग का वितरण



**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तालाब श्रद्धालुओं के बीच शनिवार भोग का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा के भगवान को भोग लगाया गया। मुख्य संरक्षक शंकर दुबे द्वारा पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं नें भोग के रूप में खिचड़ी, अचार, चिप्स एवं हलवा ग्रहण किया। वितरण कार्यक्रम में किशोर साहू, रमेश सिंह, शंकर दुबे, संजय सिंह, मुकेश सिंह, सूरज गुप्ता, राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा और समीर नायक शामिल थे।

### ऑटो चालक महासंघ का आज आमसभा में नए पदाधिकारियों का होगा चुनाव

**रांची।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ का वार्षिक आमसभा आज रांची रेलवे स्टेशन के समीप होगा। दिनेश सोनी ने बताया है कि झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ का वार्षिक आमसभा रेलवे स्टेशन ऑटो पार्किंग में दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक होगा। आमसभा में शामिल सदस्य महासंघ के नये पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे। प्रदेश पदाधिकारी, रांची जिला पदाधिकारी एवं महानगर पदाधिकारी की देखरेख में महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को घोषणा की जाएगी। आमसभा में यूनियन के नाम में भी संशोधन किया जा सकता है। दिनेश सोनी ने बताया कि सभी की सहमति बने तो, झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ का नाम झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ में परिवर्तित किया जा सकता है।

### फतेहपुर में आयोजित जतरा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

# फतेहपुर का पुस जतरा सामाजिक एकता और अखंडता की मिसाल : सूरज साहु



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के फतेहपुर में शनिवार को आयोजित पुस जतरा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। जतरा के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुस जतरा आयोजन समिति फतेहपुर के तत्वावधान में आयोजित जतरा के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा। नृत्यांगना रीमा ठाकुर ने अपने नृत्य से लोगों को खूब झुमाया। सीनी सीनी रे... जैसे गीतों पर नृत्य कर रीमा ठाकुर ने लोगों को खूब आकर्षित किया। वहीं कवि किशन,चिंता देवी, कयूम अब्बास, रुपा देवी जैसे लोककलाकारों ने हजारों दर्शकों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जबकि तमन्ना सिंह ने भी खूब तालियां बटोरी। पुस जतरा का विधिवत फीता काट कर बतौर मुख्य अतिथि मुकेश कुमार कश्यप, मुख्य अतिथि मुकेश कुमार कश्यप, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, सापुकेरा पंचायत की मुखिया मुखिया सविता उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम, समिति के संरक्षक राम प्रसाद साहु, गांव के पाहन बुधुवा मुंडा, पाहन बिचो मुंडा सहित समिति के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मुकेश कुमार कश्यप ने कहा कि पुस जतरा हमारी सांस्कृतिक विरासत और पूर्वजों की अनमोल धरोहर है। वहीं मुखिया सविता उरांव ने कहा कि जतरा में आदिवासियों और मूलवासी सदानों की एकता एवं अखंडता ही सफलता का प्रमुख कारण है। पुस जतरा आयोजन समिति के अध्यक्ष सूरज साहु ने कहा कि पुस जतरा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। इस जतरा की खासियत यह है कि जतरा के आयोजन में सभी धर्म और समाज के लोगों की सामूहिक प्रयास है। बगैर किसी भेदभाव के जतरा का आयोजन आज के समय में चुनौती पूर्ण है परन्तु फतेहपुर के ग्रामीणों ने एकजुटता की मिशाल कायम किया है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने खूंटी के एस्ट्रोटर्फ मैदान में खेला अभ्यास मैच



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड आयी भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार को खूंटी पहुंची और शाम को बिरसा कॉलेज स्थित एस्ट्रोटर्फ मैदान में अभ्यास मैच खेला। भारतीय महिला हॉकी टीम में जिले की निक्की प्रधान सहित सभी खिलाड़ी शामिल थे। बिरसा कॉलेज मैदान में भारतीय महिला हॉकी टीम के अभ्यास मैच को देखने के लिए उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्रीकांत विसपुते सहित जिले के हॉकी खिलाड़ी और अन्य खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भारतीय टीम के खिलाड़ियों का उसाहवर्द्धन किया। अभ्यास मैच के पश्चात उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों और टीम के कोच को सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि खूंटी में टीम के अभ्यास से जिले में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी के लिए हर्ष की बात है कि यहां भारतीय टीम प्रैक्टिस के लिए पहुंची है।

## न्यूज बॉक्स

### लोकहित अधिकार पार्टी बुढ़मू प्रखंड कमिटी का गठन आज

**रांची।** रांची लोकसभा अंतर्गत कांके विधानसभा के बुढ़मू प्रखंड में सामाजिक न्याय की लड़ाई को प्रभावशाली बनाने एवं देश स्तरीय सभी स्तर का निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने का संकल्प के साथ सभी वंचित उपेक्षित वर्गों को राजनीति में भागीदारी दिलाने के निहितार्थ सभी गांवों से हर जाति धर्म के लोग, नारी शक्ति,महिला बहनें, बुद्धिजीवी, समाजसेवी ,युवा, किसान एवं जागरूक लोगों से अनुरोध है कि रविवार को पूर्वाहन 12:00 बजे से बुढ़मू प्रखंड के बाड़े पंचायत के नाऊज सरकारी स्कूल पास आदिवासी अखड़ा मैदान में बुढ़मू प्रखंड कमेटी का गठन एवं आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एक अत्यंत कामकाजी बैठक रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम,जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, मुख्य सलाहकार जनक प्रजापति, जिला कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना सिंह, महामंत्री सुनीता उरांव, उपाध्यक्ष सुशीला देवी महतो, मीना देवी महतो ,मंत्री संजय लोहरा,कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर सहित पार्टी के कई गणमान्य नेतागण उपस्थित होंगे।

### जंगली हाथी ने वृद्ध व्यक्ति की ली जान



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बंसिया हुसिरबेड़ा गांव निवासी मलराय मुंडा उम्र 61 वर्ष को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुबह 8:30 बजे अपने घर से 1 किलोमीटर दूर हुसिरबेड़ा बंसिया टुगरी के जंगल में झाड़ी काटने के लिए गया था झाड़ी काटने के क्रम में उसका सामना जंगली हाथी से हो गया परंतु भागने के क्रम में जंगली हाथी के चपेट में आ गया और हाथी ने उसके दाहिने पैर को कुचल डाला जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। मृतक की चार बेटियां हैं जिनकी वह शादी कर चुका है। मौके पर वन विभाग के द्वारा मृतक के पत्नी को तत्काल ?50000 की सहायता राशि दी गई। जानकारी मिलते ही सिल्ली थाना के सहायक अवर निरीक्षक परिमल हेंब्रम एवं महेंद्र बाडा अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स रांची भेज दिया।

### विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**चान्हो।** शनिवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत नौदी तथा रघनाथपुर में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। नवदी में मुस्लिम कब्रिस्तान से दरहा मसना तक पथ मोरमीकरण का शिलान्यास, गंदरू उरांव के घर से स्कूल तक पीसीसी पथ का शिलान्यास, ईसाई कब्रिस्तान की घेराबंदी का शिलान्यास, मूरतो में झखरा स्थल का सुंदरीकरण का शिलान्यास, आर०सी० चर्च के पास दो शौचालय निर्माण का शिलान्यास शामिल है। मौके पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि आज धार्मिक स्थल को जीवंत रखने से आने वाले पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत मिलेगा। आने वाले समाज अपने पूर्वजो के बारे विस्तार से बतला पाएंगे की कैसे पूर्वज लोग इस धार्मिक जगह को संरक्षित किया। उन्होंने झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे भी विस्तार से जानकारी दिया। उसका लाभ ले कर आत्म निर्भर बनने को कहा। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, अजित सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, शिव उरांव अन्य उपस्थित थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मांडर।** प्रखण्ड के सुरसा पंचायत भवन में मुखिया फुलमनी मिंज के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सुरसा पंचायत के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, विधवा, जरूरत मंद लोगों के लिए, निशुल्क स्वास्थ्य जांच,निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु जांच एवं पंजीकरण,भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) एवं दीप्ति आसरा सेवा केन्द्र रांची द्वारा कैंप किया लगाया गया। निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 62 वरिष्ठ नागरिकों के जांच एवं पंजीकरण किया गया। साथ ही मोतियाबिंद जांच,ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर जांच फ्री किया गया। दीप्ति आसरा सेवा केन्द्र रांची के चंद्रमौली पांडेय, झारखंड स्वास्थ्य मिशन रांची के अध्यक्ष संतोष सनी, महावीर आई हॉस्पिटल के जूही कुमारी, दुबराज महतो, मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ पवन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पृथ्वी पर जब जब पाप बढ़ता है, तब तब धर्म की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेते हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज प्रातः 9 बजे गुरु महाराज हवाई मार्ग से विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन रांची पहुंचे जहां उनके शिष्यों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आज शनिवार दिनांक 06 जनवरी 2024 को मंगलाचरण के साथ कथा प्रारंभ कथा का समय अपराहन 2:00 से 5:00 तक श्रीमद् भागवत कथा के यजमान अमिता विशाल, मनीषा मनीष, नम्रता मिलन जालान एवं जालान परिवार के सभी सदस्यों तथा संस्था के सदस्यों ने बड़े प्रेम से श्रीमद् भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की। श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम दिन मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुआ कथा की अमृत वर्षा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने किस श्रवन किया। पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति द्वारा आयोजित चतुर्थ दिवसीय श्री कृष्ण कथा के व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी श्री सदानंद जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण कथा मधुर रस युक्त है बालक युवा एवं वृष सभी को प्रिय लगती है भगवान श्री कृष्ण के यस का श्रवण और कीर्तन दोनों पवित्र करने वाला है वे अपने कथा सुनने वालों के हृदय में आकर विराजमान हो जाते हैं एवं उनके अशुभ वासनाओं को नष्ट कर देते हैं जब अशुभ वासना नष्ट हो जाती है तब पवित्र कृष्ण भगवान श्री कृष्ण के प्रति अस्थाई प्रेम की प्राप्ति होती है हृदय में आप स्वरूप भगवान का साक्षात्कार होते ही हृदय की ग्रंथि टूट जाती है और सारे संदेश स्वयं मिट जाते हैं और कर्म बंधन सुन हो जाता है। मानव को सदा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए अपने से बड़े पुरुषों के प्रति आदर सम्मान छोटों के प्रति दया बराबर वालों के प्रति के साथ मित्रता एवं समस्त जीवो के साथ क्षमता का बर्ताव करने से परमात्मा प्रसन्न होते हैं जिन पुरुषों के कर्म से तैनात ना तो धर्म का संपादन होता है ना वैराग्य उत्पन्न होता है नई भगवान की सेवा संपादन होती है वह पुरुष जीते जी मुर्दे के समान है।

# संत माईकल स्कूल मुरी में क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

संत माईकल +2 स्कूल, मुरी में कक्षा सातवीं से कक्षा ग्यारहवी तक के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिए। विद्यार्थियों को चार समुह में बांटा गया जैसे डॉ बीआर अंबेडकर ग्रुप, डॉ ए.पीजे अब्दुल कलाम ग्रुप, स्वामी विवेकानंद ग्रुप एवम भगत सिंह ग्रुप । प्रत्येक ग्रुप में छः छः विद्यार्थी भाग लिए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विषयो जैसे मैथोलॉजी , करेंट अफेयर्स, साइंस एंड टेक्नोलॉजी,गेम एंड स्पोर्ट्स एवं रैपिड फायर से प्रश्न पूछे गए। सभी प्रतिभागियों के बीच काफी उत्साह का माहोल था एवम सभी ने शत प्रतिशत प्रश्नों के उत्तर देने की कौशिश किए। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली का गठन किया गया था। जिसमें शिक्षका मनीषा सिंह, संयुक्ता सिंह देव , शिक्षक विमल साहु, रमेश गौराई, सुशील कुमार एवम वि वेंकट राव उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार ने कहा की इस तरह के प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास होते हैं तथा आगे भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा में अपने आप को तैयार कर सकते हैं।प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए इस प्रतियोगिता के महत्व बताए और कहा की क्विज प्रतियोगिता विद्यार्थियों के ज्ञान का अनौपचारिक मूल्यांकन होता है और इसमें सभी को भाग लेना चाहिए।इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवम शिक्षकाएं नेहा प्रतिमा, सपना दत्ता, सोमांसी तिवारी, हनी कश्यप, अभिरुप दत्ता, शंकर महतो, ममता गोस्वामी , मंजू कुमारी, वाहिद अली, शेखर कुमार, किशोर कुमार एवम सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### फांसी टूंगरी (रांची पहाड़ी) को आदिवासी समाज को सौंपा जाए : प्रभाकर नाग

**रांची।** शनिवार को वीर बिरसा मुंडा के प्रधान सेनापति सरदार गया मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर फांसी टूंगरी वर्तमान में रांची पहाड़ी मैं उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड आदिवासी विकास समिति के तत्वावधान में वीर बिरसा मुंडा के प्रधान सेनापति, जो 12 सेना नायकों के सेनापति थे एवं जिन्हें बिरसा सेना में सरदार की उपाधि प्राप्त थी सरदार गया मुंडा, उनके पुत्र साड़े मुंडा एवं उनके साथी सुखराम मुंडा सहित अनेक गुमनाम शहीदों को पारंपरिक रीति-विधि से पाहन द्वारा पूजा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं माल्यार्पण कर आदिवासी समाज की ओर से कृतज्ञता अर्पित की गई। इस अवसर पर झारखंड आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा के प्रधान सेनापति सरदार गया मुंडा उनके पुत्र साड़े मुंडा एवं उनके साथी सुखराम मुंडा की शहादत स्थली फांसी टूंगरी वर्तमान में रांची पहाड़ी को उचित देखभाल और संरक्षण संवर्धन हेतु आदिवासी समाज को सौंप देना चाहिए।

# नकटा पहाड़ विकसित होगा पर्यटन स्थल के रूप में जिला योजना समिति ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

प्रखंड के नकटा पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर शनिवार को जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार व जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम ने नकटा पहाड़ का दौरा कर भौगोलिक स्थिति की पूरी जानकारी ली। इस दौरान जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की असीम संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में कैसे बेहतर विकसित किया जाए। इसी को लेकर आज यहां का दौरा कर यहां का जायजा लिया है। और कौन-कौन सी विकास योजनाओं को धरातल पर उतरना हो इसके लिए पूरी टीम के साथ आगे की योजना बनाकर यहां विकसित करने को की पहल की जाएगी। इस मौके पर चान्हो के अंचल अधिकारी संजीव कुमार, अंचल अधिकारी खलारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तेज गति कार ने ट्रक को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी-सिमडेगा रोड पर बाबा आम्रेश्वर धाम के पास देर रात हुई एक तेज रफ्तार कार के ट्रक से टकरा जाने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों का इलाज रिम्स रांची में चल रहा है। मृतकों में तोरपा निवासी रंजीत साहू का पुत्र बिशु साहू उर्फ उमाकांत साहू (20) और पालकोट ग्राह्मण टोली निवासी दीपक हेमरोम शामिल हैं। घायलों में गुमला जिले के पालकोट निवासी रोहित साहू और पुरुषोत्तम साहू शामिल हैं। जानकारी चार युवक अपनी कार से रांची से तोरपा की ओर तेज गति से जा रहे थे। रात लगभग दस बजे बाबा आम्रेश्वर धाम के पास कार एक ट्रक से टकरा गई और चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी तेज गति से तोरपा की ओर जा रही थी। दुर्घटना के बाद चालक समेत सभी चार युवक कार में ही फंस गये थे, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से कार का गेट तोड़कर बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस मंगाकर सदर अस्पताल भेजा गया।

## महिलाओं के स्वाभिमान का प्रतीक है झारखंड का टुसू पर्व

# मकर संक्रांति के अवसर पर मनाया जाता है टुसू पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

झारखंड प्रदेश भारतवर्ष की हृदय स्थली है। पहाडों और घने जंगलों से आच्छादित यह प्रदेश अपने गर्भ में अपार भू सम्पदा को संजोये हुए हैं। यह प्रदेश आर्य-अनार्य संस्कृति का संगम स्थल है। यहां का लोकजीवन शुरू से ही संगीतमय रहा है। इसी प्रकार पर्व-त्योहार के संबंध में भी एक उक्ति प्रचलित है -बारह मासे 24 परब। नृत्य और गीत यहां के लोगों की सांस्कृतिक धरोहर है। कोई ऐसा महीना नहीं, जिसमें कोई न कोई पूजा, अनुष्ठान एवं त्योहार या मेला न लगता हो। जिस प्रकार सम्पूर्ण झारखंड में करमा और सरहुल बड़े उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इससे भी अधिक उमंग के साथ मनाया जाता टुसू पर्व। टुसू पर्व हमारी संस्कृति की पहचान है। एक महीना पहले से टुसू पर्व मनाने की तैयारी शुरू हो जाती है। टुसू मूलतः झारखंड का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं महत्वपूर्ण त्योहारों में एक है। यह पर्व मकर संक्रान्ति के अवसर पर मनाया जाता है। संक्रान्ति का हमारे देश में बड़ा महत्व है। संक्रमण का सामान्य अर्थ है परिवर्तन। प्रकृति में परिवर्तन, मानव-जीवन में परिवर्तन। इस दिन सौरमंडल में एक शाश्वत घटना घटती है। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश ही मकर संक्रान्ति कहलाता है। झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों में भी मकर संक्रान्ति एक पवित्र और शुभ दिन के रूप में मनाया जाता है, लेकिन झारखंड में मकर संक्रान्ति पूजा या पुण्य रूप में नहीं, बल्कि एक उत्सव के रूप में मनायी जाती है। **मकर संक्रांति के दिन गांव के लोग प्रातः** उठकर नहा-धोकर पूजा करते हैं। लकड़ी, बांस, सुखी घास आदि को जमा कर उन पर आग लगायी जाती है और उसके चारों और पारम्परिक नृत्य किये जाते हैं। इस अवसर पर सांढ़ों की लड़ाई तथा मुर्गा लड़ाई की पुरानी परंपरा रही है। हिमाचल प्रदेश में मकर संक्रान्ति को माघ साजी कहा जाता है। इस दिल लोग नदियों में नहाते एवं डुबकियां लगाते हैं। इस अवसर पर खाने के लिए विशेष रूप से खिचड़ी बनायी जाती है, जिसे घी के साथ खाया जाता है। ओडिशा में इसे संक्रान्ति कहा जाता है। इस अवसर पर विशेष पकवान के रूप में मकरा-चावल, रसगुल्ला, लाई तथा छेना पुड़ी आदि बनाये जाते हैं। वे अपना पारम्परिक नृत्य करते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे पुस संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है और विशेष रूप से खजूर गुड़ तैयार किया जाता है तथा पटाली पीठा बनाया जाता है। वहां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। दिल्ली तथा हरियाणा में इसे सकरात या संक्रान्ति कहा जाता है। यहां विशेष पकवान में चुरमा बनाये जाते हैं। इन दिनों विवाहित स्त्रियों के भाई अपनी बहन के लिए उपहार लाते हैं। उत्तराखंड, कुमाऊं में इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। यहां पर लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। पकवान में खिचड़ी बनाई जाती है।

### क्लब मैनेजिंग कमेटी की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**रांची।** वरिष्ठ संपादक पद्मश्री बलबीर दत्त की अध्यक्षता वाली 25 सदस्यीय मार्गदर्शक मंडल के नेतृत्व में रांची प्रेस क्लब पत्रकार हितों का एक नया अध्याय लिखेगा। यह निर्णय आज 06 जनवरी शनिवार को सुरेन्द्र लाल सोरेन की अध्यक्षता में राँची प्रेस क्लब की मैनेजिंग कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में सुरेंद्र लाल सोरेन की अध्यक्षता में बाइलॉज रिव्यू कमेटी, वरिष्ठ खेल पत्रकार चंचल भट्टाचार्य की अध्यक्षता में स्पोर्ट्स कमेटी, करबी दत्ता की अध्यक्षता में विमेंस वेलफेयर कमेटी और सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में हेल्थ कमेटी गठित की गई। राँची प्रेस क्लब के बाइलॉज की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। सुरेंद्र लाल सोरेन की अध्यक्षता वाली रिव्यू कमेटी में हरिनारायण सिंह, दिलीप श्रीवास्तव निलू, दिवाकर प्रसाद, ब्रजेश राय, शंभुनाथ चौधरी, श्रीमती रेखा पाठक और अमरकान्त सदस्य होंगे।


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला शस्त्र शाखा)

आदेश

लोक सभा चुनाव–2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र नियमावली–2016 के नियम–63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त–9 एवं 14 के तहत् खूँटी जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना आवश्यक है।

अतः शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति/शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित थाना/प्रखण्ड क्षेत्र के लिए दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया जाता है। संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने थाना/ओ0पी0 क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित करते हुए उनके अनुज्ञप्ति एवं उस पर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनके शस्त्र किसी थाना/दुकान आदि मे पूर्व में जमा हो तो शस्त्र जमा करने संबंधी कागजात प्रस्तुत करेंगे साथ ही वैसे अनुज्ञप्तिधारी जो जमानत पर है अथवा जिनका अपराधिक इतिहास रहा हो अथवा गत चुनाव दंगे वगैरह फैलाने में संलिप्ता रहा हो वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों दिनांक 20.01.2024 तक किसी लाईसेंसी दुकान/संबंधी थाना में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इसे संबंधित थाना प्रभारी जिला खूँटी सुनिश्चित करेंगे। अंचल एवं थानावार शस्त्र सत्यापन की तिथि एवं स्थान निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाता है।

| क्र0 | दण्डाधिकारी का नाम/ पदनाम | थाना/प्रखण्ड क्षेत्र | शस्त्र सत्यापन का स्थान | शस्त्र सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | श्रीमती जयाशंखी मुर्मु, अंचल अधिकारी, खूँटी | 1 खूँटी थाना | खूँटी थाना | 13.01.2024 एवं 19.01.2024 |
| | | 2 मरंगहादा थाना | मरंगहादा थाना | 16.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| | श्रीमती बंदना भारती, अंचल अधिकारी, कर्रा | 1 कर्रा थाना | कर्रा थाना | 13.01.2024 एवं 19.01.2024 |
| | | 2 जरियागढ़ थाना | जरियागढ़ थाना | 16.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| | श्री सचिदानदं कुमार वर्मा, अंचल अधिकारी, तोरपा | 1 तोरपा थाना | तोरपा थाना | 13.01.2024 एवं 19.01.2024 |
| | | 2 तपकरा थाना | तपकरा थाना | 16.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| | श्री विजय नाथ मिश्रा कार्यपालक दण्डाधिकारी, खूँटी | 1 मुरहू थाना | मुरहू थाना | 13.01.2024 एवं 19.01.2024 |
| | | 2 सायको थाना | सायको थाना | 16.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| | श्री प्रशांत डांग, अंचल अधिकारी, रनियाँ | 1 रनियाँ थाना | रनियाँ थाना | 13.01.2024 एवं 19.01.2024 |
| | श्री गणेश महतो, अंचल अधिकारी, अड़की | 2 अड़की थाना | अड़की थाना | 13.01.2024 एवं 19.01.2024 |

उपरोक्त प्राधिकृत सभी दण्डाधिकारी संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि तक करते हुए संयुक्त हस्ताक्षर से सत्यापन प्रतिवेदन दिनांक–24.01.2024 तक इस कार्यालय को निम्नांकित विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि संयुक्त प्रतिवेदन के अनुसार अनुज्ञप्तिधारियों का अनुज्ञप्ति नवीकरण किया जा सके।

| क्र0 | शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | शस्त्र अनुज्ञप्ति कब तक नवीनीकृत है। | शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या एवं UIN No | धारित शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | धारित शस्त्र को अंतिम रूप से किस वर्ष सत्यापित किया गया। |
|---|---|---|---|---|---|

शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11.00 बजे से 4.00 बजे अपराह्न तक किया जाय। निर्धारित तिथि तक सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम/नियमावली के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
उपायुक्त,खूँटी

PR 315312 (District)23-24*D

## राजधानी के डेली मार्केट की दुर्दशा

# सड़े गले फल-सब्जी, मुर्गा और मछली की दुर्गंध से सभी परेशान



**सप्ताह में एक दिन ही आती है निगम की कचड़ा गाड़ी**

अमित कुमार

**रांची। राजधानी के मुख्य बाजार एमजी रोड (मेन रोड) में घनी आबादी के बीच सब्जियों व फलों की सबसे पुरानी मंडी डेली मार्केट में थोक व खुदरा सब्जी और फल के कारोबारी दुकानें लगाते है। पुराना और सबसे बड़ा मार्केट होने की वजह से यहां हर समय खरीदारों की भीड़ होती है, मंडी बड़ी है तो कचरा काफी निकलता है। फल-सब्जी विक्रेता पेट की खातिर मजबूरी में गंदगी के बीच ही किसी तरह बैठ कर अपनी सब्जी बेच रहे हैं। खरीदार मुंह पर रुमाल या कपड़ा रख कर खरीदारी करने पहुंच रहे हैं, मार्केट में कचरा पसरा हुआ है। तीखी बदबू से दुकानदार-खरीदार दोनों परेशान। दुकानदारों का कहना है कि करीब सात दिनों से कचरे का उठाव नहीं होने के कारण मार्केट गंदगी से बजबजा रही है, हर दिन निगम के सफाईकर्मियों का इंतजार करते हैं।**

### कचरे पर भिनभिनाती रहती हैं मक्खियां, बीमारी फैलने का है खतरा

मार्केट की हालत खराब है। जगह-जगह जमा कचरे के अंबार से दुर्गंध ने परेशानी बढ़ा दी है। पिछले दिनों के हल्की बारिश से पूरा मार्केट में गंदा-काला, मटमैला पानी पसर हुआ है। कचरे के ढेर पर माखियां भनभना रही है। दुकानदारों का कहना है कि न तो नियमित कचरे की सफाई होती है, न ब्लीचिंग पाउडर या दवाओं का छिड़काव ही होता है। इस मौसम में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप है, वहीं दूसरी ओर मार्केट में सफाई नहीं हो रही है। इससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

### बाजार से नगर निगम को मिलता हैं सात लाख रुपये का राजस्व

प्रत्येक सब्जी विक्रेता से नगर निगम प्रत्येक बोरे पर 10 रुपये का टैक्स वसूलता है। मंडी के अंदर बाहर मिला कर कुल 300 से अधिक थोक व खुदरा विक्रेता हैं और प्रत्येक विक्रेता के पास कम से कम पांच से सात बोरी होती है. ऐसे में निगम कुल 7 लाख का मासूल प्रत्येक माह वसूलता है।

### गंदगी से हो रही है परेशानी: सोनू कुमार



विक्रेता सोनू कुमार ने कहा कि गंदगी के कारण परेशानी हो रही है, गंदगी व मार्केट में कीचड़ की वजह से खरीदार भी कम आ रहे हैं, इससे बिक्री पर भी असर पड़ रहा है. नगर निगम कचरे का उठाव नहीं कर रहा है, गंदगी बढ़ने से बीमारी फैलने का भी खतरा बना रहता है।

### कचरे के पास बेचते हैं सब्जियां: अर्जुन



सब्जी विक्रेता अर्जुन साहू ने कहा कि घर-परिवार चलाने के लिए शुरू से सब्जी की दुकान डेली मार्केट में ही लगाते रहे हैं। परिस्थिति चाहे जैसी भी हो काम तो करना ही पड़ता है। मजबूरी में कचरे के ढेर के पास ही दुकान लगा कर सब्जियां बेचना मजबूरी है।

### इस मंडी में खरीदारी संभव नहीं : दिनेश



दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि सब्जी खरीदने के लिए मंडी के अंदर जाने का हिम्मत नहीं होता। अंदर काफी गंदगी है। जगह-जगह कचरे का अंबार लगा है. पिछले दिनों की हल्की बारिश के बाद को अंदर गंदगी भर गई है। निगम को टैक्स मिलने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं है।

### सफाई पर ध्यान देने की जरूरत: विनोद




मार्केट के कचरे में सड़े फल-सब्जियां, मुर्गा-मछली के अवशेष का ढेर लगा रहता है। नगर निगम को सफाई पर ध्यान देने की जरूरत है। कचरों की नियमित रूप से सफाई होती रहे, तो बिक्री काफी बढ़ जाएगी।

## श्याम भंडारे में यजमान बने डॉ. हेमंत नारायण व डॉ. गीता

**रांची।** हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 94 वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किस्या गया। इस आयोजन में श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान डॉ हेमंत नारायण, डॉ गीता कुमारी और उनके परिवार ने भाग लिया। मौके पर खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की गई।

पूरे परिवार ने खाटूनरेश को भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग को सभी परिवार जनों ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर आचार्यों को खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मालूम हो कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाता है। 94 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में गर्म-गर्म घेवर, गुड़ तिलकुट रेवड़ी, वेजिटेबल मसाला खिचड़ी, आलू टमाटर का चौखा, आलू चिप्स टॉफी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से भर गया। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई । खाटूनरेश की जयकरों व जय घोष से संपूर्ण छेत्र गूंजने लगा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच डॉ हेमंत नारायण एवम परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 2600 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया।

## रांची के बड़ा तालाब से युवक का शव मिला



मृतक लोरेन आरिफ

**रांची।** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब से एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा, इसके बाद पुलिस को जानकारी दी। तालाब से शव मिलने की सूचना पर तालाब के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। शव की शिनाख्त लोरेन आरिफ (25) के रूप में हुई है। वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित शाह बाग निवासी अकरम आरिफ का पुत्र था। वह एक जनवरी को घर से निकला था। इस संबंध में सुखदेव नगर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के क्रम में पुलिस को युवक का बड़ा तालाब के पास सीसीटीवी फुटेज मिला था। पुलिस ने आसपास और तालाब में भी युवक की तलाश की थी लेकिन वह नहीं मिला था। शनिवार को उसका शव बरामद किया गया। डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोए ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### अपराध नियंत्रण और वाहन चेकिंग के लिए अतिरिक्त बलों की हुई तैनाती

रांची। राजधानी रांची में अपराध नियंत्रण और वाहन चेकिंग को लेकर लगभग 200 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। इसके अलावा पुलिस की ओर से जगह-जगह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही रांची के संवेदनशील स्थान और पूरे शहर की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जा रही है। एसएसपी ने शनिवार को बताया कि अपराध नियंत्रण और वाहन चेकिंग करने के लिए अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है।

## सीसीएल के ठेका कर्मियों का मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की ओर से सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के समक्ष ठेका कर्मियों ने प्रदर्शन किया। कर्मियों ने अपनी 17 सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे थे। धरना प्रदर्शन कर रहे ठेका कर्मी यूनियनों का कहना है कि विगत कई महीनों से अपनी मांगों को लेकर सीसीएल मुख्यालय से आग्रह किया जा रहा है। इसके बावजूद प्रबंधन हमारी मांगों पर गंभीर नहीं है। बार बार के आग्रह के बाद भी हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। जिस कारण प्रबंधन के संज्ञान में मांगें लाने और अधिकारियों को नींद से जगाने के लिए हमलोगों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। कर्मियों ने बताया कि सीसीएल मुख्यालय में कार्यरत कर्मी को निर्धारित समय में वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। जिस कारण हर माह परेशानी होती है। इसके अलावा हमे वेतन पर्ची भी नहीं दिया गया है। जिसकी मांग हमलोग लगातार कर रहे है। लेकिन सीसीएल के वरीय पदाधिकारी हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे है। जिस कारण शनिवार को प्रदर्शन और नारेबाजी का सहारा लेना पड़ा। ठेका कर्मियों की मांगों में मुख्यालय में कार्यरत कर्मियों को वेतन पर्ची दिया जाए, वेतन का भुगतान हर महीने 5 से 10 तारीख तक सुनिश्चित किया जाय, बीमा और चिकित्सा सुविधा सहित अन्य मांगें शामिल है।

### प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन को किया गया सम्मानित



**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच की ओर से रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन का स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ और झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता नीरज भट्ट ने सुरेंद्र सोरेन को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय सर्राफ ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन एवं पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस टीम से प्रेस क्लब को एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2 वर्ष के कार्यकाल में प्रेस क्लब और अधिक सुदृढ़ एवं समृद्ध बनकर सामाजिक एवं जन सेवा के कार्यों में भी तेजी से कार्य करेगी। सुरेंद्र सोरेन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रेस क्लब सभी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेगा।

### होपवेल अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से मरीज का सफल ऑपरेशन



**रांची।** होपवेल अस्पताल के सर्जन डॉ. शाहबाज आलम एवं उनकी टीम द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में उपलब्धी हासिल की है। रांची में पहली बार कोलेडोकल सिस्ट (टाइप वन, लीवर के नीचे वाले भाग में सूजन व संक्रमण) से पीड़ित एक मरीज की सफल सर्जरी रू एंड वाई हेपाटिकोजेजुनोस्टोमी विधि द्वारा की गई। इस संबंध में डॉ. शाहबाज आलम ने बताया कि गोमिया निवासी 45 वर्षीय महिला सरस्वती देवी अपच, पेट में दर्द और गॉलब्लैडर में पथरी की शिकायत लेकर उनके पास पहुंची थी। इसके पूर्व वह अन्य अस्पतालों के चिकित्सकों से भी संपर्क की थी। चिकित्सकों ने इन्हें ओपन सर्जरी करने की सलाह दी थी। इस बीच मरीज के परिजनों को होपवेल अस्पताल के संचालक डॉक्टर शाहबाज आलम के पास संपर्क करने की सलाह दी गई। मरीज को जौंडिस, फीवर एवं पेट दर्द की शिकायत थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए ओपन सर्जरी द्वारा भी शल्य चिकित्सा की जा सकती है।

## आदि शक्ति श्री जीण माता की निकली भव्य शोभायात्रा

**राजस्थान से आये लोक कलाकारों ने बिखेरी अदभुत छटा**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदि शक्ति श्री जीण माता प्रचार समिति का भव्य शोभायात्रा के साथ दो दिवसीय 14 वां वार्षिकोत्सव शुरू हो गया। शोभायात्रा में राजस्थान के लोक कलाकारों ने अदभुत छटा बिखेरी। दोपहर बाद अपर बाजार के लक्ष्मी नारायण मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो वंशीधर अडुकिया लेन, बड़ा लाल स्ट्रीट, रांची एक्सप्रेस गली, साबू रिक्शा चौक, जैन मंदिर, सरस्वती मार्केट, शहीद चौक, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, चुरूवाला रोड, कार्ट सराय रोड, शनि मंदिर और हरमू रोड होते हुए मारवाड़ी भवन पहुंची। शोभायात्रा में 501 महिलाएं, पुरुष और युवतियॉ जीण निशान लेकर चल रहे थे। जीण धाम से पधारे आनंद पाराशर एवं कोलकत्ता से आए पारस बरडिया ने अपनों भजनों से गंगा की लहर बरसा दी। शोभयात्रा में चले रहे जीण निशानों का अग्रवाल सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, जिला मारवाड़ी सम्मेलन, भारतीय युवक संघ, जैन सभा, गौशाला सेवा संस्थान द्वारा पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व सहयोगी संस्था मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने किया। आदि शक्ति श्री जीण माता प्रचार समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि रविवार सात जनवरी को सुबह 10 बजे आदि शक्ति श्री जीण माता का महाभिषेक होगा।

## उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग की चल रही व प्रस्तावित योजनाओं का किया निरीक्षण

### डीसी ने कार्य जल्द पूरा करने का संबंधित अधिकारियों को दिया गया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रांची में पथ निर्माण विभाग की चल रही एवं प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने शनिवार को बरियातु एमडीआर-004 पर लेम-बड़गाई-बोडेया पथ जिसकी कुल लंबाई-3.750 किमी है। इस सड़क की चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उपायुक्त ने नेवरी विकास विद्यालय से बूटी मोड़ होते हुए कोकर चौक से कांटाटोली चौक से नामकुम आरओबी तक कुल 15.214 किमी लंबी सड़क के चार लेन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने सहित कई निर्देश दिया।

### पंडरा से कांके होलिडे होम तक फोर लेन का लिया जायजा



उपायुक्त ने पंडरा में एनएच-75 पर कांके होलिडे होम एसएच-02 पर बन रहे फोर लेन के पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस सड़क की कुल लंबाई-5.545 किमी है, इसका पुनर्निर्माण पुल निर्माण सहित किया जा रहा है। उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग के संबंधित अभियंता के साथ कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की प्रगति एवं आ रही बाधा के संबंध में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मो ईसराइल मंसूरी एवं संबंधित सहायक अभियंता कनीय अभियंता तथा संवेदक से जानकारी ली गई। जिसमें कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि लेम बड़गाई पथ के निर्माण के लिए वांछित भूमि अधिग्रहण करने के लिए जिला भू-अर्जन को आवश्यक राशि उपलब्ध करा दी गई है। जिसपर पर उपायुक्त रांची द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को वांछित भूमि पथ निर्माण विभाग को हस्तानान्तरित करने के लिए निर्देशित किया गया।

### हेहल सड़क चौड़ीकरण जल्द पूरा करें

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने हेहल रोड सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने बगीचा टोली हेहल रोड और नया दीपाटोली के पास चौड़ीकरण कार्य में आ रही समस्या की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को सड़क चौड़ीकरण कार्य में आ रही बाधा को दूर कर जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

### जलापूर्ति व विद्युत युटिलिटी शिफ्टिंग पर दिये निर्देश

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जलापूर्ति पाईप लाईन व पाईप लाईन का चेम्बर एवं विद्युत युटिलिटी शिफ्टिंग अब तक लंबित रहने की जानकारी संबंधित अधिकारी से लेते हुए निर्देश दिया कि जलापूर्ति पाईप लाईन शिफ्टिंग के लिए जलापूर्ति विभाग के संबंधित कार्यपालक अभियंता अग्रेतर कार्रवाई करे। विद्युत युटिलिटी शिफ्टिंग जल्द से जल्द कराने के लिए कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, रांची को निर्देश दिया गया।

### डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में भगवान श्रीराम पर पेंटिंग प्रतियोगिता



**रांची।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर सामाजिक संस्था क्राउंड लायंस एव रिलेशनस कि ओर से डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल हेहल में पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 5 के 301 बच्चों ने प्रभु श्री राम की अद्भुत चित्र बनाई। बच्चों ने विधिवत रूप से प्रभु श्री राम के मनमोहक रूप को अपने ड्राइंग शीट में उतारा। सभी ने प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। बच्चों के बीच प्रभु राम जी के जीवन पर क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। मुख्य के अतिथि स्कूल की प्राचार्या रोजी वाधवानी, विशिष्ठ अथिति शुभम चौधरी, सचिव मनप्रीत सिंह छाबड़ा, रिलेशनस के निर्देशक आशुतोष द्विवेदी और राजीव रंजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूल के कल्चरल इंचार्ज सुस्मिता मुखर्जी, श्रावणी तिवारी, सैफाली मलहोत्रा, सोनी कुमारी का सहयोग रहा।

### प्रशिक्षु शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली का किया शैक्षिक भ्रमण




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड व डीएलएड प्रशिक्षु शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु का अवलोकन किया। प्रशिक्षु शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात किया। बिरसा मुंडा के पोते सुखराम मुंडा ने विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के बचपन और उनकी वीरता की कहानी सुनाया। मौके पर आसपास के ग्रामीणों को सांस्कृतिक लोक नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। संस्थान की उप निदेशिका डॉ अदिति प्रसाद ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से युवाओं को सीख लेने का सुझाव दिया। मौके पर डॉ अनीता मिश्रा, शोभा सिंह, ललित नारायण प्रसाद, आर डी शुक्ला, रंजीत प्रसाद, खुशबू कुमारी तथा भावना झा सहित अन्य व्याख्याता उपस्थित थे।

### रांची, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह और कोडरमा के हैं जायरीन

## रांची एयरपोर्ट से 90 लोग हज के लिए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप गिरिडीह पिछले 13 वर्षो से हज उमराह करा रही है। आज 90 जायरीन को उमराह के लिए रांची से जद्दा बाई फ्लाइट रवाना हुए। इस मौके पर बोलते हुए मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि आज 90 लोगों का जत्था रांची से जा रहा है। एक के बाद एक हज और उमरा करो, क्योंकि ये दोनों गरीबी और गुनाहों को उसी तरह दूर हटाता हैं जैसे जलती भट्टी लोहे से जंग को हटा देती है। मौलाना ने कहा की मुझे काम करने पर यकीन है। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन रांची, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह और कोडरमा के हैं। मेरा यह काम करने का मकसद झारखंड के मुसलमानो के खिदमते खल्क करना है। मक्का में 500 मीटर की दूरी पर और मदीना में 600 मीटर की दूरी पर ठहराया जाएगा। और सभी जायरीन को मक्का और मदीना की सभी जगह की जियारत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन को बस की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। सभी जायरीन को भारतीय भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। यह जत्था मौलाना जौहर मजाहिरी के नेतृत्व में जा रहा है। वहीं मौलाना मोहम्मद जौहर मजाहिरी ने कहा कि इसी महीना 24 जनवरी को रांची से फ्लाइट के द्वारा 45 जायरीन का जत्था जाएगा। इस जत्थे में झारखंड के बड़े-बड़े उलेमा उमराह पर जा रहे हैं। 65 हजार में दिल्ली टू दिल्ली और 72 हजार में रांची टू रांची है। आज के जत्थे को फखरे झारखंड अमीर शरीयत व शैखुल हदीस हजरत मुफ्ती नजरे तौहीद चतरा की दुआ के बाद रवाना हुआ। उमरा में जाने वालों में जमीयत उलेमा गिरिडीह के अध्यक्ष मौलाना अकरम, जमीयत उलेमा गिरिडीह के सचिव मौलाना रुस्तम, मुफ्ती गुलाम रसूल, मुफ्ती सैफुल्लाह धनबाद, मौलाना मंसूर मदनी हैं। इस मौके पर फातिमा गर्ल्स अकेडमी इटकी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी, फातिमा गर्ल्स अकेडमी के प्रिंसिपल तबस्सुम फातिमा, मौलाना मंजूर इटकी, आदि उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा के प्रधान सेनापति गया मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को वीर बिरसा मुंडा के प्रधान सेनापति सरदार गया मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर फांसी टूंगरी वर्तमान में रांची पहाड़ी मैं उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड आदिवासी विकास समिति के तत्वावधान में वीर बिरसा मुंडा के प्रधान सेनापति, जो 12 सेना नायकों के सेनापति थे एवं जिन्हें बिरसा सेना में सरदार की उपाधि प्राप्त थी सरदार गया मुंडा, उनके पुत्र साड़े मुंडा एवं उनके साथी सुखराम मुंडा सहित अनेक गुमनाम शहीदों को पारंपरिक रीति-विधि से पाहन द्वारा पूजा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं माल्यार्पण कर आदिवासी समाज की ओर से कृतज्ञता अर्पित की गई। इस अवसर पर झारखंड आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा के प्रधान सेनापति सरदार गया मुंडा उनके पुत्र साड़े मुंडा एवं उनके साथी सुखराम मुंडा की शहादत स्थली फांसी टूंगरी वर्तमान में रांची पहाड़ी को उचित देखभाल और संरक्षण संवर्धन हेतु आदिवासी समाज को सौंप देना चाहिए। श्री नाग ने उनकी जीवनी बताते हुए कहा कि सरदार गया मुंडा का जन्म 1859 को हुआ था इनका पैतृक गांव खूंटी का ऐटकाडीह था। तजना नदी का किनारा एवं घनघोर वन आच्छादित इलाका होने की वजह से अक्सर इनका सामना बाघ-भालू जैसे हिंसक जानवरों से हो जाया करता था। जिसका निरंतर सामना करने की वजह से उनकी वीरता और ख्याति दूर-दूर तक फैल चुकी थी।

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गयी प्रभातफेरी



**रांची।** सिख पंथ के दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी कृष्णा नगर कॉलोनी में निकाली गयी। प्रभातफेरी सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर चंदन अरोड़ा, अर्जुन देव मिढा की गली होते हुए गुरूद्वारा श्री गुरू तेग बहादर साहिब पहुंची। वहां से हरगोबिन्द सिंह, जीवन दास मिढा की गलियों से होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंचकर सुबह 7.45 बजे विसर्जित हो गई। प्रभातफेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर और रेशमा गिरधर ने इन्हीं की किरपा से सजे हम हैं, मो से गरीब करोर पड़े हैं...। कर किरपा तेरे गुण गांवां.... तथा तुझ बिन पारब्रह्म नहीं कोए तुमरी कृपा ते सदा सुख होए.... जैसे कई शबद गायन करते हुए कॉलोनी की गलियों को गोबिंदमय कर दिया।

## कांग्रेस का 10, झामुमो का 8, राजद का चार सीटों पर है दांव

# राज्य में सीटों के बंटवारे पर सर्वमान्य फॉमूर्ला बनाना 'इंडिया' के लिए चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड में तीन पार्टियों जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार चल रही है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सीटों पर अपने दावे को लेकर औपचारिक मंथन शुरू कर दिया है। राज्य सरकार में कांग्रेस के वरीष्ठ मंत्री आलमगीर आलम ने दावा किया है कि सीट बंटवारे में कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन वस्तु स्थिति का आकलन करें तो झारखंड में सीट बंटवारा इंडिया के लिए बड़ी चुनौती सिद्ध होने वाली है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया की छतरी के नीचे आते ही राज्य में पार्टनर पार्टियों की संख्या तीन से बढ़कर छह हो जाएगी। जेएमएम, कांग्रेस और राजद के अलावा जेडीयू, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) की ओर से सीटों को लेकर दावेदारियां सामने आ चुकी हैं। राज्य में सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर ये पार्टियां अब तक बातचीत की मेज पर नहीं पहुंची हैं और न ही कोई तारीख

### अभी तक इस मुद्दे को लेकर घटक दलों की कोई बैठक नहीं हुई



तय हुई है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर सीटों के बंटवारे पर अगले 15-20 दिनों तक बातचीत की संभावना भी कम ही लगती है।

2-3 जनवरी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची में थे। उन्होंने कांग्रेस विधायक दल और पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक की, जिसमें राज्य में लोकसभा सीटों के लिए दावेदारी पर चर्चा हुई।

इसके बाद 4 जनवरी को नई दिल्ली में इस मुद्दे पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से बुलाई गई बैठक में झारखंड से कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शिरकत की। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में तय हुआ कि पार्टी झारखंड की 14 में से 10 लोकसभा सीटों पर दावेदारी करेगी। कांग्रेस का मानना है कि झामुमो को प्रदेश की सत्ता में अगुवाई सौंपी गयी है और हेमंत सोरेन की लीडरशिप स्वीकार की गई है, तो बदले में राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की स्वाभाविक तौर पर बड़ी हिस्सेदारी बनती है।

### सीट बंटवारे में कोई दिक्कत नहीं : आलमगीर आलम

दिल्ली की बैठक से लौटने के बाद प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि झारखंड में लोकसभा सीटों के बंटवारे में कोई दिक्कत है। बगैर किसी विवाद के समय पर सब कुछ तय हो जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर दावेदारी ठोंकी है। बीते 19 दिसंबर को नई दिल्ली में इंडिया के घटक दलों की बैठक में पार्टी की ओर से सांसद विजय हांसदा, महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने शिरकत की थी और उन्होंने सीटों की दावेदारी पर अपनी बात रखी थी। राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पार्टी राज्य में चार लोकसभा सीटों पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा पर चुनाव लड़ना चाहती है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी 5वें मेघालय गेम्स का उद्घाटन

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले के तुरा में 15 से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले 5वें मेघालय गेम्स का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इसका आयोजन पहली बार तूरा में किया जा रहा है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने शनिवार को राष्ट्रपति के कार्यक्रम की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की उपस्थिति राज्य के युवाओं को प्रोत्साहित करेगी। उल्लेखनीय है कि इस गेम्स में तीन हजार एथलीट 22 तरह के खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें पहली बार खासी, जयंतिया और गारो जनजातियों के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने इन खेलों के लिए 23 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया है। इस गेम्स के लिए प्रायः सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### रामलखन सिंह यादव कॉलेज में एनसीसी कैडेटों ने की सफाई

**रांची।** तीन झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर के आदेश पर 2 व 3 कंपनी रामलखन सिंह यादव कॉलेज की विभागाध्यक्ष एएनओ डॉ भावना कुमारी, प्रधानाचार्य जेपी सिंह, प्रधान सहायक सुनील कुमार, एनसीसी कैडेट सिनियर अंडर अफसर सूरज कुमार शर्मा सहित 50 कैडेट के द्वारा समाज सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधि के तहत डॉ भावना कुमारी के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा पूर्वक कॉलेज परिसर तथा आसपास सफाई की गई।

### पीजी पोर्टल पर 108 शिकायतें लंबित, 29 को आईजी करेंगे समीक्षा

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल (लोक शिकायत) प्रशाखा में 108 शिकायतें बीते छह माह से अधिक समय से निष्पादन के लिए लंबित हैं। यह शिकायतें आम लोगों ने झारखंड पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल पर दर्ज कराई है। हालांकि, बीते एक माह में 35 शिकायतों का निष्पादन किया गया है। इसमें सबसे अधिक 45 शिकायत रांची जिले में लंबित हैं। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल प्रशाखा में लंबित शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये आईजी मुख्यालय 29 जनवरी को राज्य के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

### सांसद गीता कोड़ा मामले में कोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**रांची।** आर्थिक अपराध से जुड़े एक मामले में आरोपित सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा पर रांची के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने और उसका सही जानकारी नहीं देने को लेकर 2012 में केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में गीता कोड़ा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

# झारखंड खो रहा परिचय, बिगड़े हालात से उबारना होगा : सुदेश

## वर्तमान हालात से राज्य को उबारने की जिम्मेदारी आजसू पार्टी पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने अपनी गरिमा खत्म कर दी है। इस साल सरकार की विदाई तय है। राज्य अपना परिचय खो रहा है। इस बिगड़े हालात से राज्य को उबारने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पार्टी पर है। पतरातू लेक रिसोर्ट में आयोजित पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में आजसू प्रमुख ने ये बातें कही। पार्टी के महाधिवेशन के बाद गठित नई केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में सुदेश ने सरकार के कार्यकलाप पर जमकर निशाना साधा। साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को उनकी जवाबदेही से आगाह कराते हुए कहा कि सत्ता का दुरूपयोग करने वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पर है। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय समिति, केंद्रीय कार्यकारिणी

### सीएम पद की गरिमा खत्म कर दी गई है, राज्य नेतृत्व विहीन है




समेत सभी ईकाई के छह सौ पदाधिकारी शमिल हुए।

### हेमंत सरकार ने किया सत्ता का दुरूपयोग

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सत्ता का दुरूपयोग किया है। सरकार गैर जवाबदेह और सिस्टम जीरो है। चारों तरफ अराजकता है। सीएम पद की गरिमा खत्म कर दी गई है, लोग यही मान रहे हैं कि राज्य नेतृत्व विहीन है। राज्य में सारा पद गैर जिम्मेदाराना हो गया है। दूसरे कई राज्य विकास और जनता के प्रति जवाबदेही में आगे बढ़ रहे और झारखंड अपना परिचय खो रहा है।

### अबुआ आवास छलावा

सुदेश ने कहा कि अबुआ आवास योजना महज छलावा है. पूरे राज्य में लाखों लोगों ने आवेदन दिया है। लेकिन हर पंचायत में 40 लोगों को ही आवास मिलना है। महिला अत्याचार के पांच हजार से अधिक मामले दर्ज हुए, लेकिन मुख्यमंत्री इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक आधार पर मूल्याकंन कर पिछड़ों को आरक्षण देने में सरकार ने विफल रही है। सरकार ने 50 साल तक के उम्र वाले एसटी और एससी को वृद्धापेंशन देने का निर्णय लिया है। 50 साल की उम्र में लोगों को वृद्ध बनाने के बजाय यही पेंशन अथवा आर्थिक सहायता किसी दूसरे नाम पर दिया जाना चाहिए था।

### चुनावी साल है, एक दिन भी खाली नहीं रहें कार्यकर्ता

आजसू प्रमुख ने पदाधिकारियों से कहा कि यह चुनावी साल है। एक दिन भी खाली नहीं बैठना है। जनता बड़ी उम्मीदों से आजसू की तरफ देख रही है। पार्टी का भविष्य आप सब हैं, सबको अपनी दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करना है। केंद्रीय समति और केंद्रीय कार्यकारिणी में हर वर्ग और हर क्षेत्र को भागीदारी दी गई है। हमारा संकल्प राज्य का भला करना है, राज्यव्यापी सोच के साथ काम करना होगा।

शपथ ग्रहण समारोह को पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी. पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव रोशनलाल चौधरी ने भी संबोधित किया।

## राष्ट्रपति को पत्र लिख सरना धर्म कोड लागू करने की मांग

### 31 मार्च तक का दिया अल्टीमेटम, 7 अप्रैल को भारत बंद और रेल-रोड चक्का जाम



**रांची :** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर सरना धर्म कोड की मांग की है। उन्होंने पत्र में उपरोक्त मांग पूरी करने के लिए 31 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया है। कहा कि 31 मार्च तक सरना धर्म कोड की मान्यता की घोषणा नहीं हुई, तो 7 अप्रैल को भारत बंद और रेल-रोड चक्का जाम किया जाएगा। पत्र में लिखा है कि सरना धर्म कोड, भारत के प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी की जीवन रेखा है। आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोषी हैं। 1951 की जनगणना तक यह प्रावधान था, जिसे बाद में कांग्रेस ने हटा दिया और अब भाजपा इसे लागू नहीं कर रही।

**बीजेपी पर जबरन हिंदू बनाने का आरोप :** उन्होंने आगे लिखा कि 2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखाया था, जबकि जैन की संख्या 44 लाख थी। ऐसे में आदिवासियों को मौलिक अधिकार से वंचित करना अपराध जैसा है। सरना धर्म कोड के बिना आदिवासियों को जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि बनाना धार्मिक गुलामी को मजबूर करना और धार्मिक नरसंहार जैसा है।

## नीतीश की जनसभा 21 को रामगढ़ में जुटेंगे 50 हजार लोग : अशोक चौधरी

**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 21 जनवरी को रामगढ़ आयेंगे। इस दिन वहॉ आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा की तैयारियों को लेकर प्रदेश जदयू द्वारा कार्यकर्ता मंथन शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत बिहार के भवन निर्माण मंत्री एवं झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी, सह प्रभारी और बेलहर के विधायक मनोज यादव, प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, नीतीश जोहार कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर मधुकर सिंह ने दीप प्रजलवित कर किया। मंथन शिविर में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष, जिला संगठन प्रभारी, प्रमंडल प्रभारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव लड़े प्रत्याशी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो एवं संचालन प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने किया। इससे पहले सभी नेताओं ने

### रांची में कार्यकर्ता मंथन शिविर में तैयारियों पर चर्चा शामिल हुए पदाधिकारी व सभी जिला अध्यक्ष



बिरसा चौक स्थित वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद किसी दूसरे राज्य में नीतीश कुमार की पहली जनसभा है। पहली जनसभा का यह अवसर प्रदेश जदयू को मिला है। श्री चौधरी ने कहा कि 21 जनवरी की सभा झारखंड में जदयू और जदयू कार्यकर्ताओं का भविष्य तय करेगी। उन्होंने कहा कि निश्चित ही झारखंड में पार्टी का संगठन मजबूत हुआ है। मगर बड़ी लड़ाई के लिए कार्यकर्ता और मेहनत करे और समूह बड़ा बनाए। कार्यक्रम के समापन के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा नीतीश कुमार के कार्यक्रम में पचास हजार लोग जुटेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के पार्टनर साथ चुनाव प्रचार करते तो चार राज्यों में चुनाव परिणाम कुछ और होते। नीतीश ने सभी को एकजुट किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजंसियों की विश्वसनीयता समाप्त हो रही है, ट्रांसपेरेंसी का अभाव है। राम मंदिर निर्माण के सवाल पर कहा जिसे जब इच्छा होगी वे जाएंगे।

# सीएम रविवार को करेंगे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्‌घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2023-24 का उद्घाटन शाम चार बजे करेंगे। इसके साथ ही यह महोत्सव आम लोगों के लिए पूरे छह दिनों तक निरंतर चालू रहेगा। झारखंड बोर्ड के सीईओ राखाल चन्द्र बेसरा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि इस बार कार्यक्रम की शुरूआत नृत्य नाटिका गांधी यात्रा की प्रस्तुति से होगी जोकि कला संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। सरकारी स्टॉल्स जिनमें



एसबीआई, जेएसएलपीएस ,मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग , झारक्राफ्ट, झारखंड हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प निदेशालय एवं अन्य सरकारी स्टॉल भी शामिल होगा। बेसरा ने बताया कि राज्य सरकार की आम जनों के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी महोत्सव में शामिल हुए लोगों को दी जाएगी। महोत्सव में लगभग 120 स्टॉल सरस की ओर से लगाए जाएंगे। वहीं यूआईडी ,मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग ,रेशम हस्तकरघा और हस्तशिल्प निदेशालय ,झारक्राफ्ट एवं अन्य सरकारी स्टॉल भी शामिल हो रहे हैं। बेसरा ने बताया कि महोत्सव में हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से लोगों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप की भी व्यवस्था रहेगी। खादी एवं सरस महोत्सव में 8 सेक्शन के कुल 300 स्टॉल है,जिसमें खादी और सरस से जुड़े स्टॉल भी शामिल हैं। खादी की असली पहचान महात्मा गांधी से है इसलिए इस बार भी राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन के पहलुओं को समेटे गांधी संग्रहालय बनाया गया है । यह संग्रहालय महात्मा गांधी के विचार और उनका खादी के प्रति लगाव को दिखाएगा। बेसरा ने कहा कि जितने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम सात जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पारंपरिक लोक नृत्य ,गायन एवं वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका आधुनिक फोक गायन एवं बैंड शामिल होंगे वे सभी मुख्य स्टेज पर होंगे, जिसका नाम झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम रखा गया है।

### गुरूजी से मिले सुबोधकांत, दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**रांची।** नए साल के मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शनिवार को दिशोम गुरू शिबू सोरेन से उनके आवास में जाकर मिले। उन्होंने पुष्प गुच्छ देकर शिबू सोरेन को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। दोनों ने एक दुसरे को नववर्ष की बधाई देने के बाद करीब आधा घंटा साथ बैठ कर चर्चा की। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने राज्य में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा किया। दोनों ने आगामी लोकसभा चुनाव और इंडिया गठबंधन के तहत एकजुटता भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने पर भी चर्चा की। बाहर निकलने पर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि गुरूजी और हम बहुत पुराने साथी है। नववर्ष की बधाई देने के लिए गुरूजी के पास आये थे। इस दौरान राजनीतिक परिपेक्ष्य में भी चर्चा की गयी।

### बलबीर दत्त की अध्यक्षता में रांची प्रेस क्लब का 25 सदस्यीय मार्गदर्शक मंडल गठित



**रांची।** रांची प्रेस क्लब का वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय मार्गदर्शक मंडल बनाया गया है। यह निर्णय शनिवार को प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन की अध्यक्षता में हुई मैनेजिंग कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में सुरेंद्र लाल सोरेन की अध्यक्षता में बाइलॉज रिव्यू कमेटी, वरिष्ठ खेल पत्रकार चंचल भट्टाचार्य की अध्यक्षता में स्पोर्ट्स कमेटी, करबी दत्ता की अध्यक्षता में वीमेंस वेलफेयर कमेटी और सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में हेल्थ कमेटी गठित की गई। रांची प्रेस क्लब के बाइलॉज की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। सुरेंद्र लाल सोरेन की अध्यक्षता वाली रिव्यू कमेटी में हरिनारायण सिंह, दिलीप श्रीवास्तव नीलू, दिवाकर प्रसाद, ब्रजेश राय, शंभुनाथ चौधरी, श्रीमती रेखा पाठक और अमरकांत सदस्य होंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री के आदेश पर झारखंड हाई कोर्ट की रोक बरकरार, अंतिम सुनवाई 12 को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रिम्स के प्रिंसिपल इंचार्ज, डेंटल कॉलेज रहे एमबी जयप्रकाश को पद से हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने एमबी जयप्रकाश को प्रिंसिपल इंचार्ज, डेंटल कॉलेज, रिम्स के पद से हटाए जाने के आदेश पर रोक बरकरार रखी है। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 12 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व प्रतिवादी नरेंद्र नाथ की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को हटाने का आग्रह किया गया। नरेंद्र नाथ सिंह की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनकी बातें सुने बिना आदेश पारित किया है। इसलिए उनकी बात भी सुनी जाए। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि बिना नियम के पालन करते हुए एमबी जयप्रकाश को पद से हटा दिया गया एवं उनकी जगह नरेंद्रनाथ सिंह को प्रिंसिपल इंचार्ज, डेंटल कॉलेज रिम्स के पद पर लाया गया है, जो गलत है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के पत्र के आलोक में एमबी जयप्रकाश को प्रिंसिपल इंचार्ज, डेंटल कॉलेज रिम्स के पद से हटाया गया था, जो की सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के खिलाफ है।

### राज्य के सभी उपायुक्तों को ग्रामीण विकास विभाग ने लिखा पत्र

**रांची।** राज्य के कई जिलों में अबुआ आवास योजना के आवेदन की ऑनलाइन प्रविष्टि प्रखंड या पंचायत स्तर पर लंबित होने की शिकायत ग्रामीण विकास विभाग को मिली थी। इसपर विभाग ने एक्शन लेते हुए पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि दर्ज करने का समय सीमा नौ जनवरी तक कर दी है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने राज्य के सभी उपायुक्त, उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर हर हाल में आवेदनों को पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि दर्ज करने का निर्देश दिया है। विभागीय सचिव ने पत्र में लिखा है कि उक्त अवधि के बाद भी यदि प्रखंड या पंचायत स्तर पर आवेदन लंबित पाया जाता है तो उक्त से संबंधित दोषी पदाधिकारी, कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाये।

### झारखंड हाई कोर्ट में माध्यमिक शिक्षा के निदेशक हुए पेश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में खूंटी में एकीकृत बिहार के समय सहायक शिक्षक के रूप में बहाल किए गए सुषमा कुमारी उर्फ सुषमा कुमारी देवी की अवमानना याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। सुषमा कुमारी को बर्खास्त किए जाने के खिलाफ एकल पीठ द्वारा 17 फरवरी, 2021 के पारित आदेश का पालन नहीं होने पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा हाई कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता की पुनर्बहाली कर दी गई है और उनका जो बकाया है उसका भुगतान जल्द कर दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने उन्हें एकल पीठ के 17 फरवरी, 2021 के आदेश का अनुपालन करने के लिए दो सप्ताह का समय प्रदान किया। कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो अगली सुनवाई दो फरवरी को भी निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा।

### विधायक समरी लाल के खिलाफ दायर याचिका पर कल से प्रतिदिन बहस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट की सर्टिफाइड कॉपी और हाई कोर्ट का कुछ जजमेंट कोर्ट के समक्ष रखा गया। इसके बाद कोर्ट ने आठ जनवरी से मामले की सुनवाई डे-टू-डे करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकान से भी बिकती है डुप्लीकेट शराब

बरही। पिछले कुछ दिनों से जीटी रोड किनारे अवस्थित अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकानों से भी नकली शराब बिकने की सूचना मिल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लाइसेंस धारी दुकानदारों के द्वारा विभिन्न ब्रांड के लेवल छपवाकर रखे गए है। जिन्हे खाली बोतलों में लगाकर नकली और जहरीली शराब पैक किया जाता है। यह कार्य बड़े पैमाने पर हो रहा है।

### 8 और 9 जनवरी को अंतिम बार खुलेगा अबुआ आवास का पोर्टल : बीडीओ




बरही। आगामी 8 और 9 जनवरी को अबुआ आवास का पोर्टल अंतिम बार खोला जायेगा। इस संबंध में सरकार के सचिव ने पत्र जारी कर दिया है। पत्र में यह निर्देशित है कि वैसे आवेदन जो किसी तकनीकी कारणों की वजह से पंचायत या प्रखंड से पोर्टल पर एंट्री नहीं किया जा अथवा त्रुटि पूर्ण रहा है। उसे उक्त तिथि में एंट्री करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है।

### 22 जनवरी को शराब व मांस मछली की बिक्री पर पाबंदी लगाने की अपील



**इचाक।** भाजपा युवा नेता निर्मल कुमार मेहता ने क्षेत्र वासियों से अपील किया है कि 22 जनवरी न कि भारत वर्ष की पूरे विश्व के लिए अद्वितीय और अविष्मरनिय दिन होगा। उसी दिन को अयोध्या धाम में राम लला विराजमान होंगे। इसलिये उक्त तिथि को क्षेत्र में मांस, मछली और शराब की सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की अपील की है। श्री मेहता ने यह भी कहा कि 22 जनवरी 2024 को पूरे विश्व मे दिवाली मनाई जाएगी।

जिला आपूर्ति कार्यालय के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# उपायुक्त ने गरीबों का निवाला छीनने वालों पर कार्रवाई का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से सम्बंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपायुक्त को जानकारी दी की इस वर्ष धान आदि प्राप्ति के लिए 2 लाख क्विंटल का लक्ष्य प्राप्त है जिसके तहत जिले के 22 पैक्सों में से 20 पैक्सों में धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ कर कर दिया गया है एवं शेष में जल्द ही धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को धान अधिप्राप्तिक केदो पर ही अपने धन के बिक्री करने के जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति के प्रथम किश्त की राशि का भुगतान 48 घंटे के अंदर किसान के खाते में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गरीब लोगों का निवाला छिनने वाले लोगों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। गरीब एवं योग्य लोगों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने के लिए उपायुक्त ने वैसे लाभुक जो राशन कार्ड का लाभ प्राप्त करने की योग्यता नहीं रखते हैं उसके बावजूद भी राशन कार्ड का लाभ ले रहे हैं उनके विरूद्ध अभियान चलाकर एवं उनसे जुर्माना वसूलते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का उपायुक्त ने परिसदन भवन में किया स्वागत



हजारीबाग। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आनन्द सेन एवं राजेश कुमार का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग सत्य प्रकाश सिन्हा व उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग परिसदन में किया स्वागत। इस दौरान स्वागत में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एसडीओ सदर विधा भूषण कुमार मौजूद रहे।

झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आज चतरा जिला के इटखोरी अवस्थित भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे इसी क्रम वें कुछ पल के लिए हजारीबाग परिसदन में रुके।

अबुआ आवास में किसी बिचौलिए को न दें पैसा

# जरूरतमंद को अवश्य मिलेगा आवास : शमीम



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखंड सरकार की महत्वकांझी योजना जिसमें जरूरत मंदों को आवास मिलना तय हुआ है। लेकिन इस अबुआ आवास में कई बिचौलिए हावी हो गए हैं। इस कड़ी में ग्राम पंचायत शिलाडीह के पंचायत भवन में पुनः अबुवा आवास को लेकर ग्राम सभा शान्ति पूर्ण तरीके से किया गया तथा पूर्व के सूची को पारित किया गया। इस दौरान पंसस प्रतिनिधि शमीम अंसारी ने कहा अबुआ आवास में बिचौलियों से सावधान रहें। किसी को पैसा नहीं दें। आप गरीब हैं तो आपको आवास जरुर मिलेगा। साथ ही छूटे हुए लोगों को 8 और 9 जनवरी 2024 को ब्लॉक में दावा और आपत्ति पत्र तथा अपना अपना स्व घोषणा पत्र जमा करें। मौके पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, पंचायत सचिव गौरव सिन्हा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो कुदुस अंसारी, मुखिया निजाम अंसारी, उप मुखिया सहदेव पासवान, पंसस अमृना बीबी,

## न्यूज बॉक्स

### धान बिचौलियों को नही दें किसान पैक्स में बेचें होगा लाभ : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिरु पैक्स में शनिवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उदघाटन किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणू देवी एवं उप प्रमुख धर्मधीर महतो मुखिया वीणा देवी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसानों को काफी फायदा होगा। कहा की अब किसान सरकारी दर 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अपना अनाज बेच सकेंगे। धान अधिप्राप्ति केंद्र नही खुलने से बिचौलिए औने- पौने दाम में किसानों से धान की खरीदारी कर लेते थे, जिससे किसानों को काफी नुकसान होता था। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि अपना धान अधिप्राप्ति केन्द्र पैक्स में ही बेचें। साथ ही कहा कि आज से पूरे झारखंड के पैक्सों में सरकारी दर पर किसान अनाज बेच सकते हैं, जिससे उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही किसानों को आधि राशि तुरन्त मिलेंगी।

### अबुवा आवास के लिए प्राप्त आवेदन का सत्यापन : बीडीओ



**बरकट्ठा।** प्रखंड कार्यालय से बीडीओ रोशमा डूंगडुंग ने अबुवा आवास योजना को लेकर एक पत्र जारी की है, जिसमें सर्वधारण को सूचित किया गया है कि आबुआ आवास योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन को सत्यापन दल के द्वारा किए गए लाभुकों को देना होगा स्वघोषणा पत्र। ग्राम सभा के द्वारा प्राथमिकता क्रमांक सूची को सार्वजनिक की जा रही है। इस संदर्भ में आपत्ति होने पर अपना दावा या आपत्ति पत्र एवं शपथ पत्र के साथ प्रखंड कार्यालय में आठ जनवरी तक जमा कर सकते हैं।

### उपायुक्त से मुखिया ने मुलाकात कर अबूआ आवास सूची में जरूरत मंदो को जोड़ने की मांग

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी मुखिया रीता देवी ने उपायुक्त नैनी सहाय से मिलकर पंचायत के विभिन्न समस्यों से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान मुखिया ने कहा कि मेरा पंचायत क्षेत्र करीब 14किलोमीटर की क्षेत्रफल में है और पहाड़ी इलाका है। विगत दिनों आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारा शिविर में कई जरूरत मंद अधिक दूर रहने के कारण इसका लाभ नहीं ले सके। कई व्यक्ति कच्चे मकान और झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। जिसके बाद उपायुक्त ने कहा जरूरत मंद का घर जांच करवा कर आवास लिस्ट में जोड़ा जायेगा।

### छठे दिन भी बंद रहा जन वितरण प्रणाली की दुकान, कोई औपबंधिक व्यवस्था नहीं




**बरही।** जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों का अनिश्चितकाल धरना छठे दिन भी जारी रहा। हड़ताल के कारण प्रखंड के सभी 84 पीडीएस दुकानों में ताला बंद रहे। जिसके कारण लाभुको को राशन नहीं मिल पा रहा है। बीसीओ संजय यादव ने बताया कि प्रत्येक माह के पांच तारीख को मशीन खुलता है। परंतु इस माह अब तक मशीन से राशन वितरण की सूचना नही मिली है। फिलहाल राशन वितरण के लिए कोई औपबंधिक व्यवस्था नहीं किया जा सका है। वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी जा चुकी है। जानकारी के अनुसार वितरण के लिए सभी पीडीएस दुकानदारों को दिसंबर माह तक का राशन दिया जा चुका है। विदित हो कि अपने छः सूत्री मांगों के समर्थन में सभी पीडीएस दुकानदार पिछले एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

### ईवीएम/वीवीपीएटी संबंधी जागरुकता कार्यक्रम

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदाताओं के बीच 10 जनवरी से ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर तथा मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से ईवीएम/वीवीपैटस संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हजारीबाग जिला अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र पर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर पर ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन केंद्र की स्थापना कर दी गई है। जिलास्तर पर समाहरणालय भवन के नीचे तल स्थित गोलंबर में, 20 बरकट्ठा के लिए अनुमंडल कार्यालय परिसर बरही (दाहिने छोर), 21 बरही के लिए अनुमंडल कार्यालय परिसर बरही के (बाएं छोर), वहीं 24 मांडू के लिए कार्यालय अपर समाहर्ता हजारीबाग समाहरणालय भवन द्वितीय तल एवं अनुमंडल कार्यालय हजारीबाग समाहरणालय भवन द्वितीय तल में स्थापित किया गया है।

22 जनवरी को बड़ी दिपावली मनाने का निर्णय

# श्री राम जन्मभूमि पूजित अक्षत घर-घर वितरण प्रारंभ : संजय यादव



नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखण्ड के दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत को हर घर पहुचने के निमित प्रखण्ड के 17 पंचायतों के रामभक्त जुलूस के शक्ल में पहुचे ।उन सभी हर सनातनी परिवारों तक पहुंचाने और अयोध्या चलने का निमंत्रण देने को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव की अध्यक्षता में अक्षत पूर्ण कलश बरकट्ठा के सभी 17 पंचायत में वितरित किया गया संचालन प्रखंड मंत्री सत्यम भारती ने किया। सभी रामभक्तों ने पूजित अक्षत व पत्रिका को हर घर पहुचाने व 22 जनवरी को हर घर दीपावली मनाने भव्य भण्डारा व सभी मंदिरों में भजन पूजन व प्रसाद का वितरण का संकल्प लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा जिला सहसंचालक दयानंद चौरसिया विभाग प्रचारक आशुतोष जी जिला मंत्री श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र जिला संयोजक अरविंद मेहता सह मंत्री श्रीमान गुरुदेव गुप्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंग दल प्रखंड संयोजक धीरज गुप्ता समेत प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष, संगठन के पूर्ण समिति, एवं सभी रामभक्त सदस्य, महिला,पुरुष का सहयोग रहा।सभी लोगों ने हर घर पूजित अक्षत को पहुंचाने का संकल्प लिया।

दलित युवक के निधन की सूचना मिलते ही पहुंची भीम आर्मी, दी सांत्वना

# दलित की मौत पर किसी जनप्रतिनिधि ने सांत्वना तक नही दिया, खेदजनक : लक्ष्मण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत के पड़रीमा के 21 वर्षीय युवक बीरेंद्र कुमार का आकस्मिक निधन आंध्र प्रदेश के निल्लूर में हो गया, जिसका पार्थिव शरीर शुक्रवार को पैतृक गांव पड़ीरमा लाया गया. सूचना मिलते ही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अगुवाई में भीम आर्मी के कई लोग मृतक के घर पहुंचे। परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया और मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना किया। साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि युवक आंध्र प्रदेश के बारे नील्लूर में हाईवा चलाता था। गुरुवार को वह अपने खलासी के साथ गाड़ी के बगल में खड़ा था, अचानक ग्यारह हजार वोल्ट का तार गिर गया। जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य की आकस्मिक मौत से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है। परंतु दलित युवक की मौत पर किसी भी जनप्रतिनिधि ने अब तक परिजनों का सुध तक नही लिया है, जो खेदजनक है। मौके पर जिला सचिव राहुल अंबेदकर, पंचमाधव पंचायत अध्यक्ष रमेश कुमार, शंभू कुमार, अनिल कुमार, शमशेर आलम, राजेश कुमार, सीताराम, सुनील आदि मौजूद थे।

नेशनल गेम्स में बरही की अर्षिता को मिला स्वर्ण पदक

# लक्ष्य के साथ मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल दिल्ली में संपन्न हुए डीएवी नेशनल गेम्स में बरही डीएवी को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है । यह पदक विद्यालय की छात्रा अर्षिता को तीरंदाजी के रिकर्व अंडर-19 ग्रुप के प्रतियोगिता में प्राप्त हुआ है । इस सम्मान के लिए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने होनहार छात्रा को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है । प्राचार्य ने बताया कि यह पदक विद्यालय सहित बरही के लिए गौरव की बात है । इसके लिए उन्होंने पदक प्राप्त छात्रा सहित खेल शिक्षक राजेश कुमार की तारीफ भी किया। उन्होंने बताया कि हर्षिता लगनशील और आकांक्षी छात्रा है। जो अपने लक्ष्य के लिए सदैव प्रयासरत रही है। जिसके परिणाम सामने है। उपस्थित विद्यार्थियों को प्राचार्य ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निष्ठापूर्वक मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते है । लक्ष्यविहीन व्यक्ति पशु के समान है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अभी से ही लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की बात कही। मौके पर विद्यालय के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मी सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।

# पेलावल विकास मंच ने डॉ.हीरा लाल साहा की 86वीं जयंती मनाई




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पेलावल दक्षिणी,अंबेडकर टोली स्थित पेलावल विकास मंच के प्रधान कार्यालय परिसर में स्वर्गीय डॉ. हीरा लाल साहा सर को सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम उनकी आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी व्यक्तियों ने एक-एक कर पुष्पांजलि अर्पित किए। समाजसेवी डॉक्टर साहब का पेलावल विकास मंच के साथ घनिष्ठ संबंध रहा। वर्षों तक पीवीएम के मुख्य संरक्षक रहे। इनके मार्गदर्शन पर खासकर रक्तदान शिविर का आयोजन 2022 से किया जाने लगा। उल्लेखनीय है कि वे स्वयं हर शिविर में अपनी उपस्तिथि दर्ज कराते रहे तथा रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करने के ख्याल से प्रशस्ति पत्र वितरण भी किए। पेलावल विकास मंच द्वारा जितने भी बड़े आयोजन हुए लगभग हर आयोजन में इनकी उपस्तिथि तथा मार्गदर्शन मिलता रहा।

52 बच्चों ने पूरा किया कंप्यूटर प्रशिक्षण

# कंप्यूटर के ज्ञान से शिक्षा होगी पूरी बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : पूर्व मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बड़कागांव** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के सहयोग से बड़कागांव प्रखंड के बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स की शुरूआत की है। इसके तहत पहले बैच के 52 विद्यार्थियों को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से डाटा इंट्री ऑपरेटर पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके साथ ही सबसे अधिक अंक लाने वाले शीर्ष दस बच्चों को आकर्षक फेयरवेल किट् देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद पूर्व मुखिया महेंद्र महतो और शिव दयाल महतो ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है। आज के समय में कप्यूटर शिक्षा का ज्ञान बच्चों को बहुत ही जरूरी है। इससे उन्हें आगे चलकर रोजगार के कई अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने इस प्रयास के लिए अदाणी फॉउंडेशन को बधाई दी। एएसडीसी द्वारा 15 दिसंबर 2023 से शुरू किये गए इस केंद्र में पहले बैच के बच्चों को हजारीबाग के शिक्षक विकास जयसवाल ने कंप्यूटर और इंटरनेट के गुर सिखाए।

समाजसेवी जागेश्वर महतो वार्ड नंबर 26 के बने संरक्षक

# जेबीकेएसएस की हर तरह से मदद करने की कही बात



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के नगर परिषद वार्ड नंबर 26 में कमेटी विस्तार किया गया। जिसमें टाइगर जयराम महतो के विचार धारा से प्रभावित होकर कैथा के पूर्व विधायक प्रतिनिधि , मुखिया प्रतिनिधि व समाजसेवी जागेश्वर महतो तथा लोकनाथ महतो को संरक्षक बनाया गया है । संरक्षक बनने के बाद जागेश्वर महतो ने कहा कि जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो आज के समय में एक विचार हैं और जिस व्यक्ति का विचारधारा अच्छी हो, सोच अच्छी हो, झारखंड हित में बात करता है उसका साथ देने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा की टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए अभी सभी समुदाय के लोगों एकजुट होने की जरुरत है। झारखंड का विकास अगर कोई करेगा तो जयराम महतो ही कर सकता है। उन्होंने टाइगर जयराम महतो की तन मन धन से सहयोग करने की बात कही । कहा की जेबीकेएसएस जात नही जमात की बात करती है।

### पतरातू डैम परिसर में पैक्स अध्यक्षों का प्रशिक्षण सह मिलन समारोह आयोजित

**पतरातू।** पतरातू डैम परिसर में शुक्रवार को पैक्स अध्यक्षों का प्रशिक्षण सह मिलन सम्मेलन समारोह का आयोजन हुआ। आयोजित इस एकदिवसीय कार्यक्रम में पदाधिकारी सहित रामगढ़ जिला क्षेत्र के पैक्स अध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में धान अधिप्राप्ति, सदस्यता वृद्धि, समिति का निर्वाचन और अंकेक्षण के अलावा सहकारिता विभाग के कई महत्वपूर्ण बातों को बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार ने सभी अधिकारी और पैक्स अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताई। इस अवसर पर वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी अमृता खलखो, नीलम टोपनो, सुरेश कुमार, अशोक कुमार, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी राजेश एक्का, वेद प्रकाश, मधुसूदन ठाकुर, उदय कुमार ने भी कई महत्वपूर्ण बातों को रखा।

उपायुक्त ने किया कोषागार रामगढ़ का निरीक्षण

# सही तरीके से पंजियों को संधारित करने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शनिवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक ए स्थित कोषागार, रामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार पदाधिकारी मंजू शोभा एक्का से कोषागार रामगढ़ में स्वीकृत बल एवं उसके विरुद्ध कार्यरत बल संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार में संधारित की जाने वाली आगत निर्गत पत्रों की पंजी, डिपॉजिट रजिस्टर, स्पेसिमेन सिगनेचर पंजी, अलॉटमेंट पंजी, गार्ड फाइल आदि की जांच करते हुए सही तरीके से पंजियों को संधारित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उपायुक्त ने कोषागार रामगढ़ में पूर्व में किये गए महालेखाकार एवं वित्त विभाग के ऑडिट रिपोर्ट के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की जांच करते हुए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कोषागार पदाधिकारी को कार्यों के निर्वहन के दौरान कोषागार संहिता 2016 के अपेंडिक्स 5 में अंकित सभी दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए कार्य करने निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार रामगढ़ के रिकॉर्ड रूम का जायजा लेते हुए वहां संधारित पंजियों की जांच की एवं वर्षवार व्यवस्थित तरीके से पंजियों को संधारित करने का निर्देश दिया।

### स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में हुआ पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह




**हजारीबाग।** विभावि के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने की ।दर्शनशास्त्र विभाग में पुराने छात्रों के साथ मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में 1992 से लेकर वर्तमान बैच के विद्यार्थी भी पहुंचे थे। मुख्य वक्ता के रूप में मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ मिथिलेश सिंह थे,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र बरई थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अरुण भंडारी थे। मुख्य अतिथि को विभागाध्यक्ष ने बुके देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्त मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा दर्शन के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक ऐसे अनुशासन के विद्यार्थी है जो दुनिया के सारे समस्याओं का समाधान है।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स फेडरेशन इकाई की बैठक आज

# बैठक में शामिल होकर संगठन को करें मजबूत : मनोहर सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स फेडरेशन झारखंड इकाई की प्रदेश स्तरीय बैठक 7 जनवरी को 10 बजे नईसराय स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में आयोजित हो रही है। यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर दी। श्री सिंह ने कहा की फेडरेशन द्वारा केंद्र सरकारी की दमनकारी नीतियों के विरोध में 1 जनवरी से राष्ट्रव्यापी हड़ताल आरंभ किया गया है। उन्होंने कहा की फेडरेशन की मांग है कि हमें मानदेय दिया जाए, अनुकंपा नीति को पूर्ववतः किया जाए, कमीशन में वृद्धि की जाए, सर्वर में सुधार किया जाए, हमारे बकाये कमीशन का शीघ्र भुगतान किया जाए, खाद्यान्नों का वजन जूट के बोरे में किया जाए, राशन दुकानों में खाद्यान्न के साथ दाल, तेल, चीनी अनुदानित मूल्य पर देने की व्यवस्था की जाए, केंद्रीय खाद्य मंत्री के अनुशंसा के अनुसार रजिस्टरों का रख रखाव समाप्त किया जाए, कोरोना के दौरान मृत डीलरों के आश्रितों को राजस्थान की तर्ज पर मुआवजा दिया जाए। उन्होंने बताया की बैठक में राज्य के सभी जिलों के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, कोर कमेटी, समन्वय समिति के सदस्य शामिल होंगे।

## एक नजर

### एसपी ने विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** आरक्षी अधीक्षक सभागार में जिले में विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसपी ने पूर्व माह में प्रतिवेदित और लंबित कांडों की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को वारंट और कुर्की निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिया। उन्होंने विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सजग रहने को कहा है। एसपी ने सभी थाना पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को जनता के समस्यों पर त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी ने थाना पहुंचने वाले फरियादियों की भी समस्या सुनने का निर्देश दिया है। बैठक में कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर समेत विभिन्न थाना के प्रभारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### अबुआ आवास में गलत लाभुकों के चयन का विरोध

**कोडरमा।** अबुआ आवास निर्माण के लिए सही लाभुकों का चयन नहीं करने के आरोप को लेकर जयनगर प्रखंड के पूर्वी पंचायत की बडी संख्या में महिलाएं डीसी मेघा भारद्वाज से मिलकर शिकायत दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि अनुसुचित जाति के उचित लाभुकों को लिस्ट में नाम नहीं लिया जा रहा है। जबकि संपन्न और वैसे लोग जिनका आवास बना हुआ है, वैसे लोगों का नाम जोड़ा जा रहा है। उन्होंने पंचायत सेवक पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। मामले में डीसी ने लाभुकों के शिकायत पर जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जांच में गड़बड़ी पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोडरमा प्रखंड के मेघातरी पंचायत के लोगों ने भी ऐसे मामले की शिकायत डीसी से किया है। उन्होंने भी संपन्न लोगों का नाम अबुआ आवास योजना में जोड़ने का आरोप लगाया है।

### रेफरल हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कमी से मरीजों को हो रही परेशानी

**डोमचांच।** रेफरल हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है। मात्र तीन डॉक्टर के भरोसे पूरा रेफरल हॉस्पिटल संचालित है। किसी डॉक्टर की छूटी में रहने पर मरीजों को इलाज कराने में काफी परेशानी होती है। इसके कारण रात को गंभीर बीमारों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में काफी परेशानी हो रही है। अधिकतर दिन हॉस्पिटल में रात के समय डॉक्टर नहीं मिलते। किसी इमरजेंसी के समय कॉल कर डॉक्टर को बुलाया जाता है। शाम वृद्ध मरीज सिमरिया निवासी सोन दास को बीपी बढ़ जाने से नाजुक स्थिति में रेफरल हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉ आशीष कुमार मौजूद थे। इसके बाद उस मरीज को डॉ आशीष कुमार की देखरेख में तुरंत इलाज हो पाया। इससे उसकी हालत सुधरी।

# सिमडेगा नगर परिषद ने शहर में चलाया बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा नगर परिषद द्वारा शहर को जाम मुक्त एवं शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए बलपूर्वक शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मौके पर नगर परिषद के प्रशासक सुमित कुमार महतो सिमडेगा अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद सिमडेगा सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे ।अतिक्रमण हटाओ अभियान सिमडेगा बस स्टैंड के पास से शुरू हुई जो डेली मार्केट, मार्केट कंपलेक्स, रोहिल्ला पथ, महावीर चौक नीचे बाजार होते हुए पेट्रोल पंप तक गई। इस दौरान सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किए गए लोगों के सामानों को जप्त किया गया कई लोगों पर फाइन भी काटे गए। मौके पर सिमडेगा नगर परिषद के प्रशासक सुमित कुमार महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि सिमडेगा उपायुक्त के निर्देश पर शहर को जाम मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है, सिमडेगा शहर में बड़ी मालवाहक एवं बड़ी गाड़ियों का परिचालन होता है। ऐसे में सड़क के दोनों और सरकारी भूमि पर दुकानदारों के द्वारा सामानों को निकाला जाता है ।जिससे की दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। भाई अंचल अधिकारी ने बताया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना गैरकानूनी है जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने सिमडेगा महावीर चौक के आसपास के क्षेत्र में सरकारी भूमि पर लगाए गए दुकानदारों को चेतावनी देते हुए भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की बात कही। इधर शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के बाद शहर की फिजा बदली बदली नजर आई शहर के सड़कों किनारे लगने वाले दुकान नहीं लगी जिसकी वजह से सड़क साफ सुथरा देखने लगा। मौके पर सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह सहित नगर परिषद के कर्मी एवं पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण कार्य का मजदूर यूनियन अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, उठाए सवाल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

बांसजोर अंतर्गत कोम्बाकेरा से कालीकरण रोड निर्माण कार्य का शनिवार को झारखंड मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा निरीक्षण किया।जहां पर बताया गया कि कार्यस्थल पर स्थानीय मजदूर नहीं है ,ठेकेदार बाहर के मजदूर को लाकर कम कर रहे हैं ।स्थानीय मजदूरों ने कहा कि काम नहीं मिलने के कारण भुखमरी का जिन्दगी बीत रहा है। मजदूरों ने कहा कि कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोगाड़ी से शिकायत करेगें ताकि काम मिले ।वही दीपक लकड़ा ने कहा कि बन रहे पुलिया में गुणवत्ता की कमी है ,उन्होंने यह भी कहा कि सीमेंट का बहुत कम मात्रा और बालू अधिक मात्रा में ऐसे में एक बरसात भी नहीं चल पाएगा। उन्होंने कहा इससे पूर्व भी काम करने वाली कंपनी द्वारा दो रोड का निर्माण कराया गया था जो की जर्जर हो चुका है। लकड़ा ने कहा कि विभाग के कार्यपालक अभियंता, एसडीओ, जेई मिलकर सरकारी पैसा को बंदरबांट किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि यह जांच की विषय है। मौके पर श्याम साहू,जितेंद्र साहू,कमल सिंह, प्रभु सिंह, विकास प्रधान देवराज सिंह, उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा अनुमंडल बनने को लेकर कोलेबिरा विधायक ने उपायुक्त से की मुलाकात



**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने जिला एवं विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शनिवार को उपायुक्त से मिलकर चर्चा की ।विधायक ने उपायुक्त से कहा विधानसभा का एक महत्वपूर्ण मांग है कि कोलेबिरा को अनुमंडल बनाया जाए और यह मांग वर्षों से हो रहा है। किन्तु आज तक इस ओर कोई सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया गया है। दो बार सदन में इस पर आवाज उठाया गया ।बार-बार यही जवाब दिया गया कि जिला उपायुक्त का अनुशंसा आयुक्त के पास आएगा उसके बाद इस पर कार्रवाई होगी। जिला उपायुक्त ने कमिटी के लोगों को आश्वस्त किया इस दिशा में पहल की जाएगी ।इसके अलावा झारखण्ड राज्य को अलग करने वाले आन्दोलनकारियों से सम्बन्धित था उन्होंने बताया कि झारखंड अलग राज्य बनाने में उन्होंने सहयोग किया लेकिन उन्होंने आज तक किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिल रहा है। जिला में कुछ लोगों को पेंशन के रूप में कुछ सहयोग मिल रहा है परन्तु कई लोग सम्मान से भी वंचित है। उन्होंने झारखंड आन्दोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की बात कही। इस पर उपायुक्त ने अपनी सहमति प्रदान किए। उपायुक्त से मिलने में विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, श्यामलाल प्रसाद,मनोहर प्रसाद, भुनेश्वर सेनापति,जेएमएम के मोहम्मद शाहिद,जमीर अहमद,जमीर हसन, मोहम्मद वाहिद आदि मौजूद थे।

### झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने ग्रामीणों के बीच बांटे हाथी भगाने की सामग्री



**सिमडेगा।** झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान शनिवार को गुटबहार पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को सुना जहां पर उन्होंने बताया कि लगातार इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक लोगों को सताए हुए हैं ।जंगली हाथियों के द्वारा घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे अनाजों को भी नष्ट कर दे रहे हैं ,जिसकी वजह से लोगों को रात भर जगना पड़ रहा है। मौके पर उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने तत्काल मदद के रूप में झूट बोरी ,छड़ मोबील आदि सामान हाथियों से बचने के लिए वितरण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी प्रकार से कोई भी व्यक्ति हाथी को ना छेड़े अगर गांव के नजदीक आता है तो इसकी सूचना वन विभाग को दे और मसाल के माध्यम से दूर रहकर उसे खदेड़ने का प्रयास करें, उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक है लेकिन वन विभाग की ओर से कोई भी ठोस कदम उठाया नहीं जा रहा है जिसकी वजह से लोग डरे हुए है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुनने का काम कर रहा है और हाथियों के मामले में अगर विभाग के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई गई तो आगे चलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा ,उन्होंने कहा कि लोगों के जान माल का नुकसान झारखंड पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर ग्रामीणों ने संदेश एक्का का आभार व्यक्त किया।

### अशोक जोजो बने पीओसोकरा गांव के पाहन पारंपरिक तरीके से हुआ चयन



**जलडेगा।** शनिवार को टिनगिना पंचायत के पीओसोकरा में पहान चयन किया गया। पहान चयन प्रक्रिया आदिवासी परम्परा के अनुसार किया गया। जिसमें पहान के रूप में अशोक जोजो का चयन हुआ। पाहन चयन से ग्रामीण काफी खुश हुए। ग्रामीणों ने सर्वसहमति से हर महीने में एक बार ग्राम सभा बैठक करने का निर्णय लिया। मौके पर लिड्स के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन में चयनित पहान को बधाई दिया। तथा उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए अगुवा की जरूरत होती है। हमें आगे बढ़ने के लिए हमारे अगुआ के रूप में आज अशोक जोजो को चुना। उम्मीद करते है वे अपने काम भली भांति पूर्ण करेंगे ।मौके पर गांव के पुजार जॉर्ज बागे, महतो- विलियम समद काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रभु श्रीराम के आगमन पर सिमडेगा में आयोजित होंगे भव्य कार्यक्रम



**सिमडेगा।** रामनवमी प्रबंधन समिति महावीर मंडल की बैठक शुक्रवार संध्या आयोजित की गई। बैठक प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में शहर के हृदयस्थली महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा सहित अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इस दौरान शहर के महावीर मंदिर में भी भव्य पूजन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आगामी 21 जनवरी से महावीर मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो महावीर चौक से प्रारंभ होकर भट्ठीटोली, प्रिंस चौक होते हुए वापस महावीर चौक पहुंचेगी। इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा। साथ ही रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन भी करने का निर्णय लिया गया है ।बैठक में रामनवमी प्रबंध समिति महावीर मंडल सिमडेगा की कमिटी में आंशिक फेरबदल करते हुए मुकेश कुमार बरणवाल को कोषाध्यक्ष तथा राजकुमार गुप्ता को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष में दीपक पुरी तथा उपसचिव में नवीन सिंह का नाम जोड़ा गया। बैठक के दौरान समिति के संरक्षक डीडी सिंह ने जिलेवासियों से 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की है। वहीं अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने शहर के लोगों से महावीर मंदिर में आयोजित पूजन तथा शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। बैठक में संजय ठाकुर संजय शर्मा सोनू शर्मा ऋषि बोंदिया, दिलीप प्रसाद, रोहित शर्मा, अजय झा, अनिल मित्तल सहित अन्य मौजूद रहे।

# कोलेबिरा में कुडुख सभा की बैठक में शामिल हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

प्रखंड के बोंगराम में तीन परगना को लेकर कुडुख सभा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों का पगड़ी पहनकर स्वागत किया गया ।इस बैठक में कुडुख जाति के तीनों परगना के मंत्री इस बैठक में उपस्थित हुए।लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि पूर्व में जब आप लोगों के सहयोग से मंत्री था उस समय सभी समाज के लोग संगठित होकर अपने समाज के लिए आगे आकर हमारे पास जो भी सहयोग की उम्मीद करते थे। हम उसे पूरा करना का कोशिश करते थे। सामाजिक बैठक करने के लिए हमने उन सभी को सहयोग किया ।परंतु कुडुख समाज के लोग आज तक कभी भी अपने आप को संगठित नहीं कर के रखे।जिसके कारण आज यह स्थिति है।आज अपने परगना के लोगों को बैठने के लिए एक छोटा भवन भी नहीं है। हम लोगों को अब जागरुक होने की आवश्यकता है उन्होंने कहा समाज के साथ-साथ कुड्डुख समाज के उत्थान के लिए अगर झारखंड पार्टी इस बार विजयी होती है तो निश्चित रूप से यहां एक अच्छे भवन निर्माण करने का काम करेंगे। इसके बाद सभी ने निर्माण स्थल पर जाकर भूमि में निर्माण कार्य हेतु कुदाल चलाकर शुरूआत की और समाज की ओर से जमीन देने वाले सदस्य को समाज की ओर से सम्मानित किया गया।

# अवगा गांव में हेठगददी आदिवासी महासभा का किया गया आयोजन

**बोलबा गांव में आदिवासी सम्मेल में समाज में शिक्षा की कमी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया और अपनी संस्कृति को बचाये रखने पर चर्चा की गयी**

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखण्ड के अवगा गाँव में हेठगद्दी आदिवासी सम्मेलन का किया गया आयोजन । इस मौके पर बताया गया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में होने वाले कार्यों की समीक्षा, शिक्षा, बेरोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक नेतृत्व के साथ समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गोटूल केंद्र खोलने पर विचार किया गया। इसके साथ ही सामाजिक संगठन, शादी-ब्याह, रीति-रिवाज, संस्कृति को बचाए रखने पर चर्चा किया गया ।इस मौके पर मुख्य अतिथि तरुण नेताम अखिल भारतीय गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव, विशिष्ट अतिथि जय गांधी ध्रुवे भारतीय गोंडी धर्म संस्कृति रक्षा मंच उत्तर प्रदेश, सुशांत कुमार नायक सिंहभूम, राजू नायक सिंहभूम, कमल ठाकुर जशपुर, कमलेश माँझी गोंडवाना विकास सिमडेगा, विश्वनाथ भोय प्रदेश अध्यक्ष, देवनंदन प्रधान दुमका, बिरसा माँझी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष, शांति देवी मुखिया, रुक्मणि देवी,सुनीता देवी,सुकरी देवी, राजेश्वर प्रधान, गोमती कुमारी, दशमती कुमारी, राधिका देवी, धनमैत देवी, कार्यक्रम में मौजूद हैं । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुनींद्र मांझी, मोहनाथ प्रधान, नरेंद्र कुमार मांझी, राजनाथ माँझी, असमान माँझी, खिरोधर माँझी, अजर माँझी, जोगेंद्र माँझी के साथ अन्य लोग योगदान दे रहे हैं।

### सिमडेगा एसपी ने किया महाबुआंग थाने का निरीक्षण

# अपराध नियंत्रण पर दिए कई दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ ने बानो सर्किल के महाबुआंग थाना का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ सफाई, विभिन्न संधारित पंजियों, काण्ड निष्पादन और पर्यवेक्षण की स्थिति का अवलोकन किया थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही क्षेत्र में गश्त तेज करने, वाहन चेकिंग करने, अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, जुआ खेलने वालों पर नकेल कसने का भी निर्देश दिया गया। थाना के निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों मुखिया, वार्ड सदस्यों, गण्मान्य लोगों एवं स्थानीय लोगों के साथ बैठक किया गया सोय पंचायत के मुखिया सोमारी कैथवार ने थाना क्षेत्र की समस्या रखते हुए महाबुवाग थाना से बानो तक के जर्जर सड़क की मरम्मती की मांग की । मौके क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया जिसके समाधान हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा हर संभव प्रयास करने हेतु आश्वस्त किया गया।

# विधायक कोंगाड़ी ने ग्रामीणों के बीच हाथी भगाने की सामग्री का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

प्रखण्ड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत के कांसबहार ,छोटका, कहुपानी ,टापूडेगा में हांथी आने की खबर जैसे ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी को मिली।मौके पर विधायक ने ग्रामीणो के बीच में पहुंच कर लोगों को हाथी से बचने के लिए जुट बोरा, मोबिल, डीजल ,और पटाखे का वितरण किया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 26 की संख्या में घुसे हैं और क्षेत्र में आतंक मचा रहे हैं। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि हांथी आने की खबर मुझ तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का समान उपलब्ध करा सके उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब भी गांव के आस-पास हाथियों के आने की सूचना मिलती है तो सभी सतर्क रहें और हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने के लिए लाल मिर्च और खैनी डांटी को चूर कर धूवा करे। इसका महक से हांथी गांव से दूर रहता है ।वही विधायक ने वन विभाग अधिकारियों को निर्देश दिया की गांव वालों को हांथी भगाने का और भी संसाधन उपलब्ध कराया जाय। अगर विभाग के अधिकारी सूचना के उपरांत लापरवाही बरतते है तो उन पर भी कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि समी आलम, मोहम्मद कारू, जमीर हसन, प्रदीप, आदि उपस्थित थे ।

### सिमडेगा डायट सेंटर विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में डीसी ने कहा

# बच्चों के अंदर सीखने की ललक होनी चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा डायट सेंटर में शनिवार को जिला स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि, उपायुक्त अजय कुमार सिंह एसपी सौरभ डालसा सचिव मनीष कुमार सिंह के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार उपस्थित रहें। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी-सह-डायट प्राचार्य बादल राज के द्वारा स्वागत भाषण से किया गया उनके द्वारा बताया गया कि पहले की अपेक्षा सिमडेगा की शिक्षा व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है । अब हमे शोध पर ध्यान देने की आवश्यकता है और इसकी शुरूआत डायट में आयोजित आज के प्रदर्शनी से हो चुका है। तत्पश्चात कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व को रेखांकित किए। उसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विज्ञान और ज्ञान का महत्व बताते हुए इस प्रतियोगिता के लाभ को बताया गया। उपायुक्त सिमडेगा के द्वारा मानव विकास के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान प्रदर्शनी को उससे जोड़ते हुए इस प्रतियोगिता के महत्व और लाभ के बारे में बताया गया और इस तरह की प्रतियोगिता विद्यालय स्तर में आयोजित करने का निर्देश शिक्षकों को दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के अंदर सीखने की ललक होनी चाहिए और विज्ञान प्रदर्शनी से उनके अंदर नई-नई खोज के लिए ऊर्जा प्राप्त होती है। एसपी सिमडेगा के द्वारा अपने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए विज्ञान और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी से एक छात्र कैसे प्रेरित हो सकता है इसकी चर्चा की।वही विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान एसएस प्लस टू विद्यालय सिमडेगा ,द्वितीय स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय धवईपानी तृतीय स्थान एस. एस.प्लस टू केरसई को हुआ। वहीं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय भेलवाडीह, द्वितीय स्थान रा.मध्य विद्यालय जीतियाटोली, तृतीय स्थान एस. एस.प्लस टू उच्च विद्यालय जलडेगा को प्राप्त हुआ इसके अलावा विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान दोनों प्रदर्शनी में तीन - तीन विद्यालयों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में डायरी भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया।

### डीडीसी ने की योजनाओं की समीक्षा बैठक

**जयनगर/ कोडरमा।** प्रखंड सभागार में डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, पंचायती राज व 15वें वित्त आदि की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मनरेगा लोकपाल ने मनरेगा योजनाओं से परिसंपत्ति निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत निर्माण हो रहे कूप में गतिशीलता प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मनरेगा बहुउद्देशीय है। मनरेगा से आजीविका के अतिरिक्त प्रकृति का संरक्षण, हरित क्षेत्र संवर्धन, भूमि संरक्षण,जल संरक्षण एवं आय संवर्धन के उद्देश्य की पूर्ति होती है। जनप्रतिनिधियों को गंभीरता से मनरेगा योजनाओं को धरातल पर उतारना चाहिए। डीडीसी ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत स्वीकृत योजनाओं के कार्य प्रारंभ ना होने पर नाराजगी जाहिर की और अगले सप्ताह में 50 प्रतिशत और जनवरी माह के अंदर शत प्रतिशत योजनाओं में कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।

# राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए घर-घर दिया जा रहा है निमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

रघुवर की अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है, निमंत्रण स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इस गीत के साथ विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा एवं उसके अनुसांगिक इकाई तथा सनातनी रामदुत्तों के द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सिमडेगा के प्रत्येक घर-घर में अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत राम मंदिर की तस्वीर एवं पत्रिका निमंत्रण स्वरूप वितरण करते हुए अयोध्या राम मंदिर के लिए लोगों को निमंत्रण देने का काम कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने बताया कि सिमडेगा जिले के 94 पंचायत में प्रत्येक गांव प्रत्येक मोहल्ला और प्रत्येक घरों में जिस प्रकार अयोध्या राम मंदिर निधि समर्पण अभियान चलाया गया था उसी प्रकार निमंत्रण देने का भी काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया इसके लिए दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की महिलाएं भी जोर-शोर के साथ सहयोग कर रही हैं। 22 जनवरी को प्रत्येक पंचायत में मंदिर की सजावट के साथ केंद्र मानकर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम एलईडी स्क्रीन के माध्यम से एवं अपने सुविधा अनुसार अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का लाइव टेलीकास्ट एवं संध्या काल में प्रत्येक घर में दीप उत्सव मनाने का काम किया जाएगा।

## एक नजर

### वाहन चेकिंग के दौरान 50 लीटर शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के जुठहा-आम के पास शनिवार को भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन्त कुशवाहा ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग के क्रम में दो पहिया चार पहिया भारी वाहन को जांच किया गया इसी क्रम में एक मोटरसाइकिल वह 50 लीटर शराब समेत एक व्यक्ति को पकड़ा। इधर भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन प्रसाद ने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान 50 लीटर शराब ले जा रहे मोटरसाइकिल को एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। इसके बाद शराब जप्त हुआ मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध जांच पड़ताल करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु उत्पाद अधीक्षक गिरिडीह को सुपुर्द कर दिया है।

### डॉग शो में लैब्राडॉर ने बिखेरा जलवा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर केनल क्लब की ओर से 74वीं, 75वीं और 76वीं चैंपियनशिप डॉग शो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन शनिवार को ऑल ब्रिड शो का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के आए श्वान ने हिस्सा लिया। इस दौरान कोकर और लैब्राडॉर प्रजाती के श्वान ने अपना जलवा बिखेरा। इसके अलावा कई सारे क्यूट डॉगी ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्शित किया।

### धनबाद में पुलिस की छापेमारी में एक हजार टन कोयला जब्त

**धनबाद।** जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जर्नादन के निर्देश पर शनिवार को पुलिस ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरवा पूर्व स्थित नवीनदम उद्योग नामक भट्टे पर छापेमारी कर करीब एक हजार टन अवैध कोयला जब्त किया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन ने कहा कि किसी भी हालत में अवैध कोयला का कारोबार धनबाद में नहीं चलने दिया जाएगा।

### पीडीएस दुकानदारों का हड़ताल छठे दिन जारी

**धनबाद।** पीडीएस दुकानदारों का अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार छठे दिन जारी रही इससे कार्ड धारक को राशन नहीं मिला इससे लोग परेशान है। फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि निम्न मांगों को लेकर एक जनवरी से एसोसिएशन के आह्वान पर देशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर दुकानदार है। आज एसोसिएशन की एक बैठक रामगढ़ में आयोजित की गई है। जहां प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष बैठक में शामिल होंगे, और आगे की रणनीति तैयार करेंगे इस बैठक में धनबाद से आधा दर्जन लोग शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि 9 तारीख को रांची में सेक्रेटरी ने वार्ता के लिए आमंत्रित किया है। सकारात्मक वार्ता नहीं होने पर आंदोलन अनिश्चितकालीन चलता रहेगा।

# गिरिडीह पुलिस ने किया सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार

## पुलिस द्वारा गिरिडीह, कोडरमा और जामताड़ा के विभिन्न गांव में की गई छापेमारी

## गिरफ्तार साइबर अपराधी फर्जी बिजली और बैंक अधिकारी बनकर करते थे ठगी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने तीन जिलों क्रमशः गिरिडीह, कोडरमा और जामताड़ा के विभिन्न गांव में छापेमारी कर कुल 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जामताड़ा जिले के नारायणपुर का बलराम मंडल, प्रकाश मोहली, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के जागेश्वर साव, मनीष कुमार मंडल और गांडेय थाना क्षेत्र के मरगोडीह का लक्ष्मण मंडल, दिनेश मंडल, मिनेश मंडल शामिल है। वहीं इन साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 16 मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, 5 एटीएम कार्ड, दो पासबुक, दो क्यूआर कोड, एक बजाज पल्सर बाइक और एक मारुति सुजुकी xl6 लेटेस्ट मॉडल की कार को भी बरामद किया गया है।

उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी है। एसपी ने बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से यह सूचना मिली कि गांडेय थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम का उपयोग करके लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। तत्पश्चात इसी के बाद साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक इ.जी बागे, पुअनि सरोज कुमार मंडल, गौरव कुमार, सअनि संजय मुखियार, गजेंद्र कुमार, साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, जितेंद्र नाथ महतो, सुरेश यादव, आशुतोष रंजन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और अलग-अलग इलाकों में छापेमारी चला कर कुल सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई गई।

एसपी ने बताया कि ये सभी गिरफ्तार साइबर अपराधी अपने आप को बिजली विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर बकाया बिजली बिल का भुगतान करने के नाम पर ठगी करते थे। इसके अलावे ये एनीडेस्क झ टीमभ्युर का एप्लीकेशन इंस्टॉल करवा कर लोगों को ठगने का काम करते थे। इतना ही नहीं ये सभी साइबर अपराधी वृद्धा पेंशन योजना का प्रलोभन देकर और फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को ठगते थे।

## मोंगिया स्टील ने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** मोंगिया स्टील की तरफ से सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सदर प्रखंड के गादी श्रीरामपुर पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों को कम्बल उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में मोंगिया स्टील के सीएमडी डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया, मोंगिया स्टील की निर्देशक त्रिलोचन कौर, जिला परिषद सदस्य डॉली कुमारी, पंचायत की मुखिया कंचन देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ मोंगिया ने कहा कि इस प्रकार के कार्य से आत्मिक खुशी मिलती है। साथ ही जरूरतमंद लोगों की जरूरतें पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष उनके द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है। आगे भी उनके द्वारा इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाता रहेगा।

कहा कि कई ऐसे गरीब परिवार हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त साधन नहीं है। ऐसे में जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से इस प्रकार का काम किया जा रहा है। उन्होंने अन्य उद्योगपतियों से गरीबों के सहायता के लिए आगे आने की अपील किया। मौके पर बलविंदर सिंह मोंगिया, रंजीत राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एक तरफ भतीजे की उठी अर्थी वहीं चाचा का गिरकर टूटा पैर

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** शनिवार को गांवा थाना के गांवा नीचे टोला निवासी अनूप कुमार पिता स्वर्गीय जमुना राम का निधन हो गया। निधन का खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में हाहाकार मच गया ग्रामीणों का माने तो उक्त युवक दिल्ली के किसी व्यवसाई के यहां रसोइया का काम करता था। वही काम के दौरान लगभग दो माह पूर्व युवक फिसल कर गिर गया था, जिसके बाद युवक को दिल्ली के किसी अस्पताल ले जाया गया था लेकिन स्थिति नाजुक होने के कारण युवक को झारखंड राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान केंद्र (रिम्स) रांची ले आए जहां युवक का इलाज चल रहा था।लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण परिजन पुनः युवक को घर ले आए और रिम्स के डॉ के सलाह अनुसार दवाई दे रहे थे। और पुनः विगत कुछ दिन पूर्व रिम्स से पुनः इलाज करवाकर लौटे थे।लेकिन युवक जिंदगी और मौत के संघर्ष से लड़ते लड़ते शनिवार को अपना दम तोड़ दिया। इधर युवक का मौत के खबर सुनते ही पूरे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। युवक अपने पीछे दो बेटा और एक बेटी समेत चार परिवार को अकेला छोड़ दुनिया को अलविदा कह दिए। पिता के मौत की खबर सुनते ही मृतक के पांच वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार, तीन वर्षीय पुत्री आरूषि कुमारी और एक वर्षीय पुत्र फूट फुट कर रोने लगे ।वही लोग कहने लगे कि अब इन सब का परवरिस कौन करेगा युवक अपने घर का एक मात्र कमाऊ व्यक्ति था । युवक के मौत से घर में दुःखो का पहाड़ टूट गया। इन लोगो के बीच कई समस्या उत्पन्न हो गई।इधर मृतक के चाचा अनिल राम शौच जाने के दौरान फिसलकर गिर गया जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा ले आए जहां डॉक्टर ने स्थिति देखते ही पैर टूट जाने की बात कही और बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह भेज दिया। इधर घटना का सूचना पाकर गांवा मुखिया कन्हाई कुमार,जिप सदस्य पवन चौधरी,जीतू राम,विशाल राणा,मनोज सिन्हा, निवर्तमान मुखिया अनुरूपा देवी समेत कई लोग पहूंच कर सांत्वना दिए और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



# थानसिंहड़ीह पंचायत भवन और लोकाय स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के थानसिंहड़ीह पंचायत भवन और लोकाय स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बीडीओ बिनोद कुमार सिंह, प्रमुख राजकुमार यादव, बीईइओ रंजीत चौधरी और दोनो पंचायत के मुखिया मोजूद थे। दोनो पंचायत में हो रहे कार्यक्रम में अतिथियों को पुष्प देकर और स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाकर उनके बारे में स्थानीय ग्रामीणों को विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन योजना आदि कई महत्वपूर्ण योजनाओं का बैनर व स्टॉल लगाकर पंचायत के दूर दराज गांव से आए लोगो को योजनाओं के महत्व पर जानकारी दी गई। योजनाओं के लाभ लेने के तरीका और मानकों को जानकारी दी गई। देश के पीएम नरेंद्र मोदी की बातो को टीवी के माध्यम से लोगो ने सुना।



मौके पर बीडीओ बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि इस सुदूरवर्ती इलाके से आई महिलाओं ओर लोगो ने एक एक कर अपनी बातों को रखा और केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना से हमलोगो के जीवन में कैसे बदलाव हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना हो या उज्जवला योजना हो लाभ मिलने से पहले हमलोग की जीवनशैली में सुधार हुआ, लकड़ी की धुंआ से बचे और गैस से खाना बनाते है। प्रधानमंत्री आवास से पक्का घर मिलने से काफी हर्ष है। कार्यक्रम में ग्रामीणों संथाली गीत और ढोल मांडर बजाकर हर्षोल्लास से पहुंचे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजेश मोदी, सहायक कनीय अभियंता राजीव यादव, संजय साहू मुख्य भूमिका निभाई। वहीं कार्यक्रम में मनरेगा बीपीओ संजय चौधरी, बीसी संतोष वर्मा, सुनील पांडा, नितेश यादव, मो0 मुस्ताक, मुखिया अनिता हेंब्रम, मनदीप कुमार सहित रोजगार सेवक दीपेश सिन्हा, कांग्रेस मिस्त्री, पंचायत सेवक दुलार मरांडी मौजूद थे।

### वन विभाग की लाचारी के बीच जंगली हाथी मानव बस्ती में मचा रहे उत्पात

**बेरमो।** क्षेत्र के लोग जहां नए साल का स्वागत को लेकर क्षेत्र में ही या फिर बाहर जाकर जगह-जगह वनभोज का आनंद ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गोमिया के गांवों में जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण दहशत में रहने-जीने को विवश हैं। अभी अति उग्रवाद प्रभावित झुमरा पहाड़ी क्षेत्र के निकट के इलाकों में सप्ताह भर से ज्यादा समय से हाथियों का झुंड घूम-घूमकर नुकसान पहुंचा रहा है। गुरुवार की रात बड़की सीधावारा पंचायत के मुरपा गांव में हाथियों ने उत्पात मचाया। हाथियों को भगाने के लिए टॉर्च, पटाखा व मसालः बेरमो के गांवों में जब कभी हाथी घुसते हैं तो वन विभाग के कर्मचारी टॉर्च, पटाखा व मसाल लेकर आते हैं।

### पांच महीने बाद धनबाद सांसद की अध्यक्षता में दिशा की समीक्षा बैठक सम्पन्न, बोले

# डीसी, डीडीसी को छोड़ जिले के बाकी अधिकारी लापरवाह

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** स्थानीय सांसद पीएन सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को धनबाद समाहरणालय में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक समपन्न हुई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार का पोर्टल नहीं खुलने पर सांसद ने उपायुक्त वरुण रंजन के सामने नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होंने समय पर क्षेत्र जलापूर्ति और सड़क निर्माण कार्यों को पूरा कर लेने का भी निर्देश दिया।



पांच महीने बाद शनिवार धनबाद समाहरणालय में हुई दिशा की बैठक में सड़क निर्माण, जलापूर्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी विभागों की विकास योजना की समीक्षा और उसपर चर्चा की गई। इस दौरान सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने गांव को भारत सरकार के पोर्टल से जोड़ने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गावो में भारत सरकार का पोर्टल नहीं खुल रहा है, जिसकी समय अवधि भी अब समाप्त हो चुकी है। इस वजह से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ यहां के ग्रामीण नहीं उठा पा रहे हैं। इसपर उपायुक्त के तरफ से उन्हें जवाब मिला कि जिले के 12 पंचायतों को पोर्टल से जोड़ा गया है। धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि आज की बैठक में मुख्य रूप से जलापूर्ति और सड़क निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी विभागों की विकास योजना पर समीक्षा की गई। चर्चा के उपरांत सम्बंधित सभी विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार की बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई थी उससे संबंधित करीब 75 फीसदी कार्यों का निराकरण कर लिया गया है। बाकी पर कार्य जारी है।

# झारखंड में लूट-भ्रष्टाचार चरम पर : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को यहां कहा कि झारखंड में लूट-खसोट, भ्रष्टाचार चरम पर है। इसे रोकने में राज्य सरकार पूरी तरह विफल है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार निरसा पहुंचे बाउरी यज्ञ मैदान में समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि राज्य सरकार के भ्रष्टाचार-लूट के चार वर्ष पूरे हो गए हैं। सीएम हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा समन भेजे जाने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ईडी संवैधानिक संस्था है और मुख्यमंत्री भी संवैधानिक पद है। लेकिन सीएम हेमंत सोरेन पद का ख्याल नहीं रख रहे हैं। ईडी के समन के खिलाफ उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वहां से भी राहत नहीं मिली। ब्लकि फटकार मिली। पद की गरिमा का ख्याल रख उन्हें ईडी के समक्ष पेश होना चाहिए।



बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है। उनके कार्यकाल में रामराज की स्थापना हो रही है। 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम बिराजेंगे। उन्होंने लोगों से अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। साथ ही झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भी जनता का साथ मांगा। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमर कुमार बाउरी का जोरदार स्वागत किया। मौके निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा नेता मन्नू तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय साइक्लिंग प्रतियोगिता में भाग लेने पांच खिलाड़ी कर्नाटक रवाना



**गिरिडीह।** कर्नाटका में 8 से 13 जनवरी तक आयोजित 28वीं राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शनिवार को गिरिडीह जिला के पांच खिलाड़ी कर्नाटका के लिए पारसनाथ रेलवे स्टेशन से ट्रेन से रवाना हुए। टीम मैनेजर जितेंद्र महतो के नेतृत्व में जो प्रतिभागी कर्नाटक गये हैं उनमें दीपक कुमार, कौशल महतो, विवेक महतो, लक्ष्मी कुमारी और पिंकी कुमारी शामिल हैं। इस दौरान साइकिलिंग संघ डुमरी से जुड़े राजकुमार मेहता, पंकज महतो, उमेश कुमार ने रवाना होने वाले पांचों प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से पति की हुई मौत, पत्नी घायल

**गिरिडीह।** बेंगाबाद-गिरीडीह मुख्य सड़क पर शनिवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि इस दुर्घटना में उसकी पत्नी को हल्की चोट लगी है। जानकारी के अनुसार मृतक अपनी पत्नी को बाइक से लेकर बेंगाबाद बाजार से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान दामोदरडीह गांव से आगे बढ़ने पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक और उसकी पत्नी सड़क पर गिर गए. हादसे में मृतक के सर पर गंभीर चोट पहुंची और पत्नी को हल्की चोंट आई। मृतक कृष्णा यादव 40 वर्ष बेंगाबाद पंचायत के मंगरोडीह का रहने वाला था. घटना दामोदरडीह गांव के समीप की है। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बेंगाबाद सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। बताया गया कि गिरीडीह ले जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. मृतक अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। मृतक की तीन छोटी बच्चियां हैं और एक लड़का है. घटना से परिवार वालों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### सीजीपीसी ने किया सरदार शैलेन्द्र सिंह का अभिनन्दन

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सह सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह का शनिवार को सीजीपीसी ने अभिनंदन किया। अटल तिरंगा सम्मान से सम्मानित किये जाने पर उन्हें साकची स्थित कार्यालय में बधाई दी गई। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते, महासचिव अमरजीत सिंह व गुरचरण सिंह बिल्ला, चंचल सिंह, अकाली दल के सुखदेव सिंह खालसा, रविंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह, सुरेंद्र सिंह छिन्दे, गुरनाम सिंह बेदी, अमरजीत सिंह भामरा, जगतार सिंह नागी और सुरजीत सिंह की उपस्थिति में सरदार शैलेन्द्र सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर तथा शॉल भेंट किया। भगवान सिंह ने कहा कि किसी सिख प्रतिनिधि का देश की राजधानी में सम्मान होना केवल जमशेदपुर ही नहीं बल्कि पुरे झारखंडवासियों के लिए गौरवमयी पल हैं। वे सिख कौम और समाजसेवा के लिए सदैव तत्पर हैं और आगे भी रहेंगे। सरदार शैलेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

### पिछरी में एक हाइवा तालाब में गिरा

**बेरमो।** फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग में पेटरवार थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिछरी में शनिवार को सड़क हादसे में हाइवा संख्या जेएच09बीडी-4605 चहारदिवारी तोड़ते हुए बड़ा तालाब में गिर गया। इसमें बोकारो थर्मल के राजा बाजार निवासी चालक जमरुद्दीन व बोकारो थर्मल के ही रहने वाले उपचालक इरशाद घायल हो गए। यह हाइवा सीसीएल खासमहल-कोनार परियोजना से कोयला लेकर बालीडीह में डंप करने जा रहा था। हाइवा गांधीनगर के बरवाबेड़ा के तौफिक की है। वहीं इसी हादसे में खाली हाइवा संख्या जेएच02बीएल-5849 भी एक किनारे से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हाइवा के चालक का नाम संडे बाजार स्थित ससुराल में रहने वाले संजय सिंह, जिनका घर छपरा है एवं उपचालक बिक्की संडे बाजार का रहने वाला है। इनको कुछ नहीं हुआ। दुर्घटना के बाद यह मुख्य मार्ग घंटों तक बाधित हो गया। पेटरवार थाना की पुलिस पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। तालाब में गिरे हाइवा चालक व उपचालक के अनुसार वे कोयला लेकर जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा ने किनारा भाग सटा दिया। इससे हमारी हाइवा अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गया। ट्रिप जल्दी पूरी करने के चक्कर में हाइवा तेज गति में था। वहीं दूसरे हाइवा के चालक व उपचालक के अनुसार वे फुसरो की ओर आ रहे थे तभी विपरीत दिशा से कोयला लेकर आ रहे हाइवा ने किनारे से सटा दिया। इससे हमारा हाइवा क्षतिग्रस्त हो गया, और हम दोनों बाल-बाल बचे।

### 9 को कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन

**धनबाद।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), धनबाद में 9 जनवरी को कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। जिसमें आईटीआई धनबाद से पास प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। यह जानकारी संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रिक्रूटमेंट ड्राइव में भाग लेने वाली कंपनियां 441 पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन नेटर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउंडेशन (एनटीटीएफ) की ओर से किया जा रहा है। चयनित अभ्यर्थियों को बेंगलुरु, मैसूर, होसकोटे, जिगानी, हैदराबाद, अहमदाबाद और होसुर में प्लेसमेंट दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को स्टाइपेंड के रूप में अधिकतम 14600 रुपए मिलेंगे।



### माइक्रो डोनेशन अभियान की सफलता को लेकर भाजपा ने की बैठक

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य हासिल करने को लेकर बूथ पर मजबूत रणनीति बनाकर आगे बढ़ रही है। बड़े लक्ष्य को केंद्रित कर पार्टी का पूरा ध्यान बूथों को सशक्त बनाने में है। इसी क्रम में शनिवार को पार्टी की महत्वपूर्ण सांगठनिक विषयों और आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन और रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से भाजपा जमशेदपुर महानगर की कामकाजी बैठक भालूबासा स्थित आशीष किशोर संघ सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत पार्टी के तमाम वरीय नेताओं के संग विभिन्न मंडल अध्यक्षगण मौजूद थे। इसमें 8 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री के द्वारा देशभर में मोदी की गारंटी वाली वैन के माध्यम से वर्चुअल संवाद सह संबोधन एवं नमो एप्प विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर एवं माइक्रो डोनेशन समेत अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से वीडियो प्रेजेंटेशन कर नमो एप्प विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनाने एवं माइक्रो डोनेशन की जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा अंतर्गत विभिन्न बूथों के गठन संबंधी जानकारी साझा की गई। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि मंडल अध्यक्षगण जल्द से जल्द अपने मंडल अधीन बूथों पर बीएलए 2 की नियुक्ति करें एवं मतदाता सूची को अपडेट कर लें। हम सभी को बचे कम समय में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाना एवं मतदाता सूची को अपडेट करने का कार्य गंभीरता से लेकर इसे समय पर पूर्ण करना है। बैठक के दौरान मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सीतारामडेरा मंडल महामंत्री संतोष कुमार ने किया। मौके पर पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, नंदजी प्रसाद, दिनेश कुमार, राजेश शुक्ला, नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, राजन सिंह, भरत सिंह, जटाशंकर पांडेय अभिषेक श्रीवास्तव समेत अन्य उपस्थित थे।

एक नजर इधर भी

## ब्यूरोक्रेसी को मोटिवेट करता मोदी का संदेश

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में देशभर के डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान तीन दिन की जयपुर यात्रा के पहले दिन राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विधायकों-संगठन पदाधिकारियों के बीच जिस तरह से डबल इंजन की सरकार का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया, वहीं ब्यूरोक्रेसी और तबादलों को लेकर जो संदेश दिया है वह ना केवल समसामयिक है अपितु देश की ब्यूरोक्रेसी के लिए भी उत्साहवर्द्धक है। दरअसल सरकार बदलते ही पूर्व सरकार से जुड़े ब्यूरोक्रेसी में बदलाव का दौर आरंभ हो जाता है और ब्यूरोक्रेसी के अधिकारियों की निष्ठा और प्रतिबद्धता पर प्रश्न उठाये जाने लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्यूरोक्रेसी को लेकर साफ संदेश दिया है कि ब्यूरोक्रेसी कभी भी किसी पार्टी की नहीं होती। ब्यूरोक्रेसी हमेशा सरकार की मंशा और मेंडेट के अनुसार काम करती है। जो सरकार होती है और उसकी जो रीति-नीति होती है उसको धरातल पर अमलीजामा पहुंचाने की जिम्मेदारी ब्यूरोक्रेसी की होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में बड़ी बात कही कि ब्यूरोक्रेसी जिस पार्टी की सरकार होगी, उसके अनुरूप ही काम करती है। इस संदेश में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री ने एक तरह से देश और प्रदेशों की ब्यूरोक्रेसी पर विश्वास जताने के साथ ही उत्साहवर्द्धन भी किया है। दरअसल ब्यूरोक्रेसी सरकार की रीति-नीति और योजनाओं-कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने का काम करती है। ब्यूरोक्रेसी में कुछ अधिकारी प्रोएक्टिव होते हैं तो कुछ अधिकारी अपनी गति से चलते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अपवाद स्वरूप एकाध अधिकारी हो सकते हैं जो पार्टी विशेष की धारा के अनुसार चलते हैं या चलने का प्रयास करते हैं पर सरकार की निगाह में ऐसे अधिकारी आ ही जाते हैं और सरकार स्वयं उन्हें किनारे करने में देरी नहीं करती। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कुछ ब्यूरोक्रेट्स रिजल्ट ओरियंटेड होते हैं तो कुछ अधिकारी क्राइसिस मैनेजमेंट में एक्सपर्ट होते हैं। अब होता यह है कि प्रोएक्टिव, क्राइसिस मैनेंजमेंट में आगे रहने वाले या रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी निगाह में भी जल्दी आ जाते हैं और कुछ लोगों को उनका इस तरह से आगे आना या आगे रहना सुहाता नहीं है। बदलाव के समय इन्हें कुछ समय के लिए खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। इसीलिए आज के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश खास अहमियत रखता है। वैसे भी जब सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री विश्वासनीय और रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी को लेकर अपनी टीम बनाते हैं। सरकार बदलने पर कुछ समय के लिए यह अधिकारी अवश्य नजरों में रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां तबादला डिजायरों से भी दूर रहने की सलाह दी है और इसके लिए भैरो सिंह के समय का उदाहरण भी दिया है। मुझे अच्छी तरह ध्यान है कि उस समय जब अत्यधिक दबाव पड़ने लगा तो तत्कालीन सहकारिता मंत्री सुजान सिंह यादव का साफ कहना था कि यदि अधिकारी की शिकायत है तो वे जनप्रतिनिधि की शिकायत पर उस पद से हटाने में कोई देरी नहीं करेंगे पर जहां तक उस पद पर किसी को लगाने की बात है तो उन्होंने साफ कहा कि सरकार वहां अपनी सोच और समझ के अनुसार अधिकारी लगायेगी। यानी डिजायर आप अधिकारी को हटाने की तो कर सकते हैं पर अपनी पसंद के अधिकारी को लगाने की नहीं। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जायेंगे। दरअसल गंभीरता से देखा जाए तो यह तबादला उद्योग और डिजायर सिस्टम सरकार की बदनामी का भी बड़ा कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संदेश देने का प्रयास किया है। फिर ब्यूरोक्रेसी से काम लेने की कला तो सरकार में होनी ही चाहिए, यह अपेक्षा की जाती रही है। भारतीय चिंतकों से लेकर देश-दुनिया के जाने माने चिंतकों ने ब्यूरोक्रेसी के महत्व को स्वीकारने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी की भूमिका भी अपने अपने तरीके से तय की है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में ब्यूरोक्रेसी यानी नौकरशाही के बारे में विस्तार से बताया गया है, लेकिन आज हम जिस रूप में ब्यूरोक्रेसी को देखते हैं उसको किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। प्राचीन मिस्र और रोम में भी नौकरशाही की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं, लेकिन प्राचीन नौकरशाही प्रमुखतः राजशाही पर आधारित थी, शासक के निजी विचार व भावनाओं पर शासन चलता था।

■ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

# दिव्य कला मेला : दिव्यांग उद्यमियों के सामर्थ्य को सशक्त करता मंच


डॉ.वीरेंद्र कुमार

**एक** सशक्त और विकसित राष्ट्र की जब हम संकल्पना करते हैं तो उसमें हर व्यक्ति के सहयोग और श्रम को हम महत्वपूर्ण मानते हैं। राष्ट्र का निर्माण व्यक्तियों के समुच्चय से होता है, तो जाहिर है इसे सशक्त बनाने में सबका सहयोग भी जरूरी है। लेकिन अगर देश का कोई भी एक वर्ग इसमें किसी कारण सहयोग न दे पाये तो एक सशक्त राष्ट्र की संकल्पना अधूरी सी लगती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस गूढ़ बात को समझा और जाना भी। सशक्त, आत्मनिर्भर राष्ट्र के अपने दृष्टिकोण (विजन) में पीएम मोदी ने देश के हर वर्ग को जोड़ने की बात की और इसी दिशा में उन्होंने देश के 2.68 करोड़ दिव्यांगजनों को आर्थिक, सामाजिक, वैचारिक रूप से समर्थ करने की बात कही। जिसमें केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक कई सारी योजनाओं का निर्माण और कार्यान्वयन मुख्य रहा। पीएम मोदी के दिव्यांगजनों को सशक्त करने के इस विजन को लेकर ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक नई कड़ी जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस विभाग ने अनेक योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कठिन पथ पर कदम बढ़ाया है। उनमें से एक महत्वपूर्ण पहल है दिव्य कला मेला **दिव्य कला मेलाः** सृजन, समर्थन और रोजगार का सर्वोत्तम प्लेटफॉर्म- दिव्य कला मेला एक ऐसी पहल है जो दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों को उनकी कला और उद्यम का प्रदर्शन करने का एक नया मंच प्रदान करता है। इस मेले का आयोजन नई दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों जैसे वाराणसी, भोपाल, मुंबई, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर, सिंकदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, पटना शहरों में हुआ है। भविष्य में सूरत, अहमदाबाद, शिमला, अगरतला, नागपुर शहरों में भी इसका आयोजन किया जायेगा। दिव्य कला मेले में 100 से ज्यादा स्टॉल्स लगा जाते हैं, जिनमें हस्तशिल्प, हथकरघा, एम्ब्रोएडरी के काम और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ आदि के स्टॉल्स शामिल हैं। इस मेले के अंतर्गत दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों द्वारा गृह सजावट, जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी, पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन, जैविक उत्पाद, खिलौने, उपहार, व्यक्तिगत सहायक उपकरण, आभूषण, बैग्स, पेंटिंग्स, आदि से संबंधित स्टॉल्स लगाकर अपने उत्पादों को बढ़ावा देने का एक अद्वितीय अवसर पाया। दिव्य कला मेले में देशभर के तमाम तरह के व्यंजनों का आनंद लोग ले सकें, उनके बारे में जान सकें, इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रमुख खाद्य पदार्थों के कई स्टॉल्स भी लगाये जाते हैं, जो लोगों द्वारा बेहद पसंद भी किये जाते हैं। दिव्य कला मेले में विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारियां लोगों को दी जाती हैं। रोजगार के अवसर का सृजन करता दिव्य कला मेला- दिव्य कला मेले के तहत उद्यमियों और कारीगरों को अपनी उद्यमशीलता दिखाने का अवसर प्रदान हो रहा है वहीं दूसरी तरफ मेले में लगाये जा रहे जॉब फेयर के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को सरकार द्वारा रोजगार के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं से अवगत भी कराया जा रहा है। नई दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, वाराणसी, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना में लगाये गये दिव्य कला मेले के तहत जॉब फेयर में कुल 917 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और रजिस्ट्रेशन कराये जिसमें 272 लोगों को इसमे से शॉर्ट लिस्टेड कर 91 लोगों को सेलेक्ट किया गया। एक मेला अनेक सुविधाएं- लोन की सुविधा- दिव्य कला मेले में NDFDC के तहत लगाये जाने वाले स्वालंबन केंद्र के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को लोन की सुविधा भी दी जाती है, जिसका लाभ बहुत सारे दिव्यांग बंधु उठा रहे हैं। एनडीएफडीसी के तहत चेन्नई से सबसे ज्यादा 2 करोड़ 25 लाख रुपए का लोन पारित एवं वितरित किया गया। वहीं वाराणसी में आयोजित दिव्य कला मेला में 1 करोड़ 30 लाख, जयपुर में 1 करोड़, हैदराबाद में 80 लाख रुपए का लोन पारित एवं वितरित किया गया। लाखों लोगों की पसंद दिव्य कला मेला- नव साहसी दिव्यांगजन उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित दिव्य कला मेला को दिव्यांग व्यक्तियों के साथ- साथ समाज के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। दिव्य कला मेले को मिल रहे अपार जनसमर्थन का सबूत है दिल्ली में लगे मेले में 1 लाख लोगों की उपस्थिति, वहीं मुंबई में आयोजित इस मेले में 55 हजार के करीब लोग आये। भोपाल, वाराणसी, हैदराबाद, बेंगलुरु, पटना आदि में भी हजारों लोग मेले में शामिल हुए। मेले का स्वागत और समर्थन- देश भर में आयोजित होने वाले दिव्य कला मेला सिर्फ दिव्यांगजनों के साथ साथ आम जन द्वारा भी बेहद सराहा और पसंद किया जा रहा है। दिव्य कला मेले में लाखों की संख्या में दिव्यांग और आमजन पहुंचते हैं। दिव्य कला मेले को लेकर लोगों का यह कहना है कि सरकार की तरफ से यह एक बहुत शानदार पहल है इससे न सिर्फ दिव्यांगजनों की उद्यमिता का प्रदर्शन होता है बल्कि वोकल फॉर लोकल के थीम को भी बढ़ावा मिलता है।

**दिव्य कला मेले में देशभर के तमाम तरह के व्यंजनों का आनंद लोग ले सकें, उनके बारे में जान सकें, इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रमुख खाद्य पदार्थों के कई स्टॉल्स भी लगाये जाते हैं, जो लोगों द्वारा बेहद पसंद भी किये जाते हैं। दिव्य कला मेले में विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारियां लोगों को दी जाती हैं। रोजगार के अवसर का सृजन करता दिव्य कला मेला- दिव्य कला मेले के तहत उद्यमियों और कारीगरों को अपनी उद्यमशीलता दिखाने का अवसर प्रदान हो रहा है वहीं दूसरी तरफ मेले में लगाये जा रहे जॉब फेयर के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को सरकार द्वारा रोजगार के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं से अवगत भी कराया जा रहा है। नई दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, वाराणसी, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना में लगाये गये दिव्य कला मेले के तहत जॉब फेयर में कुल 917 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और रजिस्ट्रेशन कराये जिसमें 272 लोगों को इसमे से शॉर्ट लिस्टेड कर 91 लोगों को सेलेक्ट किया गया।**

**(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री हैं)**

# भगवान पार्श्व है पुरुषार्थ एवं जीवंत धर्म की प्ररणा

**भगवान** पार्श्वनाथ ने सत्य की तलाश में राज-वैभव को त्याग संसार में संन्यस्त हुए। उन्होंने कठिन तप तपा, वीतरागता तक पहुंचकर अपने जीये गये सच को भाषा दी। जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर के रूप में उन्होंने वास्तविक धर्म को स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्ड युक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर विचरण करते हुए उन्होंने धर्म का सही अर्थ समझाया। पार्श्वनाथ के जीए गये वे सारे सत्य धर्म के व्याख्या सूत्र बने हैं, जिन्हें उन्होंने ओढ़ा नहीं था, साधना एवं तप की गहराइयों में उतरकर आत्मचेतना के तल पर पाया था। उनके धर्म का शाश्वत सन्देश यही है कि स्वयं के द्वारा स्वयं को खोजें। भगवान पार्श्वनाथ तापस परम्परा में क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जीवन जहां तापस युग का अंत था तो दूसरे बौद्धिक साधना का प्रारम्भ। उनका जन्म आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व पौष कृष्ण एकादशी के दिन वाराणसी में हुआ था, जो इस वर्ष 7 जनवरी 2023 को है। उनके पिता का नाम अश्वसेन और माता का नाम वामादेवी था। राजा अश्वसेन वाराणसी के राजा थे। जैन पुराणों के अनुसार तीर्थंकर बनने के लिए पार्श्वनाथ को पूरे नौ जन्म लेने पड़े थे। पूर्व जन्म के संचित पुण्यों और दसवें जन्म के तप के फलतः ही वे तेईसवें तीर्थंकर बने। पुराणों के अनुसार पहले जन्म में वे मरुभूमि नामक ब्राह्मण बने, दूसरे जन्म में वज्रघोष नामक हाथी, तीसरे जन्म में स्वर्ग के देवता, चौथे जन्म में रश्मिवेग नामक राजा, पांचवें जन्म में देव, छठे जन्म में वज्रनाभि नामक चक्रवर्ती सम्राट, सातवें जन्म में देवता, आठवें जन्म में आनंद नामक राजा, नौवें जन्म में स्वर्ग के राजा इन्द्र और दसवें जन्म में तीर्थंकर बने। बचपन में पार्श्वनाथ का जीवन राजसी वैभव और ठाटबाठ में व्यतीत हुआ। जब उनकी उम्र सोलह वर्ष की हुई और वे एक दिन वन भ्रमण कर रहे थे, तभी उनकी दृष्टि एक तपस्वी पर पड़ी, जो कुल्हाड़ी से एक वृक्ष पर प्रहार कर रहा था। यह दृश्य देखकर पार्श्वनाथ सहज ही चीख उठे और बोले-'ठहरो! उन निरीह जीवों को मत मारो।' उस तपस्वी का नाम महीपाल था। अपनी पत्नी की मृत्यु के दुख में वह साधु बन गया था। वह क्रोध से पार्श्वनाथ की ओर पलटा और कहा- मैं किसे मार रहा हूं? देखते नहीं, मैं तो तप के लिए लकड़ी काट रहा हूं। पार्श्वनाथ ने व्यथित स्वर में कहा- लेकिन उस वृक्ष पर नाग-नागिन का जोड़ा है। महीपाल ने तिरस्कारपूर्वक कहा-तू क्या त्रिकालदर्शी है? और पुनः वृक्ष पर वार करने लगा। तभी वृक्ष के चिरे तने से छटपटाता, रक्त से नहाया हुआ नाग-नागिन का एक जोड़ा बाहर निकला। एक बार तो क्रोधित महीपाल उन्हें देखकर कांप उठा, लेकिन अगले ही पल वह धूर्ततापूर्वक हंसने लगा। तभी पार्श्वनाथ ने नाग-नागिन को णमोकार मंत्र सुनाया, जिससे उनकी मृत्यु की पीड़ा शांत हो गई और अगले जन्म में वे नाग जाति के इन्द्र-इन्द्राणी धरणेन्द्र और पद्मावती बने और मरणोपरांत महीपाल सम्बर नामक दुष्ट देव के रूप में जन्मा। इस घटना ने पार्श्वनाथ की जीवन दिशा ही बदल दी और उनकी संसार के जीवन-मृत्यु से विरक्ति हो गई। वे सत्योपलब्धि की साधना में जुटें और जन-जन को रोशनी बांटी। बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशील और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। शत्रु को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की हिंसक स्थितियों को नियंत्रित कर अहिंसा का प्रकाश फैलाया। यूं लगता है पार्श्वनाथ जीवन दर्शन के पुरोधा बनकर आये थे। उनका अतः से इति तक का पूरा सफर पुरुषार्थ एवं धर्म की प्रेरणा है। वे सम्राट से संन्यासी बने, वर्षों तक दीर्घ तप तपा, कर्म निर्जरा की, तीर्थंकर बने। जैन दर्शन के रूप में शाश्वत सत्यों का उद्घाटन किया। उनका संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृर्तित्व जैन इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। पार्श्वनाथ ने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने जीवन शुद्धि के लिए कठोर तप किया। उनके तप में सादगी थी और जीवन शुद्धि का मर्म था। वास्तव में तप वही है जिसके साथ न प्रदर्शन जुड़ा है और न प्रलोभन। इसमें न केवल उपदेश काम करता है और न अनुकरण। जीवन स्वयं एक तपस्या है।

**भगवान पार्श्वनाथ तापस परम्परा में क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जन्म आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व पौष कृष्ण एकादशी के दिन वाराणसी में हुआ था, जो इस वर्ष 7 जनवरी 2023 को है।**

■ ललित गर्ग

है न विचित्र बात !

## श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय

**संशय** का महत्व है। संशयी प्रत्यक्ष पर पूरा विश्वास नहीं करता। वह तर्क करता है। विश्वासी से संशयी बड़ा है। विश्वासी तृप्त है और संशयी बेचैन, अतृप्त। भारतीय जीवनशैली में अंधविश्वास को कोई जगह नहीं मिला। लेकिन विश्वासी और संशयी से भी बड़ा जीवन मूल्य है श्रद्धा। श्रद्धा और विश्वास में अंतर है। अस्तित्व के प्रति प्रेम का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा साधारण प्रीति नहीं। परम प्रीति है। वैज्ञानिक संपूर्ण जानकारी के लिए प्रयासरत हैं। गैर जाने भाग के बारे में जानकारियां परिपूर्ण नहीं हैं। हमारी जानकारी ही है कि हम इसे नहीं जानते। लेकिन यह जानकारी भी पर्याप्त है। इससे शोध के प्रयास की तीव्रता बढ़ती है। अस्तित्व का इससे भी बड़ा भाग अज्ञेय है। जाने हुए, जानने की सूची में आये हुए और बिना जाने भाग सहित संपूर्ण अस्तित्व के प्रति हमारी प्रीति का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा कोई विचार नहीं है। श्रद्धा, पंथ, मत, मजहब या रिलीजन के उपदेशों वाला विश्वास नहीं। श्रद्धा अनुभूति है। बूंद के हृदय में सागर का साक्षात। क्षर में अक्षर का प्रत्यक्ष। सोचना साधारण मानसिक कार्यवाही है। भारतीय दृष्टि में हरेक मानसिक या बौद्धिक कार्रवाई का आदि अंत ज्ञान है। लेकिन ज्ञान का अवसान कर्म में होना चाहिए। कोरे शब्द ज्ञान का कोई मतलब नहीं। वैसे कर्म का अवसान भी ज्ञान में होता है। कर्म करते-करते सप्रयास या अनायास अंतःकरण से कोई सुगंध उठती है। गंध आच्छादन होता है। कोई गीत उगता है। संगीत आता है। मेघ आते हैं, बिना मानसून ही और सब कुछ समय, गंधमादन और गीत संगीत से भर जाता है। यह हुई श्रद्धा। संभव है कि अब तक ऐसा नहीं हुआ हो लेकिन श्रद्धा है कि ऐसा हो सकता है किसी भी क्षण। उस क्षण या होनी की धैर्यपूर्ण प्रतीक्षा भी श्रद्धा ही है। मेघ आएंगे ही, बादलों को क्यों कोसना? सूर्य उगेंगे ही, अंधेरे से क्या उलाहना। ऊषा आयेगी ही, अंधकार से क्यों उलझना? सूर्य अरुण तरुण होकर हमें प्रकाश किरणों से नहलायेंगे ही अधीर क्यों होना? ऐसी आश्वस्त प्रतीक्षा श्रद्धा है। श्रद्धा आनंद आश्वस्ति है। भारतीय इतिहास का उत्तर वैदिक काल अग्निधर्मा था। यज्ञ प्रतिष्ठा की अग्नि आंच थी ही, ज्ञान अग्नि के ताप से तपे उपनिषदों के आग्नेय मंत्र भी इसी समय उगे। इसी साहित्य के एक आनंदवर्द्धन मंत्र में 'श्रद्धा' को पत्नी और सत्य को यजमान कहा गया है- श्रद्धा पत्नी सत्यं यजमानः। यहाँ यज्ञ का सुन्दर प्रतीक है। यज्ञ में पति-पत्नी साथ बैठते थे। पुरोहित लोककल्याण और यज्ञ आयोजक के लिए मंत्र बोलते थे। यज्ञ के आयोजक यजमान कहे जाते थे। पत्नी के बिना पारंपरिक कर्मकाण्ड पूरे नही होते। इस मंत्र में 'सत्य' यजमान है। यज्ञ साधारण हवन नहीं। वैदिक अनुभूति में अस्तित्व की पूरी गतिविधि भी यज्ञ ही है। विज्ञान, दर्शन, योग या शोध का उद्देश्य 'सत्य' प्राप्ति है। यहां सत्य ही आनंद है। मंत्र का दूसरा भाग बड़ा रोमांचकारी और प्रीतिकर है - 'श्रद्धा सत्यं त' अत्युतमं मिथुनं। पत्नी श्रद्धा और यजमान सत्य का मिथुन - प्रेमपूर्ण मिलन अतिउत्तम है। इसी मिलन से आनंद लोक मिलते हैं।' श्रद्धा और सत्य की 'लवस्टोरीह्न' रमणीय है। श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय है। मिलन भी सामान्य नहीं- श्रद्धया सत्येन मिथुने। ठीक से मिलन। जब दो नहीं बचे तब। अद्वय मिलन। श्रद्धा और सत्य दो अनुभूतियां जान पड़ती हैं। दोनों की प्रीति अजर अमर है। सत्य मिला तो श्रद्धा भी मिली। श्रद्धा आई, प्रगाढ़ हुई, संपूर्ण हुई तो सत्य की लब्धि। सत्य श्रद्धाहीन नहीं हो सकता। श्रद्धा सत्यविहीन नहीं हो सकती। सत्यहीन श्रद्धा अंधविश्वास है। बिना जाने, देखे, समझे और अनुभव रस के अभाव के बावजूद मान लेना श्रद्धा नहीं है। यहाँ लोक जीवन में वरिष्ठों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अनेक शब्द हैं। 'श्रीमान' कहने का अपना सुख है। मान्यवर या माननीय में मानने की ध्वनि है। 'माननीय' में अंतःकरण की हूक नहीं। बिना जाने ही मान लेने की चूक जान पड़ती है।

■ हृदयनारायण दीक्षित

# परीक्षा पे चर्चा छात्रों को तनाव से मुक्ति का सशक्त माहौल देता है

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां के हर देश के छात्रों के लिए जो अनेक शिक्षा क्षेत्र में अध्यनरत हैं, अनेकों के लिए चिंता मुश्किल व सोचनीय स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है जब उनके जीवन पर असर डालने वाले बोर्ड की परीक्षाओं का पल सामने आता है। यह एक ऐसी घड़ी होती है कि अच्छे-अच्छे होशियार छात्र भी उम्मीद के विपरीत स्थिति महसूस करते हैं, या यू कहें कि परीक्षा के प्रति उनकी घबराहट चिंता ही कभी-कभी असफलता का कारण बन जाती है, इसलिए तो हमारे पीएम ने 7 वर्ष पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा, सहजता ग्रहण करने परीक्षा पर चर्चा की शुरूआत की गई थी जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। 29 जनवरी 2024 को होने वाले इस कार्यक्रम में रिकॉर्ड एक करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जो 12 जनवरी 2024 तक अभी चलते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सातवें संस्करण के लिए 11 दिसंबर 2023 से इसके रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे, जिसमें छात्र अभिभावक और शिक्षकगण बहुत बड़ी मात्रा में तेजी से रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं, जो अभी से ही इतनी विशाल संख्या में रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जिसके और बढ़ाने की संभावना है जो एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनेगा। इसीलिए ही परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की ओर हितग्राहियों का झुकाव वह इसकी लोकप्रियता का अंदेशा लगाया जा रहा है, उससे कहीं अधिक होने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले छह संस्करणों में छात्रों शिक्षकों व अभिभावकों को इस कार्यक्रम से अनेक फायदे और संतुष्टि का एहसास हुआ है। चूंकि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का माहौल देता है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश भर के छात्रों अभिभावकों शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है। साथियों बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल्प प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माइगोव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी, 2024 तक, 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक यानी एक करोड़ से ऊपर प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। पीएम के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए, अब तक मायगोव पोर्टल पर 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दशार्ता है। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और पीएम के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत्साह है। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल्?पना की है - जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त वातवरण बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़े आंदोलन -एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो प्रधानमंत्री के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के प्रयासों से प्रेरित है ताकि एक ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व का उत्सव मनाया जाए, प्रोत्साहित किया जाए और आत्माभिव्यक्ति की अनुमति दी जाए। प्रधानमंत्री की सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स इस पहल को प्रोत्साहित कर रही है। लगभग 2050 प्रतिभागियों का चयन मायगोव पोर्टल पर उनके प्रश्नों के आधार पर किया जायेगा। उन्हें एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट प्रदान की जायेगी जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी में एग्जाम वॉरियर्स और एक प्रमाण पत्र शामिल होगा। 12 जनवरी (विवेकानंद के जन्म दिवस) 2024 यानी युवा दिवस से शुरू होकर 23 जनवरी (सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस) 2024 तक मुख्य कार्यक्रम के अग्रदूत के रूप में, स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों काआयोजन किया जायेगा जिनमें मैराथन दौड़, संगीत प्रतियोगिता जैसी आनंददायक सीखने की गतिविधियाँ शामिल होंगी। इनमें मीम प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, छात्र-एंकर-छात्र-अतिथि चर्चा आदि शामिल हैं। आखिरी दिन, 23 जनवरी 2024 यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की जयंती पर, देश भर के 500 जिलों में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसके लिए चंद्रयान, भारत की खेल सफलता आदि विषय शामिल होंगे - जो दिखाते हैं कि परीक्षाएं कैसे जीवन का उत्सव हो सकती हैं। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के पिछले एपिसोड में विचारों की करें तो उन्होंने कहा था, 30-40 साल बाद गर्व होगा पीएम ने आखिर में कहा, था आज जो मेरे सामने हैं, वो नया भारत हैं। 2047 में भारत जब आजादी की शताब्दी मनायेगा, तो आपके पास नेतृत्व होगा। आज से 30-40 साल बाद जब सफलता को चूमेंगे और मैं अगर जीवित रहूंगा तो गर्व से कहूंगा कि यह वही लोग हैं जिनका मुझ जनवरी को दर्शन करने का सौभाग्य मिला था। मैं गर्व करूंगा कि जब आपके हाथ में देश का नेतृत्व होगा। संतोष होगा कि इनसे मैंने बात की थी। परीक्षा जिंदगी नहीं है, परीक्षा जिंदगी में महज एक मुकाम है। आप में से बहुत से लोग हैं, जिन्हें शायद यहां मौका नहीं मिला। मैं उनसे क्षमा चाहता हूं। पीएम ने कहा था, जीवन में हर किसी को कुछ न कुछ जिम्मेदारियां निभानी होती हैं। अगर आप किसी की देखादेखी में कोई काम करते हैं, तो बहुत निराशा हाथ लगेगी। अगर अपने मन का काम करेंगे, तो मजा आयेगा। जिंदगी में अगर एकाध एंट्रेंस में रह गये तो क्या। लाखों लोग पीछे रह जाते हैं। लेकिन अगर हम डर के कारण कदम ही न रखें तो उससे बुरा कुछ नहीं। हमेशा अपने अंदर के विद्यार्थी को जीवित रखें। जीवन जीने का यही मार्ग है, नया-नया जानना।

**बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।**

■ किशन भावनानी गोंदिया

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एमपी में बिना अनुमति संचालित बालगृह से 26 लड़कियां गायब, शिवराज ने कहा- तुरंत लें एक्शन



**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल में बिना अनुमति संचालित एक बालगृह से लगभग 26 बच्चियों के गायब होने के मामले में सरकार से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। चौहान ने एक्स पर पोस्ट किया, "भोपाल के परवलिया थाना क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित बालगृह से 26 बालिकाओं के गायब होने का मामला मेरे संज्ञान में आया है। मामले की गंभीरता तथा संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार से संज्ञान लेने एवं त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं।" दरअसल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मध्यप्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा को पत्र लिखकर उन्हें इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि राजधानी भोपाल के अवैध संचालित आंचल बालगृह के निरीक्षण के दौरान उन्हें अनियमितताएं मिली हैं। इस बालगृह में 68 बच्चियां दर्ज थीं, जिनमें से मौके पर 41 ही मिली हैं। बालगृह ना तो पंजीकृत है और न ही मान्यता प्राप्त। उन्होंने पत्र में कहा कि सभी बच्चियां बाल कल्याण समिति के आदेश के बिना यहां रह रहीं थीं। ये सभी सड़कों पर रहने वाली बच्चियां थीं, जिन्हें बिना समिति को बताए हुए यहां ले आया गया था। कानूनगो ने मुख्य सचिव से इस संबंध में सात दिन के अंदर कार्रवाई करते हुए, आयोग को इस बारे में जानकारी देने को कहा है।

## लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा सिंडिकेट का शॉर्पशूटर दिल्ली से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा सिंडिकेट के एक प्रमुख सदस्य और शॉर्पशूटर को शहर के रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसे आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। विशेष सेल के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान उत्तराखंड निवासी प्रदीप सिंह (18) के रूप में हुई। दिल्ली पुलिस अधिकारी ने कहा, उसके कब्जे से .32 बोर की दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा ने प्रदीप को इंस्टाग्राम के माध्यम से भर्ती किया और आगे सिग्नल ऐप पर हरियाणा के करनाल निवासी भानु राणा के माध्यम से उससे जुड़ा और उसे दिल्ली और उसके आसपास आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार किया।

# निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूटे 8.50 लाख

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पटना के बिहटा में शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में धावा बोलकर कर्मचारियों को बंधक बनाया और 8.50 लाख रुपए लूटकर आराम से चलते बने। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बिहटा बाजार के डोमिनिया पुल के पास स्थित महिंद्रा फाइनेंस कंपनी कार्यालय में सात-आठ की संख्या में हथियारबंद अपराधी घुस आए। सभी स्टाफ को हथियार के बल पर अपने कब्जे में लिया। इसके बाद काउंटर और लॉकर में रखे गए 8.50 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद बिहटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बिहार में मिनी बंदूक कारखाने का भंडाफोड़, तस्कर गिरफ्तार, कई हथियार बरामद



**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम ने एक अवैध मिनी बंदूक कारखाने का भंडाफोड़ किया है। यहां से पुलिस ने कई हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने शामपुर थाना के मंदारे पहाड़ी पर छापामारी कर एक मिनी बंदूक कारखाने का उद्भेदन किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक हथियार तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान मिजार्पुर बरहद गांव निवासी मोहम्मद जाहिद के रूप में की गई है। एसटीएफ ने 5 देशी पिस्तौल, 2 अर्द्धनिर्मित देशी पिस्तौल, 10 मैगजीन, 1 ड्रिल मशीन, 5 बेस मशीन सहित हथियार बनाने में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी की है। पुलिस गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंचीं

**गंगटोक।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सिक्किम पहुंचीं। अधिकारियों के मुताबिक सीतारमण आज राजधानी गंगटोक में होने वाले क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी शामिल होंगे। इसी तरह उनका सिक्किम में भारत-चीन सीमा गांव कुपुप का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। इसके अलावा सीतारमण नाबार्ड के आउटरीच कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी। इससे पहले आज सुबह पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर सीतारमण के पहुचंने पर सिक्किम सरकार के अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद वह राष्ट्रीय राजमार्ग-10 से होते हुए सिक्किम पहुंचीं हैं।

### कोटद्वार में चेकिंग के दौरान 7 लाख की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** उत्तराखंड के कोटद्वार में पुलिस ने दो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस ने 7 लाख रुपये की चरस बरामद की है। पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि जिले में नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने 7 लाख की चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर नजीबाबाद से चरस खरीदकर ला रहे थे। कोटद्वार में चेकिंग के दौरान दोनों पकड़े गए। पुलिस को तस्कर अमीर अहमद से 895 ग्राम और हरेन्द्र से 495 ग्राम चरस मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चरस के रैकेट को खंगाल रही है।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस कोहरे से हवाई यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से दो डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बार फिर शनिवार को दिल्ली में कोल्ड डे की भविष्यवाणी की है और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। शहर में हल्का कोहरा भी छाया रहा, जिससे यातायात और रेल यातायात प्रभावित हुआ। पालम में सुबह 5:30 बजे सबसे कम विजिबिलिटी 1000 मीटर और सफदरजंग में सुबह 8 बजे 500 मीटर दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान क्रमशः 9.6 और 8.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

## तृणमूल कांग्रेस का बड़ा बयान- कांग्रेस के लिए दिल खुला है

# जरूरत पड़ी तो अकेले भी उतर सकते हैं चुनाव मैदान में



**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के लिए उसका दिल खुला है लेकिन अगर बातचीत विफल रहती है तो वह अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार है। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि सीट बंटवारे के बारे में कांग्रेस के स्थानीय नेता क्या सोच रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अंतिम निर्णय दोनों दलों के शीर्ष नेताओं द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस के लिए हमारा दिल खुला है। अब, वे क्या करेंगे यह उन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में गठबंधन होगा या नहीं, इसका फैसला सोनिया गांधी और ममता बनर्जी करेंगी। स्थानीय कांग्रेस नेता क्या सोचते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के उस बयान के दो दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी से सीट की भीख नहीं मांगेगी। तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि पार्टी पश्चिम बंगाल में गठबंधन के लिए तैयार है लेकिन जरूरत पड़ने पर वह अकेले भी चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। पार्टी के कई नेताओं ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य की 42 लोकसभा सीट में से चार सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर विचार कर रही है। साल 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 22 सीट, कांग्रेस ने दो सीट और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में 18 सीट हासिल की थी। लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर सीट से जीत दर्ज की थी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासिम खान चौधरी ने पड़ोसी मालदा जिले की मालदा दक्षिण सीट से लगातार तीसरी जीत हासिल की थी। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बनर्जी ने इससे पहले पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वाम दलों के बीच गठबंधन का भरोसा जताया था। इस प्रस्ताव को उनकी धुर विरोधी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने तत्काल खारिज कर दिया था और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इसकी आलोचना की थी। कुछ दिन बाद, उन्होंने दोनों दलों पर भाजपा के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह तृणमूल कांग्रेस ही है जो पश्चिम बंगाल में भगवा खेमे का मुकाबला करेगी।

# परिवारिक विवाद में ईरानी महिला की मौत, चार घायल



**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा सेक्टर-116 में शुक्रवार को परिवारिक विवाद में हुए मारपीट में एक ईरानी महिला की मौत हो गई। चार सदस्य घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए घटना के संबंध में ईरानी दूतावास को सूचना दे दी गई है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंद्र ने शनिवार को यह बताया कि ईरान के रहने वाले नासिर उर्फ असलम, फिरोज और उनके रिश्तेदार दाऊद, उसकी बहन रुबिया और अन्य सदस्य सेक्टर-116 में एक किराए के मकान में रहते हैं। ये लोग दिल्ली में कपड़े का कारोबार करते हैं। फिरोज की बेटी जीनत (23) की एक महीने पहले ही शादी हुई थी। शुक्रवार देर रात फिरोज और दाऊद के पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया है। हमले में जीनत और वहां मौजूद दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### विदेशी महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में होटल के कमरे में मिला शव

**ऋषिकेश।** थाना मुनि की रेती क्षेत्र में एक विदेशी महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में होटल के कमरे में एसी के तार से गला में फंदा कस कर आत्महत्या कर ली। उसका शव होटल के कमरे से पुलिस ने बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि महिला डिप्रेशन का शिकार थी। थाना मुनि की रेती में विदेशी महिला के साथियों की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने विदेशी महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज करते हुए तत्काल महिला की तलाश शुरू की। इसी क्रम में राजेश बहुगुणा होटल मालिक राज रिजॉर्ट तपोवन ने चौकी प्रभारी प्रदीप रावत को सूचना दी कि होटल के कमरा नंबर 102 में एक विदेशी महिला ने आत्महत्या कर ली है।

## मुसलमानों के लिए अलग देश की मांग करने वाले बिहार के प्रोफेसर का इस्तीफा

**पटना।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर मुसलमानों के लिए अलग देश की मांग करने वाले जेपी विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ खुर्शीद आलम देर शाम विवाद बढ़ने के बाद इस्तीफा दे दिया है। फेसबुक पर प्रोफेसर खुर्शीद आलम ने भारत के मुसलमानों के लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़ा एक और अलग देश बनाने की मांग की थी। जब इस पर बड़ा बखेड़ा खड़ा हो गया तब प्रोफेसर ने पोस्ट को डिलीट करने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, विश्वविद्यालय ने उसके खिलाफ जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला बिहार के छपरा स्थित जयप्रकाश नारायण यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर का है। जेपी यूनिवर्सिटी के अधीन गोरिया कोठी का नारायण कॉलेज है। वहां पोस्टेड असिस्टेंट प्रोफेसर खुर्शीद आलम ने पाकिस्तान का समर्थन और मुसलमान के लिए अलग देश की मांग करते हुए पोस्ट डाला। प्रोफेसर खुर्शीद आलम ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा है, 'मैं राज्य और देश की सरकारों से अपील करता हूं कि भारतीय मुसलमान पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़ा एक अलग राष्ट्र चाहते हैं।'

## नासिक में 22 जनवरी को उद्धव ठाकरे और पार्टी के नेता कालाराम मंदिर के करेंगे दर्शन



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह और उनकी पार्टी के नेता 22 जनवरी को नासिक के कालाराम मंदिर के दर्शन करेंगे और गोदावरी नदी के किनारे ह्यमहा आरतीह्न करेंगे। ठाकरे को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अभी तक कोई निमंत्रण नहीं मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी मां दिवंगत मीना ठाकरे को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद यहां पत्रकारों से कहा कि जब भी उनका मन करेगा तो वह अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा, अयोध्या के राम मंदिर का अभिषेक गौरव और आत्म-सम्मान का विषय है। उस दिन (22 जनवरी), हम शाम साढ़े छह बजे कालाराम मंदिर के दर्शन करेंगे जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और समाज सुधारक साने गुरुजी को विरोध प्रदर्शन करना पड़ा था। शाम साढ़े सात बजे हम गोदावरी नदी के किनारे पर महा आरती करेंगे। नासिक के पंचवटी इलाके में स्थित कालाराम मंदिर भगवान राम को समर्पित है। मंदिर को काले रंग के पत्थर से बनी भगवान राम की मूर्ति के लिए यह नाम मिला। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम वनवास के दौरान अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ पंचवटी में रहे थे। डॉ. आंबेडकर ने 1930 में कालाराम मंदिर में दलितों के प्रवेश की मांग करते हुए प्रदर्शन की अगुवाई की थी।

## सर्वे रिपोर्ट 4 सप्ताह बाद होगा सार्वजनिक

# फरवरी से काशी का ज्ञानवापी मुद्दा भी चढ़ सकता है परवान

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के पीछे भले ही साढ़े पांच सौ वर्षों का संघर्ष है लेकिन अब यह चुनावी मुद्दा भी बन गया है। इसका असर अप्रैल में होने वाले लोकसभा चुनाव पर पड़ना तय माना जा रहा है, इसलिए सभी दल किसी न किसी रूप में इसका श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह ज्ञानवापी मुद्दा भी फरवरी से परवान चढ़ सकता है। ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सील बंद सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने के मामले में जिला अदालत से शनिवार को आदेश आ गया है। इन मुद्दों से जिस तरह से जनभावना जुड़ा है उसे देखते हुए सर्वे रिपोर्ट के असर से भी लोस चुनाव को अलग नहीं रखा जा सकता। शनिवार को वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआई का आवेदन स्वीकार कर लिया। जिसमें एएसआई टीम ने चार सप्ताह तक रिपोर्ट सार्वजनिक न करने की अपील की थी। क्योंकि रिपोर्ट की कापी तैयार होने में चार सप्ताह का समय लगेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए समय दिया जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की कापी की मांग हिंदू व मुस्लिम पक्ष दोनों ने ही की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी, फिर ईमेल आईडी देकर रिपोर्ट मांगी है। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने जिला जज की अदालत में आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने अनुरोध किया कि शपथ पत्र लेने के बाद ही सर्वे की रिपोर्ट दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सर्वे की रिपोर्ट लीक नहीं होगी। मीडिया कवरेज पर रोक लगाने की मांग भी की गई है।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के लिए 430 शहरों से चलेंगी 72 ट्रेनें

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

अयोध्या में नये बन रहे मंदिर में 22 जनवरी को 47 सेकेंड के शुभ मुहूर्त में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों को दर्शन कराने के लिए रेलवे ने देश के 430 शहरों से 72 ट्रेनें चलाने की तैयारी कर ली है।इनमें एसी से लेकर स्लीपर व जनरल सभी श्रेणी की ट्रेनें होंगी। ऊपरी निर्देश के बाद हुए इस इंतजाम के अनुसार अगले कुछ दिन में अयोध्या की ओर जाने वाली नई ट्रेनों का शेड्यूल जारी होगा।अभी तो अयोध्या के लिए 35 ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इसमें कुछ तो रोज चलती हैं ,कुछ साप्ताहिक हैं। लेकिन 22 जनवरी के बाद से इन 35 ट्रेनों के अलावा 37 अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इस तरह देशभर के 430 शहरों से कुल 72 ट्रेनों का संचालन होगा। देश के ज्यादा से ज्यादा शहरों को अयोध्या से सीधा जोड़ने की कोशिश है। ताकि पूरे देश से राम का दर्शन करने लोग आ सकें। और राममय होते -होते भाजपामय हो सकें। यदि और ट्रेनों की मांग बढ़ेगी तो ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। नए में नया बने स्टेशन पर रोज 50 हजार लोगों को संभालने की क्षमता होगी। यह स्टेशन अभी पूरा बना नहीं है, लेकिन 22 जनवरी के पहले बन जाने की संभावना है।

### निम्न गाड़ियों से अयोध्या जाया जा सकता है



| | |
|---|---|
| 19165 साबरमती एक्सप्रेस | 14236 बरेली वाराणसी एक्सप्रेस |
| 14854 मरुधर एक्सप्रेस | 19167 साबरमती एक्सप्रेस |
| 142 06 अयोध्या एक्सप्रेस | 15116 लोकनायक एक्सप्रेस |
| 12226 कैफियत एक्सप्रेस | 13238 पटना एक्सप्रेस |
| 19321 इंदौर पटना एक्सप्रेस | 13484 फरक्का एक्सप्रेस |
| 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस | 15026 मऊ एक्सप्रेस |
| 13010 योग नगरी ऋषिकेश हावड़ा एक्सप्रेस | 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस |
| 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस | 19615 कवि गुरु एक्सप्रेस |
| 14222 कानपुर अनवरगंज फैजाबाद एक्सप्रेस | 15623 कामाख्या एक्सप्रेस |
| 13152 कोलकाता एक्सप्रेस | 14018 रक्सौल सद्भावना एक्सप्रेस |
| 04204 अयोध्या छावनी एक्सप्रेस विशेष | 18104 टाटानगर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस |
| 22550 वंदे भारत एक्सप्रेस | 15024 यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस |
| 15084 उत्सर्ग एक्सप्रेस | 19053 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस |
| 15054 छपरा एक्सप्रेस | 09465 दरभंगा क्लोन स्पेशल ट्रेन |
| 15667 कामाख्या एक्सप्रेस | 15635 गुवाहाटी एक्सप्रेस |
| | --------------- |

## रिश्तेदार ने युवक को किया आग के हवाले, मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक 23 वर्षीय व्यक्ति को उसके रिश्तेदार ने कथित तौर पर आग लगा दी, जिसमें वह 75 प्रतिशत झुलस गया था। अब इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मृतक की पहचान उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद निवासी नुमान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 3.55 बजे वजीराबाद थाने की पुलिस को आग से जलने की सूचना मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "जब पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा व्यक्ति को पहले ही अस्पताल पहुंचा दिया गया। वह 75 प्रतिशत जला हुआ पाया गया। अस्पताल में जांच अधिकारी (आईओ) ने पीड़ित का बयान लिया। उसने आरोप लगाया कि उसके 22 वर्षीय रिश्तेदार ने उसे अपने पास आने के लिए संदेश भेजा और फिर उसके ऊपर कुछ ज्वलनशील पदार्थ डाला और आग लगा दी।"पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।


## श्रीनगर में हथियार बरामदगी मामले में घर कुर्क




**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को श्रीनगर में हथियार बरामदगी मामले में एक घर कुर्क कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की सहायता से एनआईए ने शनिवार को श्रीनगर के चनापोरा इलाके की खान कॉलोनी में मुश्ताक अहमद के घर को कुर्क कर लिया। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने पिछले साल मई में चनापोरा इलाके में लश्कर के दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था, इनके कब्जे से 15 पिस्तौल, 30 मैगजीन, 300 राउंड और एक साइलेंसर बरामद किया गया था। बाद में उस मामले को एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया।

## उपलब्धि — यहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बराबर होगा

# आदित्य-एल1 हेलो कक्षा एल1 पर पहुंची



**एजेंसी। चेन्नई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की कि भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 सफलतापूर्वक अपने गंतव्य तक पहुंच गई है। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर कहा, भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की है। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपनी मंजिल तक पहुंच गई है। यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का एक प्रमाण है। मैं इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। आदित्य-एल1 को 2 सितंबर, 2023 को भारतीय रॉकेट ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान - एक्सएल संस्करण द्वारा निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में परिक्रमा की गई थी, जो शनिवार शाम को अपनी हेलो कक्षा सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) पर पहुंच गया। यह वह बिंदु है, जहां दो बड़े पिंडों - सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान उनमें से किसी की ओर गुरुत्वाकर्षण नहीं करेगा।

आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान विद्युत चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड ले जाता है। इसरो ने कहा, विशेष सुविधाजनक बिंदु एल1 का उपयोग करते हुए चार पेलोड सीधे सूर्य को देखते हैं और शेष तीन पेलोड लैग्रेंज बिंदु एल1 पर कणों और क्षेत्रों का इन-सीटू अध्ययन करते हैं, इस प्रकार अंतरग्रहीय मध्यम में सौर गतिशीलता के प्रसार प्रभाव का महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अध्ययन प्रदान करते हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, उम्मीद है कि आदित्य-एल1 के सात पेलोड कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियों और उनकी विशेषताओं, अंतरिक्ष मौसम की गतिशीलता, कण और क्षेत्रों के प्रसार और अन्य की समस्या को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे। इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन के प्रमुख विज्ञान उद्देश्य हैं: सौर ऊपरी वायुमंडलीय 4 गतिशीलता का अध्ययन, क्रोमोस्फेरिक और कोरोनल हीटिंग का अध्ययन, आंशिक रूप से आयनित प्लाज्मा की भौतिकी और कोरोनल मास इजेक्शन और फ्लेयर्स की शुरूआत।

# 10 दिन बाद ही अंबाती रायडू की राजनीतिक पारी समाप्त



**एजेंसी। अमरावती**

राजनीति में कदम रखने के महज 10 दिन बाद पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने शनिवार को वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से अपने इस्तीफे की घोषणा की। रायडू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वह कुछ समय के लिए राजनीति से दूर रहेंगे। उन्होंने अपने फैसले का कोई कारण नहीं बताया। अंबाती रायडू ने पोस्ट किया, ...मैंने वाईएसआरसीपी छोड़ने और कुछ समय के लिए राजनीति से दूर रहने का फैसला किया है। आगे के कदम के बारे में उचित समय पर सूचित किया जाएगा। वह 28 दिसंबर को आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए थे। वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने उनका पार्टी में स्वागत किया था। स्टाइलिश मध्यक्रम बल्लेबाज ने इस साल अप्रैल में राजनीति में प्रवेश करने का फैसला किया था। उन्होंने घोषणा की कि वह लोगों की सेवा करना चाहते हैं। हालाँकि, उन्होंने दोनों तेलुगु राज्यों के राजनीतिक दलों को सस्पेंस में रखा था कि वह किस पार्टी में शामिल होंगे। मई-जून में उन्होंने जगन मोहन रेड्डी के साथ कुछ बैठकें कीं लेकिन अपने राजनीतिक कदम के बारे में चुप्पी साधे रहे। आंध्र प्रदेश के रहने वाले क्रिकेटर ने आखिरकार वाईएसआरसीपी में शामिल होकर सस्पेंस खत्म कर दिया था।

## सबरीमाला तीर्थयात्रियों को कर्नाटक मस्जिद में मिला आश्रय, पूजा की भी अनुमति



**कोडागु (कर्नाटक)।** उत्तरी कर्नाटक के छह हिंदू तीर्थयात्रियों का एक समूह, जो रात के दौरान केरल के सबरीमाला मंदिर पहुंचे थे और वन्यजीवों के हमले के खतरे का सामना कर रहे थे, उन्हें कोडागु जिले में एक मस्जिद के परिसर में रहने की अनुमति मिलने के बाद राहत मिली। कोडागु जिले के विराजपेट तालुक के एडथरा गांव में लिवाउल हुडा जुम्मा मस्जिद और मदरसा के प्रबंधन और धार्मिक प्रचारकों की हिंदू तीर्थयात्रियों को आश्रय देने के लिए प्रशंसा की जा रही है। बेलगावी जिले के गोकक के पास एक गांव के हिंदू तीर्थयात्रियों ने बाइक पर सबरीमाला की यात्रा शुरू की। घने जंगल के बीच स्थित एडथारा गांव पहुंचने पर, उन्हें वन्यजीवों, खासकर हाथियों के हमलों के संभावित खतरे के बारे में पता चला। मस्जिद को देखने के बाद, उन्होंने प्रबंधन से उन्हें रहने की अनुमति देने का अनुरोध किया। मस्जिद के अध्यक्ष उस्मान और पदाधिकारी खतीब कमरुद्दीन अनवारी ने इसके लिए हां करते हुए मस्जिद में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। तीर्थयात्रियों कमलेश गौरी, भीमप्पा सनादी, शिवानंद नवेदी, गंगाधर बडीदे और सिद्दरोड सनादी को मस्जिद के परिसर में पूजा करने की भी अनुमति दी गई।

# लिंडा नोस्कोवा को हरा रिबाकिना फाइनल में

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल रूण भी



**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

टेनिस के एक रोमांचक दिन में एलेना रिबाकिना ने अपना कौशल दिखाया और यहां पैट राफ्टर एरेना में चेक किशोरी लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ शनिवार को 6-3, 6-2 की शानदार जीत के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में प्रवेश किया। विंबलडन 2022 चैंपियन ने आर्यना सबालेंका के खिलाफ संभावित मुकाबले की तैयारी करते हुए फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी, जिन्होंने 63 मिनट की भिड़ंत में 26 विनर्स लगाए और केवल 10 बेजां भूलें कीं, उन्होंने इस सप्ताह चार मैचों में केवल 12 गेम गंवाएं हैं। कजाकिस्तान की रिबाकिना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह वास्तव में अच्छा माहौल है, और मैं यहां ब्रिस्बेन में अपने समय का आनंद ले रही हूं। यह मेरे लिए वर्ष की एक अद्भुत शुरूआत है।

यह जीत 24 वर्षीया को उसके करियर के 15वें डब्ल्यूटीए एकल फाइनल और ऑस्ट्रेलिया में चौथे स्थान पर ले जाती है, जिससे आर्यना सबालेंका के साथ संभावित मुकाबले के लिए मंच तैयार हो जाता है, जो दूसरे सेमीफाइनल में दो बार की ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से भिड़ेंगी। रिबाकिना ने आगे की चुनौती पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा, मैं उनके मैच का थोड़ा सा हिस्सा देखूंगी और कल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। उम्मीद है, यह एक शानदार लड़ाई होने वाली है।

यदि सबालेंका आगे बढ़ती है, तो यह 2015 के बाद से ब्रिस्बेन इंटरनेशनल महिला एकल फाइनल में पहली शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों की भिड़ंत हो सकती है। पुरुष एकल ड्रा में, शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क के होल्गर रूण ने रोमन सफीउलिन के खिलाफ 6-4, 7-6(0) से जीत हासिल कर प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। रूण अब एटीपी 250 खिताब का दावा करने से केवल एक जीत दूर हैं और टूनामेंट के इतिहास में एकल फाइनल में पहुंचने वाले चौथे शीर्ष वरीयता प्राप्त व्यक्ति बन गए हैं।


# भारत के खिलाफ टी 20 के लिए अफगान टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अफगानिस्तान के नियमित टी20 कप्तान राशिद खान, स्पिनर मुजीब उर रहमान और विकेटकीपर-बल्लेबाज इकराम अलीखिल को भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया है।

दिलचस्प बात यह है कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अपने बयान में कहा कि लेग स्पिन ऑलराउंडर राशिद भारत के खिलाफ किसी भी मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह हाल ही में हुई पीठ की सर्जरी से उबर रहे हैं। राशिद यूएई के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर अफगानिस्तान टीम के साथ थे।

इसका मतलब यह भी है कि शारजाह में यूएई के खिलाफ अफगानिस्तान को 2-1 से सीरीज जीत दिलाने वाले सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। अलीखिल, जो यूएई के खिलाफ रिजर्व का हिस्सा थे, को बैकअप विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में मुख्य टीम में पदोन्नत किया गया है और उन्होंने साथी कीपर मोहम्मद इशाक की जगह ली है।



विजय टीम के सदस्य।

मिस्ट्री स्पिनर मुजीब की भारत के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है, क्योंकि पहले तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन-उल-हक के साथ बोर्ड ने उन्हें 2024 के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रहने की इच्छा व्यक्त करने पर मंजूरी दे दी थी।

इसके चलते बोर्ड ने फैसला किया कि अगले दो साल तक विदेशी टी20 लीग में खेलने के लिए इन तीनों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया जाएगा। नवीन और फारूकी ने देश का प्रतिनिधित्व करने की तीव्र इच्छा व्यक्त करने के बाद संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान टीम में जगह बनाई, जबकि मुजीब का बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ कार्यकाल समय से पहले समाप्त हो गया।

एसीबी अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने कहा, हम तीन मैचों की श्रृंखला के लिए अपने पहले भारत दौरे पर आने से खुश हैं। भारत दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है और अफगानअटलान को उनके खिलाफ तीन मैचों की टी20 में प्रतिस्पर्धा करते देखना बहुत सुखद है। हमारा मानना है कि अफगान अटलान अब कमजोर नहीं है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है और हम भारत के खिलाफ एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह पहली बार होगा जब भारत द्विपक्षीय पुरुष टी20 श्रृंखला में अफगानिस्तान का सामना करेगा, जिसके मैच क्रमशः 11, 14 और 17 जनवरी को मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में होंगे। वेस्ट इंडीज और यूएसए में 1-29 जून तक होने वाले 2024 पुरुष टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला होगी।

**अफगानिस्तान टीम :** इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

# उम्मीद फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक शंकर दूबे ने जताया आभार



**रांची ।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 की सफलता के लिए संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्य संरक्षक शंकर दुबे को सम्मानित किया है। उन्होंने उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री दुबे ने संस्थान के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी संस्थाओं, मीडिया संस्थानों, पत्रकार साथियों, पुरस्कार विजेता खिलाडियों सहित व्यक्तिगत तौर पर सहयोग करने वाले प्रबुद्ध लोगों का ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद करता हूं। इतने बड़े आयोजन के दौरान संस्थान के पदाधिकारियों व इससे जुड़े लोगों ने जिस अनुशासन का परिचय दिया है, वह भी उम्मीद फाउंडेशन को एक अलग पहचान का बोध कराता है। वहीं फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों का जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 के प्रति समर्पण की जिस भावना का परिचय दिया है, वह प्रशंसनीय है और आगे भी संस्थान आपसे इसी प्रकार की सहयोग व साथ की अपेक्षा करता है। मौके पर निरंजन भारती, प्रदीप मिर्धा, सोनू खलको समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# आईजे मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट



**रामगढ़।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में छावनी फुटबॉल मैदान में ए डिवीजन जिला लीग का मैच शनिवार को शारदा क्रिकेट अकादमी बनाम जस्ट क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। निर्धारित 40-40 ओवर के मैच में शारदा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.4 ओवर मे 227 रन बनाये और आउट हो गई। जवाबी पारी खेलते हुए जस्ट क्रिकेट अकादमी की टीम 34.4 ओवर में 178 बनाकर आउट हो गई और 49 रनो से मैच हार गई । मैच में शारदा क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज कुमार अक्स ने 84 रन, राहुल राज ने 33 रन, अभिषेक कुमार ने 26 रन, अभिषेक आर्यन ने 20 रन, सुमित कुमार ने 16 रन और मनीष ने 14 रन बनाये। जबकि जस्ट क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कृष्णा चन्द्रा ने 16 रन देकर 3 विकेट, कैफ आलम ने 32 रन देकर 2 विकेट, ऋषि प्रकाश ने 31 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। जस्ट अकादमी के बल्लेबाज कृष्णा चंद्रा ने 35 रन, कुमार कुशाग्र ने 31 रन, कैफ आलम ने 34 रन, हरिकिशन ने 16 रन और आशीष ने 22 रन बनाए। शारदा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज राहुल राज ने 21 रन देकर 3 विकेट, अनुज कुमार ने 29 रन देकर 2 विकेट और अभिषेक ने 52 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। मैच में अंपायरिंग सुमित कुमार एवं आदित्य रजक ने किया जबकि स्कोरिंग में रवि मुंडा ने किया। मौके पर आरसीए सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद,दिनेश कुमार साव उपस्थित थे।

# वार्नर की जगह लेने को स्टीवन तैयार : लाबुशेन



**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा है कि उनकी टीम के साथी स्टीवन स्मिथ टेस्ट में टीम के लिए सलामी बल्लेबाज बनने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि वह वास्तव में ऐसा चाहते हैं और इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए प्रेरित हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट में तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर स्मिथ ने एबीसी ग्रैंडस्टैंड से कहा था कि वह डेविड वार्नर के प्रारूप से संन्यास लेने के बाद अगला टेस्ट ओपनर बनने के इच्छुक हैं। ऑस्ट्रेलिया द्वारा पाकिस्तान को तीसरे टेस्ट में आठ विकेट से हराने और सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप करने में नाबाद 62 रन बनाने वाले लाबुशेन ने एसईएन रेडियो से कहा, ह्लउनका औसत पांच नंबर पर 58, चार नंबर पर 61 और तीन नंबर पर 67 है, इसलिए ऐसा लगता है कि वह जितना ऊपर जाएंगे उनका औसत उतना ही अधिक होगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर हम इसी तरह आगे बढ़े तो वह बहुत अच्छा करेगा। वह वास्तव में यह चाहता है, वह वह प्रेरणा चाहता है... बल्लेबाजी के लिए इंतजार करना उसकी विशेषता नहीं है, वह तुरंत वहां पहुंचना चाहता है। "यह पूछे जाने पर कि क्या वह खुद इस भूमिका पर विचार करेंगे, लाबुशेन ने कहा कि हालांकि टीम की जरूरतें उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं, लेकिन वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करके खुश हैं।

# दुनिया मुझे मनोरंजक के तौर पर याद रखे : वार्नर



**एजेंसी। सिडनी**

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 57 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान पर आठ विकेट से जीत दिलाने वाले अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अपने विदाई भाषण में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जो युवा बच्चे वहां आएंगे, उनके नक्शेकदम पर चल सकते हैं।

हालांकि जब ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य से 11 रन पीछे था तब ऑफ स्पिनर साजिद खान की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट होने के बाद वार्नर गिर गए, लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज ने एक आरामदायक जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी कुछ किया, भीड़ से खड़े होकर तालियां बटोरीं और अपने टेस्ट करियर का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर 3-0 से सीरीज जीत हासिल की। यह लगभग एक सपने के सच होने जैसा है। 3-0 से जीतें और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के लिए 18 महीने से लेकर दो साल तक के शानदार समय का समापन करें। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीत के बाद, एशेज श्रृंखला ड्रा और फिर विश्व कप और फिर यहां आना और 3-0 से जीत हासिल करना एक उत्कृष्ट उपलब्धि है और मुझे यहां कई महान क्रिकेटरों के साथ होने पर गर्व है। वार्नर ने मैच समाप्त होने के बाद मेजबान प्रसारकों से कहा, ये लोग अपनी पीठ के बल काम करते हैं।

## व्यापार

# भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए : पीयूष गोयल

## कहा-विकसित देश बनने के लिए अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी। गोयल ने कहा कि अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता। पीयूष गोयल ने शनिवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि इस दिशा में बीआईएस



को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए। इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए।

पीयूष गोयल ने कहा कि मानकों को जहां भी संभव हो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए लिफ्ट या एयर फिल्टर या चिकित्सा आइटम हो सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक 672 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 156 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए जा चुके हैं जबकि 2014 से पहले सिर्फ 106 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 14 क्यूसीओ ही मौजूद थे।

गोयल ने आभूषणों की हॉलमार्किंग में बीआईएस के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि अनिवार्य हॉलमार्किंग 343 जिलों को कवर करती है। उन्होंने कहा कि रोजाना 4.3 लाख से अधिक वस्तुओं को हॉलमार्क किया जाता है, लोग जो आभूषण खरीद रहे हैं उनमें से 90 फीसदी आभूषण हॉलमार्क वाले होते हैं। 'भारत में गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए संवाद' का आयोजन बीआईएस ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ संयुक्त रूप से किया था।

## कच्चा तेल प्रति बैरल 79 डॉलर, पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़ कर 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंड क्रूड 1.17 डॉलर यानी 1.51 फीसदी की बढ़त के साथ 78.76 डॉलर प्रति बैरल पर टिका हुआ है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.62 डॉलर यानी 2.24 फीसदी की उछाल के साथ 73.81 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## अडानी इलेक्ट्रिसिटी ने 2023 में किया शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी। मुंबई**

अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड ने 2023 में हाई-वोल्टेज प्रदर्शन दर्ज किया और 2024 में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। यह बात कंपनी के अधिकारियों ने शनिवार को कही। एईएमएल 99 प्रतिशत विश्वसनीयता के साथ मुंबई और उपनगरों में 400 वर्ग किलोमीटर में फैले तीन मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को प्रतिदिन लगभग 2000 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है, जो देश में सर्वोच्च रैंकिंग में से एक है। बिना किसी घबराहट के, एईएमएल ने 9 जून को बिजली की बंपर चरम मांग को पूरा किया। कभी न सोने वाले शहर को एक ही दिन में 2,160 मेगावाट की आपूर्ति की। वर्ष 2023 में एईएमएल ने 100,000 नए कनेक्शनों के साथ वाट्स लाए, और 4,500 ग्राहकों ने खुद को खुशी देने के लिए पाला बदल लिया। एईएमएल के लगभग 88 प्रतिशत ग्राहकों ने भुगतान के डिजिटल रूपों को चुना। 300,000 से अधिक ग्राहकों ने कागज के बिल फेंक छोड़ दिए, बड़ी संख्या में पेड़ बच गए। इस मामले में पेड़ों को बचाने के बारे में एक उपन्यास लिखा जा सकता है।

## शेयर 90 पैसे से बढ़कर 40 रुपये के पार, निवेशक बने करोड़पति

**ट्राइडेंट लिमिटेड के शेयर में लगातार तेजी देखने को मिली है**

**बीते 10 वर्षों में निवेशकों को 3600 फीसदी का रिटर्न मिला है**

**किसी निवेश के पहले वित्तीय सलाहकार से करें बात**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार में अगर सही स्टॉक हैं, जिन्होंने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इन शेयरों में निवेश करने वालों को छप्परफाड़ रिटर्न मिला है। आज हम आपको एक ऐसे ही शेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने निवेशकों को लगातार बंपर रिटर्न दिया है। कभी 90 पैसे के स्तर पर कारोबार कर रहे इस शेयर के भाव आज बढ़कर 40 रुपये के पार हो चुके हैं। शेयर में अभी भी तेजी बनी हुई है। यह शेयर ट्राइडेंट कंपनी का है। ट्राइडेंट लिमिटेड के शेयर में 10 हजार का निवेश करने वालों को पूरे 4 लाख रुपये का रिटर्न मिला है। हालांकि आप शेयर बाजार में किसी भी स्टॉक में बिना जानकारी के निवेश न करें। ऐसा करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी भी स्टॉक में निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें।

# एफआइएच हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड आयी भारतीय महिला हॉकी टीम खूंटी पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड आयी भारतीय महिला हॉकी टीम आज खूंटी पहुंची। इस दौरान पारंपरिक रूप से टीम का स्वागत किया गया। खूंटी के एस्ट्रोटर्फ मैदान में भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच का अभ्यास किया। टीम में खूंटी जिले की निक्की प्रधान सहित भारतीय



टीम के सभी हॉकी खिलाड़ी शामिल रहे। इस दौरान उपायुक्त, लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, आईटीडीए सहित जिले के हॉकी खिलाड़ी और खेलप्रेमीयों ने उपस्थित होकर भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बिरसा कॉलेज परिसर के एस्ट्रोटर्फ मैदान में अभ्यास मैच खेलते देखा। अभ्यास के पश्चात उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं टीम के कोच को सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि खूंटी में टीम के अभ्यास से जिले में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी के लिए हर्ष की बात है कि यहां भारतीय टीम प्रैक्टिस के लिए पहुंची है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मैच के लिए शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सुश्री निक्की प्रधान ने बताया कि हमारी टीम प्रेरित है।

## चीनी जन बैंक ने 2024 में अपने प्रमुख कार्यों को स्पष्ट किया

**बीजिंग।** चीनी जन बैंक ने 2024 में अपने प्रमुख कार्यों की घोषणा की। चीनी जन बैंक ने यह घोषणा की कि 2024 में वह विवेक पूर्ण मौद्रिक नीतियों को लचीला, उचित, सटीक और प्रभावी बनाने का प्रयास करेगा, प्रमुख क्षेत्रों में वित्तीय जोखिमों की रोकथाम और समाधान को लगातार बढ़ावा देगा, पूरी तरह से उच्च गुणवत्ता वाले वित्तीय विकास को बढ़ावा देगा। चीनी जन बैंक की 2024 कार्यबैठक में दस पहलुओं से 2024 के लिए प्रमुख कार्य प्रस्तावित हैं। उनमें से पार्टी के व्यापक और सख्त शासन को बढ़ावा देना जारी रखना₹ पहले स्थान पर है। मौद्रिक नीति के संदर्भ में चीनी जन बैंक ने अच्छी मौद्रिक नीति जो लचीली, उचित, सटीक और प्रभावी है का प्रस्ताव रखा, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के आर्थिक कार्य सम्मेलन की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

## अलास्का एयरलाइंस ने सभी बोइंग 737-9 विमानों का परिचालन रोका

**वाशिंगटन।** अलास्का एयरलाइंस ने अपने सभी बोइंग 737-9 विमानों का परिचालन रोक दिया है। ऐसे ही एक विमान की एक खिड़की और उसके साथ जुड़ी केबिन की दीवार का एक हिस्सा निकलकर हवा में उड़ जाने के बाद ओरेगॉन के पोर्टलैंड में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अलास्का एयरलाइंस के सीईओ बेन मिनिकुची के शुक्रवार देर रात एक बयान के हवाले से कहा, उड़ान संख्या 1282 पर आज रात की घटना के बाद हमने 65 बोइंग 737-9 विमानों के अपने बेड़े को अस्थायी रूप से बंद करने का एहतियाती कदम उठाने का फैसला किया है। बोइंग ने एक अलग बयान में कहा कि ₹एक तकनीकी टीम जांच में सहयोग के लिए तैयार है। कुल 171 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को लेकर ओन्टारियो, कैलिफोर्निया के लिए जाने वाले विमान ने शुक्रवार शाम 4.52 बजे उड़ान भरी और 20 मिनट बाद पोर्टलैंड लौट आया। एक यात्री द्वारा भेजी गई तस्वीरों के अनुसार, हवाई जहाज के धड़ का एक बड़ा हिस्सा और एक खिड़की गायब थी। उन्होंने आगे कहा, यह सचमुच अजीबो-गरीब था। अभी-अभी विमान ऊंचाई पर पहुंचा, और खिड़की/दीवार अचानक से खुल गई, इसका पता तब चला जब ऑक्सीजन मास्क नीचे आ गये।" एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने घोषणा की है कि वे घटना की जांच करेंगे।

## लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई/नई दिल्ली।** लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़ कर 620.441 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 29 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें हफ्ते उछल कर 22 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़ कर 551.61 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह स्वर्ण भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर उछल कर 48.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 3.8 करोड़ डॉलर बढ़ कर 18.36 अरब डॉलर हो गया है।

## एक नजर

### पति से नोकझोंक कर महिला ने खाया जहर चल रहा उपचार

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी अमित कुमार की पत्नी पूजा रानी देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि पूजा रानी एवं उसके पति के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर पूजा रानी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत पूजा रानी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### किशोरी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अलकर गांव निवासी गौतम सिंह की पुत्री सलोनी कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घरेलू कामकाज को लेकर सलोनी कुमारी को उसके स्वजनों ने डांट फटकार किया था। इससे गुस्से में आकर उसने अनाज में डालने के लिए घर में रखे हुए कीटनाशक को खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिली। तब उसे अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत सलोनी कुमारी की हालत में सुधार हो रहा है।

### वृद्धा आश्रम में बेडशीट व तिलकुट का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के सदस्यों द्वारा शनिवार को वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध लोगों के बीच बेडशीट व तिलकुट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू ने कहा कि जायन्ट्स ग्रुप द्वारा हमेशा इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों की सहायता करना हम सबों का कर्तव्य है। वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध बेडशीट और तिलकुट पाकर खुश थे। मौके पर डॉ धर्मचन्द लाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार, हृदया नंद कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा, अनूप निराला, बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार, धीरज कुमार,सुजीत कुमार, शुभम आदि उपस्थित थे।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी बरवारी टोला में दो पक्षों के बीच शनिवार को हुए लाठी डंडे से मारपीट में दोनों पक्षों से एक-एक लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इसमें एक पक्ष से शिव कुमार यादव पिता रक्षया यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया है। एक पैर फ्रेक्चर हो गया है। जबकि दूसरे पक्ष से रामनाथ यादव को चोट लगी है। खबर लिखे जाने तक थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। बताया जाता है कि दोनों पक्षो में जमीन का विवाद चल रहा है जिसमे एक सप्ताह पुर्व दोनो पक्षो को थाना में समझौता कराया गया था। उसी विवाद को लेकर शनिवार को शिव यादव को दूसरे पक्ष के ब्रह्मनाथ यादव, रामनाथ यादव, उमा शंकर यादव व रंजन यादव से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

# पचोर पंचायत के रोजगार सेवक का हुआ तबादला

**बीडीओ की शिकायत पर झोतर पंचायत के रोजगार सेवक पर भी लटकी कार्रवाई की तलवार**

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड क्षेत्र स्थित पचोर पंचायत के रोजगार सेवक दामोदर कुमार रवि का दूसरे प्रखंड में तबादला कर दिया गया है। बीडीओ राहुल कुमार सानू की लिखित शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने यह कार्रवाई की है। विदित हो कि इससे पूर्व अनुशासनहीनता के आरोप में बीडीओ ने रोजगार सेवक को पदमुक्त करते हुए प्रखंड कार्यालय में बैठा दिया गया था। साथ ही मामले की लिखित शिकायत उनके द्वारा जिले के उपविकास आयुक्त के पास करने का काम किया गया था।

इसके अलावा झोतर पंचायत के रोजगार सेवक अनिल केरकेट्टा के खिलाफ भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए जिला कार्यालय द्वारा उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दी गई है। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दोनों रोजगार सेवकों के खिलाफ जिले के उपविकास आयुक्त के पास लिखित रूप में शिकायत की गई थी। एक को प्रखंड से हटा दिया गया, जबकि दूसरे से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि दूसरे के खिलाफ भी बहुत ही जल्द कठोर कार्रवाई होने जा रही है। मालूम हो कि रोजगार सेवक दामोदर कुमार रवि लगभग तीन वर्षों से पंचौर पंचायत में सेवा दे रहे थे। उनका तबादला हो जाने से प्रखंड में रोजगार सेवकों की संख्या 9 से घटकर 8 हो जाएगी। ऐसे में पचोर पंचायत में रोजगार सेवक का पद अतिरिक्त प्रभार में चलना लाजमी हो जाएगा। इसी तरह रोजगार सेवक अनिल केरकेट्टा का भी कहीं दूसरे प्रखंड के लिए तबादला हो जाता है तो प्रखंड में रोजगार सेवकों की संख्या 8 से घटकर और कम 7 हो जाएगी।

# दुकानों पर लटके ताले, गरीबों को निवाले के लाले

## खरौंधी प्रखंड में पीडीएस डीलरों की हड़ताल से राशन का वितरण ठप, 10519 कार्डधारी हो रहे परेशान





**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
फेयर प्राइस पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन के अनिश्चितकालीन हड़ताल से खरौंधी प्रखंड में राशन का वितरण पूरी तरह से ठप पड़ गया है। खरौंधी प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में 33 डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन वितरण कराती है। पीडीएस डीलरों के हड़ताल पर जाने के कारण गरीबों को राशन नहीं मिल पा रहा है।

खरौंधी प्रखंड में कुल राशनकार्ड धारियों की संख्या 10519 है। इसमें पीएच राशनकार्ड धारियों की संख्या 9256 है, जिसमे लाभुकों की संख्या 41901 है। अंत्योदय राशन कार्ड धारियों की संख्या 1263 है, जिसमें परिवारों की संख्या 5644 है। जबकि ग्रीन राशनकार्ड धारियों एवं सफेद राशन कार्ड धारियों 320 है। खरौंधी प्रखंड के डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष शिवकुमार यादव और सचिव अंजन कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच साल तक पांच किलो अनाज बांटने की घोषणा की है, लेकिन डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है। कोरोनाकाल में 16 महीने तक लाभुकों के बीच मुफ्त अनाज वितरण किया गया था, जिसका कमीशन भी अब तक नहीं मिला है। वहीं डोर टू स्टेप डिलीवरी का पैसा भी मार्च से दिसंबर तक का बकाया है। उन्होंने बताया कि जब तक डीलरों की मांगें पूरा नहीं की जायेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रखंड के डीलर विगत 1 जनवरी से विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। डीलरों के हड़ताल पर जाने एवं राशन वितरण नहीं होने से कई घरों में निवाला पर भी आफत आ गई है। कई लाभुक जिन्हें डीलरों के हड़ताल पर जाने की सूचना नहीं है वे जनवितरण प्रणाली की दुकान का चक्कर लगा रहे हैं। कई लाभुकों ने सरकार से राशन डीलरों की समस्या का जल्द निदान करने एवं राशन वितरण कराने की मांग की है।


### भवनाथपुर के पंसस ने गढ़वा उपायुक्त से की पात्र लोगों को अबुआ आवास का लाभ देने की मांग

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि चंदन कुमार ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित अबूआ आवास योजना राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सरदर्द साबित हो रही है। पंचायत प्रतिनिधियों को जनता के कोपभाजन का शिकार भी होना पड़ रहा है। चंदन ने इस संबंध में उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में लगभग दस हजार योग्य लोगों की सूची अबूआ आवास के लिए तैयार की गई थी। इसमें से सात हजार लोगों को रिजेक्ट कर दिया गया। इससे अधिकतर निराश्रित, आपदा प्रभावित, गरीब लोग अबूआ आवास की सूची से बाहर रह गए हैं। इसके अलावा प्रखंड में पीएम आवास, अंबेडकर आवास भी कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बंद है। चंदन ने योग्य ग्रामीणों का नाम अबूआ आवास सूची में जोड़ने की मांग की है ताकि गरीबों को आवास का लाभ मिल सके।

## केचकी पर्यटक स्थल घोषित पर स्वच्छता की व्यवस्था नहीं, चारों तरफ बिखरा कचरा

# थमा जश्न का दौर तो पिकनिक स्थलों पर गंदगी का साम्राज्य

**खा पीकर लौटे लोग, छोड़ आये गंदगी की निशानी हासिये पर खड़ा रो रहा स्वच्छता का स्लोगन, किसी को सुध नहीं**






**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** नये वर्ष का पहला सप्ताह गुजर चुका। इसी के साथ इस कैलेंडर वर्ष के जश्न का दौर भी थमने लगा है। नववर्ष पर पिकनिक मनाने की धूम रही। बड़ी संख्या में लोग जिले के विभिन्न पर्यटक स्थल व पिकनिक स्पाटों पर गये, खाने-खिलाने का दौर चला और सभी वापस अपने घरों को लौट गये, लेकिन अपने जश्न की निशानी उस स्थल पर गंदगी के रूप में छोड़ आये। स्वच्छता के सारे श्लोगन हासिये पर खड़े गंदगी की हालत देख आंसू बहाते रहे, लेकिन इनकी सुध किसी को नहीं रही। हैरत तो यह है कि पिकनिक स्थलों पर पहुंचने वाले लोगों की सुरक्षा का प्रशासनिक ख्याल रखा गया और सुरक्षा के प्रबंध किये गये, लेकिन स्वच्छता की रक्षा के कोई प्रबंध नहीं रहे। नतीजा लोग खा-पीकर प्लेट, ग्लास व प्लास्टिक के कई अन्य सामग्री उसी स्थान पर छोड़ आये जो अब बड़े कचरे के रूप में उन पिकनिक स्थलों पर बिखरे पड़े हैं और धीरे धीरे कोयल, ओरंगा और अमानत जैसी नदियों में फैल रहे हैं। इसकी महज एक बानगी पलामू और लातेहार जिले के सीमावर्ती केचकी में कोयल और ओरंगा नदी के संगम स्थल पर देखा जा सकता है। यहां फैली गंदगी यह गवाही दे रही है कि नूतन वर्ष की खुशी में वनभोज के आनंद के साथ प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे हैं, लेकिन इस प्रकृति की स्वच्छता का उन्हें कोई ख्याल नहीं रहा है। बताया जाता है कि दो नदियों का यह संगम स्थल पर्यटक स्थल घोषित है। यहां आने वाले सैलानियों की सुविधा के लिए कई तरह के निर्माण किये गये हैं और किये भी जा रहे हैं। यहां टुरीज्म डेवलपमेंट कोरपोरेशन द्वारा बोर्ड लगाकर इसे प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित करते हुए आने वाले सैलानियों से स्थल को साफ सुथरा रखने में सहयोग की अपील की गई है, लेकिन इस स्थल पर फैला प्लास्टिक का कचरा चीख-चीख कर बता रहा है कि बोर्ड पर की गई अपील का कोई असर यहां पहुंचने वाले सैलानी परिवारों पर नहीं पड़ा है। यह भी साफ है कि इस पर्यटक स्थल के रख रखाव की भी समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है। बता दें कि इस स्थान पर लगभग हर वर्ग के लोग आते हैं। इनमें अधिकारी, नेता व अन्य सम्भरांत परिवार के लोग भी शामिल होते हैं, जो समय समय पर दूसरों को स्वच्छता की सीख देते हैं, लेकिन यहां गंदगी फैलाने में संकोच नहीं करते। बहरहाल गंदगी का यह हाल सिर्फ केचकी के इस संगम स्थल पर ही नहीं है अपितु कोयल और अमानत नदी के भी कई घाट गंदगी के इस दर्द से पीड़ित हैं।

# 'पलामू व चतरा क्षेत्र राजद का गढ़, जीतेगा इंडिया'

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल लोटस हार्ट में राजद प्रखंड कमेटी सम्मान समारोह का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष रंजन यादव विशिष्ट अतिथि लातेहार जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जिला प्रभारी रामचंद्र चंद्रवंशी, लातेहार विस क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रीतलाल यादव ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल में दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण भी की।

मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि चतरा एवं पलामू लोकसभा क्षेत्र राष्ट्रीय जनता दल का गढ़ रहा है। आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन जीत दर्ज करेगी। भाजपा सरकार धर्म के नाम पर लोगों को लड़वाने का काम कर रही है, जिसे जनता आने वाले समय में कुर्सी से उतार देगी। वहीं प्रदेश युवा अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ तैयार है। वहीं सुरेश राम ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल अपनी नीति और सिद्धांत से कभी समझौता नहीं करता है।

## पेज एक के शेष

### राहुल की न्याय यात्रा में ...

होने का न्योता भी दिया है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की सहमति भी दे दी है। संभव है कि संथाल के किसी जिले में न्याय यात्रा के सहभागी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बनेंगे। राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य के 13 जिलों से उनके नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा होगी। ये यात्रा किस किस जिले से होकर गुजरेगी इसका रूट चार्ट अभी दिल्ली से नहीं आया है। उन्होंने कहा कि यात्रा का रूट चार्ट मिलने के बाद राजद, जदयू, आप, लेफ्ट एवं अन्य सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक की जाएगी।

### कर्तव्य पथ पर दिखेगी...

की इकाइयां चल रही हैं। तसर सिल्क की खेती, उत्पादन और कारोबार में पूरे देश में 3.5 लाख लोग जुड़े हैं। इनमें से 2.2 लाख लोग अकेले झारखंड के हैं। यहां का तसर सिल्क देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा लगभग 10 देशों में पहुंचता है। वर्ष 2022-23 में राज्य में 872 मीट्रिक टन कच्चे रेशम का उत्पादन किया गया था। जबकि, चालू वित्तीय वर्ष में 2,250 मीट्रिक टन रेशम उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है।

### 3 साल से एक ही जगह तैनात...

और इसके पीछे की वजह क्या है। जाहिर तौर पर आयोग के इस निर्देश के बाद जो भी 30 जनवरी के बाद तीन साल से अधिक समय से एक ही जगह पर जमे हुए पदाधिकारी पाये जाएंगे उन पर आयोग के द्वारा निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग के द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही है। संभावना है कि 10 मार्च के बाद किसी भी दिन चुनाव की घोषणा आयोग के द्वारा की जायेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 मार्च को गई थी और चार चरणों में मतदान संपन्न कराए गए थे, जिसे ध्यान में रखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार भी 15 मार्च तक जरूर लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बज जायेगी।

### कारोबारी की हत्या की...

कारोबार करने वालों को भी चेतावनी दी गई है। कहा गया है कि जितने भी ट्रांसपोर्टर, डीओ होल्डर, कंपनियां, छोटे-बड़े लिफ्टर और ठेकेदार काम कर रहे हैं, जल्द से जल्द संगठन से बात कर इजाजत ले लें, अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। गौरतलब है कि रांची के रातू थाना क्षेत्र स्थित आस्थापुरम कॉलोनी में कोयला कारोबारी अभिषेक को गुरुवार दिन लगभग 11 बजे उस वक्त गोलियों से भून दिया गया था, जब वह अपनी फॉर्च्यूनर कार पर सवार होकर पिपरवार कोयला साइडिंग जाने के लिए निकले थे। एक स्कॉर्पियों पर आए अपराधियों ने उनकी कार रोककर उन पर फायरिंग की थी। उन्हें आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने बूटी मोड़ स्थित मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

### ईडी ने सीएम के...

निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। तलाशी के दौरान 30 बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उन्हें फ्रीज कर दिया गया था। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

### 12 साल जायदाद से ...

सरकारी जमीन पर ये सीमा 30 साल है। जबरन कब्जे की शिकायत 12 साल के अंदर करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया 12 साल तक जमीन पर कब्जा बरकरार रहने और मालिक की ओर से आपत्ति नहीं जताने की स्थिति में वो संपत्ति कब्जा करने वाले व्यक्ति की हो जाएगी। अगर कब्जेदार को जबरन संपत्ति से बेदखल किया जाता है तो वो 12 साल के भीतर मुकदमा दायर कर सकता है और अपने हितों की रक्षा कर सकता है। सिर्फ वसीयत या पावर ऑफ अटॉर्नी से आप किसी संपत्ति के मालिक नहीं बन सकते। उपाय यह है कि अपना घर किराए पर देते समय 11 महीने का ही रेंट एग्रीमेंट बनवाएं। हालांकि 11 महीने बाद इसका नवीकरण किया जा सकता है। इससे फायदा ये होगा कि इससे निरंतरता टूट जाएगी और किराएदार शांतिपूर्ण कब्जे का दावा नहीं कर पाएगा।

# मां बाजार नहीं ले गई तो 10 साल की बच्ची ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**इतनी कम उम्र में बच्ची की ओर से आत्मघाती कदम उठाए जाने से सभी हैरान**

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़ (लातेहार)**
महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सेमरबुढ़नी में हैरान करने वाली घटना घटी है। ग्राम निवासी विहपन महली की महज 10 साल की पुत्री लक्ष्मी कुमारी ने खपरैल छत में लगे कंडी में कपड़े के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में बच्ची की मां रजनी देवी ने बताया कि गुरुवार को भाई की शादी के लिए शॉपिंग करने महुआडांड़ बाजार जा रही थी। बेटी भी साथ जाने की जिद्द कर रही थी। जिद्द करने के बावजूद उसे लेकर नहीं गई। बाजार में शॉपिंग कर रही थी, इसी दौरान ग्रामीणों की ओर से फोन पर घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही तुरंत घर वापस लौटी। वहीं घटना की जानकारी होते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव एवं पु अनि अजय कुमार दास पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि बच्ची की मां से घटना के संबंध में जानकारी मिली। इतनी कम उम्र की बच्ची द्वारा ऐसी घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की। बच्ची के शरीर पर किसी प्रकार की चोट नजर नहीं आई। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर बच्ची द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर से लोग भी हैरान है। कई लोगों का तो यह भी कहना है कि सोशल मीडिया बच्चों के भविष्य को खराब कर रहा है।

# पुरानी पेंशन योजना की बाधाओं को दूर करे सरकार : धर्मराज

**झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन शुरू**




**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन शनिवार से पुराने विधान सभा भवन के सभागार में शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष शिवकांत झा ने की। उद्घाटन झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक नवीन जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता महासंघ के मुख्य संरक्षक धर्मराज तिवारी ने सरकार का ध्यान कर्मचारियों के प्रमुख समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन उपलब्ध कराने में आ रही बाधाओं को सरकार द्वारा तत्काल दूर किया जाये। साथ ही अस्थाई व संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित किया जाये। इसके साथ ही संवर्ग के कर्मचारियों की नियमित पदोन्नति व रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना निहायत जरूरी है। मौके पर सम्मानित अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, संरक्षक केके यादव व प्रफुल्ल चंद गोराई, महासचिव राजाराम सिंह, सतीश कुमार सिन्हा, विनीत कुमार, विनोद कुमार मिश्रा, प्रभात कुमार सिंह, लालबाबू सिंह आदि मौजूद रहे।

## खेलकूद

## जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पीयूष बना मैन ऑफ द मैच

# रोमांचक मुकाबले में बीएसकेडी सात रन से जीता




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेली जा रही 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने रोमांचक मुकाबले में आरके पब्लिक स्कूल को सात रन से हराया।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर में निर्धारित ओवरों में पीयूष और सत्यम का 18-18 रनों के सहयोग से नौ विकेट खोकर 90 रन बनाए। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से शौर्य ने तीन विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारी खेलेने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम निर्धारित ओवर में शौर्य के 30 रनों की पारी की मदद से आठ विकेट खोकर 83 रन ही बना सकी। अंतिम छह गेंद में आरके पब्लिक स्कूल को 23 रन की जरूरत थी, परंतु उसके बल्लेबाज 16 रन ही जुटा सके। बीएसकेडी की ओर से पीयूष ने दो विकेट प्राप्त किये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के पीयूष को बीजेपी नेता सह खिलाड़ी अनंत दुबे, डॉ ब्रजेश कुमार पांडेय, नवनीत शुक्ला, सुशील कुमार पांडेय, गौरीशंकर कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर अनंत कुमार दुबे ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना अनिवार्य है और खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं। इसलिए हमें खेलों में भाग अवश्य लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से जहां शरीर तंदरुस्त रहता है, वहीं दिमाग में भी ताजगी बनी रहती है। डॉ. बृजेश कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी के लिए जितना पढ़ाई का महत्व है, उतना ही खेल का भी है। किताबी ज्ञान हमारा मार्गदर्शन करता है तो खेलों से जीवन में अनुशासन आता है।

नवनीत शुक्ला ने कहा कि आज का मैच काफी रोमांचक रहा है। दोनों टीमों में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। हारने वाली टीम को कभी भी हार को दिल पर लेने की जरूरत नहीं है। वे हार से सीख ले क्योंकि कभी-कभी एक अच्छा खिलाड़ी भी शून्य पर आउट हो जाता है और जिनसे लोगों को उम्मीद नहीं होती है, वही कुछ कर गुजरते हैं, आज के मैच में यही देखने को मिला है। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी, राकेश तिवारी उर्फ टाइगर, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष, धीरज, प्रिंस दुबे, प्रिंस खान आदि शामिल थे।

# दवा खाने से युवक की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के टड़हे गांव निवासी मनीष यादव पिता रामस्वरुप यादव ने डोज से अधिक दवा खाकर बीमार हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि मनीष यादव को एक सप्ताह पहले सड़क दुर्घटना में हाथ फ्रैक्चर हो गया था। वह हाथ का प्लास्टर कराने के बाद चिकित्सक की सलाह पर कैल्शियम एवं दर्द की दवा का सेवन कर रहा था। लेकिन शनिवार की सुबह में दवा खाने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। तब उसके स्वजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पीएम ने स्वस्ति मेहुल के भजन को साझा किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वस्ति मेहुल के भजन को साझा किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया- स्वस्ति जी का ये भजन एकबार सुन लें तो लंबे समय तक कानों में गूंजता रहता है। आंखों को आंसुओं से, मन को भावों से भर देता है।

### देश में कोरोना के 774 नए मामले, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 774 नए मामले सामने आए हैं और दो मरीजों की मौत हुई है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 919 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 4187 है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से एक मरीज की मौत गुजरात में और एक मरीज की मौत तमिलनाडु में दर्ज की गई है।

### केरमान बम विस्फोट से संबंधित 11 गिरफ्तार

**बीजिंग।** ईरान के खुफिया मंत्रालय ने कहा कि ईरानी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने केरमान बम विस्फोट से संबंधित 11 लोगों को गिरफ्तार किया। ईरान के खुफिया मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हमले के बाद, खुफिया मंत्रालय ने चरमपंथी संगठन इस्लामिक स्टेट के सदस्यों पर नजर रखी और सुरक्षा, पुलिस और अन्य विभागों के साथ सहयोग करके 6 प्रांतों में केरमान बमबारी से संबंधित 11 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें से दो ने आत्मघाती हमलावर को आवास उपलब्ध कराया। गिरफ्तारी अभियान के दौरान अधिकारियों ने डेटोनेटर और बम जैकेट जैसे विस्फोटक उपकरण और सामग्री भी जब्त की।

### पाक अधिकृत कश्मीर के वन क्षेत्र में लगी आग बॉर्डर तक फैली

**जम्मू।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के एक वन क्षेत्र में लगी आग भारतीय सीमा तक फैल गई है और आग की आड़ में घुसपैठ की किसी भी कोशिश को विफल करने के लिए सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि आग जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र तक फैल गई है। यह आग शुक्रवार देर रात पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में भड़की और मेंढर उपजिला के बालाकोट सेक्टर तक फैल गई है। उन्होंने कहा कि भीषण आग को देखते हुए नियंत्रण रेखा पर अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# हर साल रामनवमी पर भगवान सूर्य करेंगे श्रीराम का अभिषेक

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या की दिव्यता, भव्यता और नव्यता की झलक दिखने लगी है। ना केवल नगर में हो रहे विकास कार्यों में, बल्कि भगवान राम के भव्य मंदिर और यहां तक कि उनकी मूर्ति में भी अलौकिकता के दर्शन होंगे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से भी इस पर अपनी मुहर लगा दी गई है।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया है कि प्रभु श्रीराम की मूर्ति को इस प्रकार से बनाया गया है कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी को भगवान सूर्य स्वयं श्रीराम का अभिषेक करेंगे। भारत के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सलाह पर मूर्ति की लंबाई और उसे स्थापित करने की ऊंचाई को इस प्रकार से रखा गया है कि हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें प्रभु श्रीराम के ललाट पर पड़ेंगी।

ट्रस्ट की ओर से बताया गया है कि तीन शिल्पकारों ने प्रभु श्रीराम की मूर्ति का निर्माण अलग-अलग किया, जिसमें से एक मूर्ति को प्रभु प्रेरणा से चुना गया है। चुनी गई मूर्ति की पैर से लेकर ललाट तक की लंबाई 51 इंच है और इसका वजन डेढ़ टन है। मूर्ति की सौम्यता का बखान करते हुए कहा गया कि श्यामल रंग के पत्थर से निर्मित मूर्ति में ना केवल भगवान विष्णु की दिव्यता और एक राजपुत्र की कांति है बल्कि उसमें 5 साल के बच्चे की मासूमियत भी है।

चेहरे की कोमलता, आंखों की दृष्टि, मुस्कान, शरीर आदि को ध्यान में रखते हुए मूर्ति का चयन किया गया है। 51 इंच ऊंची मूर्ति के ऊपर मस्तक, मुकुट और आभामंडल को भी बारीकी से तैयार किया गया है। ट्रस्ट के अनुसार मूर्ति की प्रतिष्ठा पूजा विधि को 16 जनवरी से प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके अलावा 18 जनवरी को गर्भगृह में प्रभु श्रीराम को आसन पर स्थापित कर दिया जाएगा। प्रभु श्रीराम की मूर्ति की एक विशेषता यह भी है कि इसे अगर जल और दूध से स्नान कराया जाएगा तो इसका नकारात्मक प्रभाव पत्थर पर नहीं पड़ेगा। साथ ही अगर कोई उस जल या दूध का आचमन करता है तो शरीर पर भी इसका दुष्प्रभाव नहीं होगा।


श्री राम मंदिर में प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई यही मूर्ति लगाई जाएगी।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय

ऐसे में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी 2024 पौस माह के द्वादशी तिथि को चुना गया है। इस विशेष तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, रवि योग जैसे कई शुभ योग बन रहे हैं। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 12 बजकर 29 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक रहने वाला है। इस दौरान मृगशिरा नक्षत्र रहेगा।

### राम मंदिर में 15 से 22 जनवरी तक का शेड्यूल

- 15 जनवरी 2024 : 15 जनवरी को मकर संक्रांति है। साथ ही खरमास भी समाप्त हो जाएगा। इस खास दिन पर रामलला के विग्रह यानी श्री राम के बालरूप की मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा।
- 16 जनवरी 2024: इस शुभ दिन पर रामलला के विग्रह के अधिवास का अनुष्ठान शुरू होगा।
- 17 जनवरी 2024: इस खास दिन पर रामलला की प्रतिमा को नगर भ्रमण के लिए निकाला जाएगा।
- 18 जनवरी 2024: इस दिन से प्राण-प्रतिष्ठा की विधि आरंभ होगी। साथ ही मंडप प्रवेश पूजन, वास्तु पूजन, गणेश पूजन, वरुण पूजन, विघ्नहर्ता और मार्तिका पूजन होगा।
- 19 जनवरी 2024: इस शुभ दिन पर राम मंदिर में यज्ञ अग्नि कुंड की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा अरणी मंथन से यज्ञ की अग्नि प्रज्ज्वलित की जाएगी। फिर नवग्रह होम होगा।
- 20 जनवरी 2024: इस दिन राम मंदिर के गर्भगृह को 81 कलशों के जल से 'जिन्हें अलग-अलग नदियों के जल से इकट्ठा किया गया है' उनसे पवित्र किया जाएगा।
- 21 जनवरी 2024: इस तिथि को यज्ञ विधि में विशेष पूजन और हवन के बीच राम लला का 125 कलशों से दिव्य स्नान होगा। ये बहुत ही खास होगा।
- 22 जनवरी 2024: इस दिन मध्यकाल में मृगशिरा नक्षत्र में रामलला की मूर्ति गर्भगृह में स्थापित होगी। साथ ही इस दिन पूरे विधि-विधान से महापूजा होगी।

राममंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या का भी मंदिर बनाया जाएगा। इसके अलावा जटायु की प्रतिमा को यहां पहले से ही स्थापित कर दिया गया है। ट्रस्ट के अनुसार श्रीराम का मंदिर अद्भुत होगा। हालांकि, ये अभूतपूर्व नहीं होगा, क्योंकि दक्षिण भारत में ऐसे मंदिर हैं, मगर उत्तर भारत में बीते 300 साल में ऐसा कोई मंदिर निर्मित नहीं हुआ है। निर्माण करने वाले इंजीनियर भी ये मानते हैं।

पत्थर की आयु एक हजार साल होती है। धूप हवा पानी का प्रभाव पत्थर पर पड़ता है। जमीन के संपर्क में होने के कारण पत्थर नमी सोखता है। लेकिन, यहां पर पत्थर नमी नहीं सोख पाएगा, क्योंकि नीचे ग्रेनाइट लगाया गया है। इसमें लोहे का भी इस्तेमाल नहीं हुआ है, क्योंकि लोहा ताकत को कमजोर कर देता है। जमीन के नीचे एक ग्राम भी लोहा नहीं लगा है। इस प्रकार की रचना की गई है कि जैसे-जैसे आयु बढ़ेगी जमीन के नीचे एक बहुत ताकतवर चट्टान तैयार हो जाएगी।

## वाराणसी की गंगा आरती की तरह भव्य होगी अयोध्या की सरयू आरती, आठ जनवरी से शुरू होगी रामकथा



**अयोध्या** में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश प्रदेश में माहौल राममय हो गया है। वहीं, 8 जनवरी से अयोध्या में रामकथा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शनिवार को प्रमुख कथा वाचक व कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम ने दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी की गंगा आरती की तरह सरयू आरती को और भव्य बनाया जाएगा। इसके लिए संबंधित लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत 14 जनवरी से होली तक विभिन्न आयोजन होंगे। गांव, ब्लॉक, तहसील स्तर पर आध्यात्मिक स्थल व मंदिरों को सजाकर सांस्कृतिक आयोजन, रामायण पाठ, रामलीला, भजन, कीर्तन और कलश यात्रा निकाली जाएगी। 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक स्थल और मंदिरों आदि में जनसहभागिता से दीपोत्सव व घर-घर में राम ज्योति जलाने की अपील की गई है। अयोध्या में आठ जनवरी से प्रमुख कथा वाचक की कथाएं 24 मार्च तक चलती रहेंगी। 14 जनवरी से 24 मार्च तक सुबह छह बजे से राम की पैड़ी पर शास्त्रीय, उपशास्त्रीय गायन-वादन होगा। शाम को रामायण बैले, नृत्य नाटिका, भक्ति संगीत और लोकनृत्य आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामोत्सव के तहत अयोध्या में बाल कवि व महिला कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान किस्सागोई की संगीत मय प्रस्तुति भी होगी। इसके अलावा, राम की पैड़ी पर सामूहिक शंखवादन का रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

# 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो हुआ लॉन्च

## 14 जनवरी से यात्रा, मित्र दलों को भी आमंत्रण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हम 14 जनवरी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू कर रहे हैं। यात्रा से जुड़ने के लिए इंडिया गठबंधन के नेताओं, कांग्रेस के मित्र दलों और सिविल सोसाइटी को भी आमंत्रित किया गया है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर राहुल गांधी का कहना है, हम फिर आ रहे हैं अपनों के बीच, अन्याय और अहंकार के विरुद्ध न्याय की ललकार लेकर। सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मिलने तक। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 14 जनवरी से मणिपुर से मुंबई तक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की जा रही है। इस दौरान 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से हम जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा', देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने की ओर हमारा एक मजबूत कदम है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली जा रही है।




### सरकार ने हमें संसद में बोलने नहीं दिया

खरगे ने कहा कि जब हमने संसद में देश से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश की तो सरकार ने हमें बोलने नहीं दिया। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसलिए, हम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से लोगों के बीच जा रहे हैं ताकि हम अपनी बात उनसे कह सकें और समाज के हर वर्ग से मिलकर उनकी बात सुन सकें। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस बार न्याय होकर रहेगा, हर कमजोर को हक मिल के रहेगा। उन्होंने कहा कि हम महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, मजदूरों की बुरी हालत, अमीर-गरीब के बीच में बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दों पर जन जागरण करेंगे।

#### यात्रा किसानों-छोटे व्यापारियों को जोड़ने का भी प्रयास

कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का मंच एनजीओ, पत्रकारों, किसान, छोटे व्यापारी, दलित-पिछड़े वर्ग, आदिवासियों और बौद्धिक वर्ग को जोड़ने का भी है। यह यात्रा केवल अपनी बात जनता तक पहुंचाने का नहीं बल्कि जनता की आवाज और उनकी समस्याओं को सुनने का भी मंच है। करोड़ों देशवासियों की मोहब्बत और दुआएं साथ लेकर, तानाशाही और अहंकार को करारा जवाब देने।

### खान यूनिस शहर में इजरायली हवाई हमले में 13 लोग मारे गए

**गाजा।** स्थानीय मीडिया ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में एक बसे हुए घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए के अनुसार, मृतकों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं, जबकि हवाई हमले में कई अन्य घायल भी हुए हैं। स्थानीय सूत्रों ने समाचार एजेंसी शन्हिुआ को बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने शनिवार सुबह मध्य गाजा पट्टी में देर अल-बलाह पर भी हमला किया, इसमें कई लोग मारे गए या घायल हो गए। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने 24 घंटों में हमास-नियंत्रित क्षेत्र पर 15 हमले किए।

**पश्चिम बंगाल राशन घोटाला मामला**

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व चेयरमैन शंकर आध्या को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

टीएमसी नेता और उत्तर 24 परगना में बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या को शनिवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैराथन पूछताछ के बाद उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राशन वितरण के कथित घोटाले में करीब 17 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने आज तड़के आध्या को गिरफ्तार कर लिया। यह घोटाला कथित तौर पर 2011-2021 के बीच मलिक के खाद्य मंत्री के कार्यकाल के दौरान किया गया था। उन्होंने बताया कि ईडी अनिवार्य चिकित्सा परीक्षण के बाद दिन में आध्या को न्यायिक प्रक्रिया के लिए एक विशेष अदालत के समक्ष पेश करेगी। सूत्रों के अनुसार आद्या की गिरफ्तारी शुक्रवार को उत्तर 24 परगना के सरबेरिया, संदेशखाली में टीएमसी समर्थकों के एक वर्ग द्वारा ईडी की एक अन्य टीम के साथ मारपीट के कुछ घंटों बाद हुई। सूत्रों ने बताया कि बंगाल पुलिस ने इस सिलसिले में दस संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सहजान शेख के गेट अंदर से बंद होने कारण ईडी ने जवाब पाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बाद में गेट तोड़ने की कोशिश की। यह देखकर टीएमसी समर्थकों ने कथित तौर पर केंद्रीय सशस्त्र बलों की मौजूदगी में ईडी अधिकारियों की पिटाई शुरू कर दी। सूत्रों ने बताया कि हमलों में ईडी के दो अधिकारी घायल हो गए, उनमें से एक को सिर में चोट लगी। इस दौरान, मीडियाकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई और उनके कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए गए। प्रेस क्लब, कोलकाता ने इन हमलों की निंदा की।



## स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु और अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए साथ आएंगे 23 आईआईटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सस्ती स्वास्थ्य सेवा, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, जलवायु परिवर्तन, ई-परिवहन, स्वच्छ ऊर्जा सहित सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी, रक्षा और अंतरिक्ष इंडस्ट्री 4.0 को आगे बढ़ाने के लिए देश के सभी 23 आईआईटी एक मंच पर आ रहे हैं। आईआईटी हैदराबाद शिक्षा मंत्रालय के अग्रणी कार्यक्रम इन्वेंटिव-2024 का 19 और 20 जनवरी 2024 को आयोजन करेगा। इस विशाल शोध और विकास (आर एंड डी) सम्मेलन में यह पांचों महत्वपूर्ण विषय रखे जाएंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी मौजूद रहेंगे। धर्मेन्द्र प्रधान का कहना है, इन्वेंटिव-2024 के पीछे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जन अनुसंधान' के मंत्र की प्रेरणा है। यह देश के अंदर अनुसंधान और नवाचार के इकोसिस्टम को मजबूत करने के एकजुट प्रयास की खास पहल है। इन्वेंटिव-2024 के दूसरे संस्करण का आयोजन आईआईटी हैदराबाद कर रहा है, जिसमें एक बार फिर नवाचार और उद्यमिता का उत्साह दिखेगा तथा उद्योग और शिक्षा जगत एकजुट हो कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने की नई रूपरेखा तय करेंगे।

### मेक्सिको में विमान दुर्घटना में 4 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** उत्तरी मेक्सिको के कोहुइला राज्य के एक शहर रामोस एरीजपे में एक हवाई अड्डे पर एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रामोस एरिजपे नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन विभाग के सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि शुक्रवार को हुई दुर्घटना का कारण अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है।

## डॉ. राजीव शाह न्यूयॉर्क फेड निदेशक मंडल में हुए नामित

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

रॉकफेलर फाउंडेशन के भारतीय-अमेरिकी अध्यक्ष डॉ. राजीव शाह को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क के निदेशक मंडल में नामित किया गया है। फेडरल रिजर्व सिस्टम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने शाह को 31 दिसंबर, 2026 को समाप्त होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए क्लास सी निदेशक के रूप में नियुक्त किया। फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, न्यूयॉर्क फेड के निदेशक मंडल में क्लास सी निदेशक जनता के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं, शाह ने 2017 से द रॉकफेलर फाउंडेशन का नेतृत्व किया है, जो एक परोपकारी संस्था है, जिसका मिशन दुनिया भर के लोगों की भलाई को बढ़ावा देना है। फाउंडेशन में शामिल होने से पहले, वह लैटीट्यूड कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध भागीदार थे, जो एक निजी इक्विटी फर्म है, जो अफ्रीका और एशिया में बुनियादी ढांचे व ऊर्जा परियोजनाओं पर केंद्रित है। 2009 से 2015 तक, उन्होंने यूएसएआईडी के प्रमुख के रूप में कार्य किया। उस भूमिका में, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में कार्य किया, हैती में 2010 के भूकंप और 2014 के पश्चिम अफ्रीकी इबोला महामारी के लिए अमेरिकी प्रतिक्रियाओं का नेतृत्व किया, और वैश्विक खाद्य सुरक्षा अधिनियम और विद्युतीकृत अफ्रीका अधिनियम के पारित होने के लिए द्विदलीय समर्थन हासिल किया। यूएसएआईडी में शामिल होने से पहले, शाह ने अमेरिकी कृषि विभाग में अनुसंधान, शिक्षा और अर्थशास्त्र के लिए मुख्य वैज्ञानिक और अवर सचिव के रूप में कार्य किया।



**प्रतिघात** मार्कोस ने हथियार बंद अपहर्ताओं पर की जवाबी कार्रवाई

## वाणिज्यिक जहाज से सभी 21 लोगों को बचाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के विशिष्ट समुद्री कमांडो 'मार्कोस' ने उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज के अपहरण के प्रयास पर कार्रवाई करते हुए हुए शुक्रवार को 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को बचा लिया। इस जहाज को पांच-छह हथियारबंद लोगों ने अपहरण करने की कोशिश की थी।

नौसेना ने एमवी लीला नॉरफोक को अपहृत करने की कोशिश के बाद मदद के लिए एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान, हेलीकॉप्टर और पी-8आई और लंबी दूरी के विमान और प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन तैनात किए। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, जहाज पर सवार 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।



उन्होंने कहा, मार्कोस कमांडो ने जहाज की जांच की और वहां अपहर्ताओं के नहीं होने की पुष्टि की। समुद्री डाकुओं ने वाणिज्यिक जहाज को अपहृत करने की कोशिश संभवतः भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पहुंचने और गश्ती विमान की सख्त चेतावनी के बाद छोड़ दी।

मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई, एमवी लीला नॉरफोक के आसपास है और यह जहाज में विद्युत उत्पादन और प्रणोदन को बहाल करने के अलावा अगले बंदरगाह तक पहुंचाने में सहायता कर रहा है। इससे पहले दिन में, नौसेना ने अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत आईएनएस चेन्नई को वाणिज्यिक जहाज की मदद के लिए भेजा और युद्धपोत ने जहाज को अपराह्न सवा तीन बजे रोक लिया। नौसेना ने बताया कि उसने समुद्री गश्ती विमान पी8आई और प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन की मदद से अपहृत जहाज पर नजर रखी।

मधवाल ने कहा, मिशन में तैनात युद्धपोत पर मौजूद भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो वाणिज्यिक जहाज पर पहुंचे और बचाव अभियान को अंजाम दिया। एमवी लीला नॉरफोक ने यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस पोर्टल पर एक संदेश भेजा जिसमें बताया गया कि बृहस्पतिवार शाम को पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मी जहाज पर सवार हो गए हैं। इससे पहले नौसेना ने कहा था कि क्षेत्र की अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थिति पर 'करीबी नजर' रखी जा रही है। नौसेना ने कहा कि घटनाक्रम पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए उसने समुद्री गश्त शुरू की और जहाज की सहायता के लिए समुद्री सुरक्षा संचालन के लिए तैनात आईएनएस चेन्नई का मार्ग परिवर्तित कर दिया।

**फिल्म जगत**

## जाह्नवी कपूर के बॉयफ्रेंड संग पार्टी करते स्पॉट हुई सारा तेंदुलकर, वीडियो वायरल



**जाह्नवी** कपूर बहन खुशी कपूर के साथ करण जौहर के शो कॉफी विद करण में नजर आईं। इस शो में जाह्नवी ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर कमेंट किए। उन्होंने अपनी लव लाइफ को लेकर भी बड़ा खुलासा किया। उन्होंने साफ किया है कि वह शिखर पहाड़िया के साथ रिलेशनशिप में हैं। इसके बाद दोनों का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे आंध्र प्रदेश में देवदर्शन करने पहुंचे। जाह्नवी और शिखर एक दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों पहले एक-दूसरे को डेट कर रहे थे लेकिन किसी वजह से उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि बाद में ये फिर से एक हो गए और अब ये रिलेशनशिप में हैं। उन्हें अक्सर देवदर्शन जाते हुए भी देखा जाता है। शुक्रवार को जाह्नवी कपूर शिखर पहाड़िया के साथ आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रार्थना करने गईं। उनका और शिखर का दर्शन के लिए जाते हुए वीडियो वायरल हुआ था। अब शिखर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह सारा तेंदुलकर के साथ हैं। शिखर और सारा ने दोस्तों के साथ मिलकर पार्टी की। बाद में दोनों कार में एक-दूसरे से बातचीत करते नजर आते हैं। उनके इस वीडियो को पैपराजी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। शिखर और सारा अच्छे दोस्त हैं। अब इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बीच नेटिजेंस इस वीडियो पर मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं।